जबलपुर

शुक्रवार 13 मार्च 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष–11

वर्ष : 20, अंक : 311

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

मौसम

अधि. 32

न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


भोपाल में 30-31 मार्च को युवा विधायकों का सम्मेलन

## मप्र-छग और राजस्थान के 70 से ज्यादा विधायक होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश विधानसभा के विधान परिषद भवन में 30 और 31 मार्च को युवा विधायक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवा विधायकों के प्रशिक्षण और अनुभव साझा करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें विधायकों को नीति निर्माण, स्थानीय प्रशासनिक कार्य और संसदीय कार्यशैली के बारे में गहन जानकारी मिलने का मौका मिलेगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने कहा कि इस सम्मेलन में तीनों राज्यों के लगभग 70 से 80 युवा विधायक भाग लेंगे। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से आने वाले विधायकों की लिस्ट पहले ही मांगी जा चुकी है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी विधायक 45 वर्ष से कम उम्र के होंगे, ताकि युवा प्रतिनिधियों के बीच विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान हो सके।

### लोकसभा अध्यक्ष सहित कई हस्तियां हो सकतीं हैं शामिल

*सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्षों को भी विशेष आमंत्रण भेजा गया है। आयोजकों का कहना है कि वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति सम्मेलन को अनुभव और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिहाज से महत्वपूर्ण बनाएगी। कार्यक्रम स्थल, बैठकों का शेड्यूल और प्रतिभागियों के आवागमन की योजना पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में सत्र, परिचर्चा और अनुभव साझा करने वाले कार्यक्रम होंगे।*

सागर में रूह कंपा देने वाली घटना

## 4 बेटियों को बारी-बारी से कुए में फेंका, फिर मां ने लगा ली फांसी



शव निकालते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक ही परिवार के पांच सदस्यों के लिए खेत का कुआं काल बन गया। एक महिला ने पहले अपनी 4 मासूम बेटियों को कुए में फेंका और बाद में खुद भी पेड़ पर फंदा बनाकर झूल गई। जिसने भी इस घटना को के बारे में सुना दहल उठा। मामला केसली थाना क्षेत्र के टाडा चौकी के खमरिया गांव का है। पुलिस के अनुसार खमरिया निवासी 30 वर्षीय सविता लोधी ने पारिवारिक कलह से अपनी चार बेटियों को कुए में फेंककर खुद ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बेटियों में सबसे बड़ी की उम्र 7 साल है और सबसे छोटी बेटी की उम्र 5 महीने थी। सविता ने कलेजे पर पत्थर रखकर पहले मासूमों को खेत पर कुए में फेंका, जब उसने देखा कि सभी डूब गईं तो फिर, खुद भी जान दे दी। ग्रामीणों ने जो कहानी सुनाई उसमें सविता का पति चंद्रभान लोधी ट्रक चलाता है और वह महीनों तक वह घर नहीं आता है। जिसकी वजह से महिला परेशान रहती थी। घरेलू कलह इसमें बड़ी वजह मानी जा रही है, फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गांव वालों की मदद से बच्चियों के शव निकलवाए। ग्रामीणों ने गोता लगाकर बच्चियों के शव को खोज कर बाहर निकाला। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची थी।

अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध से तेल व गैस संकट और गहरा हुआ

### संसद में बोली सरकार-देश में अभी पर्याप्त पेट्रोल-डीजल और गैस, लंबे समय तक हालात से निपटने को तैयार

## 40 देशों से ले रहे क्रूड ऑयल, 70 फीसदी तेल होर्मुज के इतर अन्य रूटों से भी आ रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

और गहराते तेल व गैस संकट के बाद केंद्र सरकार ने देश को संसद से आश्वस्त किया है। हालांकि, गैस एजेंसियों पर लगी लंबी-लंबी कतारों और करीब 900 रु का सिलेंडर करीब 4 हजार में मिलने की खबरों के बीच लोकसभा में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत 40 देशों से क्रूड ऑयल ले रहा है। गैस-सिलेंडर पर पैनिक होने की कोई बात नहीं है। 70 फीसदी तेल होर्मुज के इतर अन्य रूटों से भी आ रहा है। देश में अभी पर्याप्त पेट्रोल-डीजल और गैस है। लंबे समय तक हालात से निपटने को हम तैयार हैं। पिछले पांच दिनों में, रिफाइनरी के निर्देशों के जरिए एलपीजी का प्रोडक्शन 28% बढ़ा दिया गया है और असल में आगे की खरीद चल रही है। सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों, खासकर गरीबों और जरूरतमंदों की रसोई में किसी भी तरह की कमी न हो। घरेलू सप्लाई पूरी तरह से सुरक्षित है और डिलीवरी साइकिल में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कार्गो को यूनाइटेड स्टेट्स, नॉर्वे, कनाडा, अल्जीरिया और रूस से मंगाया जा रहा है। लाइबेरिया ध्वज वाला शेनलॉन्ग नाम का सुएजमैक्स टैंकर 1,35,335 मीट्रिक टन से ज्यादा सऊदी क्रूड ऑयल लेकर बुधवार को मुंबई पहुंचा है। यह जहाज दो हफ्ते से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष के बाद होर्मुज से गुजरकर भारत पहुंचने वाला पहला बड़ा क्रूड टैंकर है। ये जहाज रास तनूरा बंदरगाह से 1 मार्च को लोड होकर निकला था और 8 मार्च को होर्मुज से गुजरा। इस दौरान जहाज ने ट्रैकिंग सिस्टम को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था, ताकि विवादित इलाके में सुरक्षित गुजर सके। गृह मंत्रालय ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय से संपर्क साधा है। तीनों विभाग मिलकर फैक्ट चेक करने और सही सूचना देने के काम में जुटे हैं। इस बीच हालात संभालने के लिए केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ मीटिंग की है। ऐसा इसलिए ताकि कानून व्यवस्था को बनाए रखा जा सके और अफवाहों से उपजे हालातों से भी निपटने में मदद मिले।

यूपीएससी में नियुक्तियों पर राहत

### आय के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर का 'दर्जा' नही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


■ यह पदों व स्थिति को देखकर किया जाए

ओबीसी क्रीमी लेयर के निर्धारण मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने अहम टिप्पणी की। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि केवल अभिभावकों की सैलरी के आधार पर किसी की श्रेणी का निर्धारण नहीं किया जा सकता। आरक्षण के इस मामले में अभ्यर्थी के क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता या अभिभावकों की सैलरी के आधार पर नहीं किया जा सका।

बरामद पत्र में लिखा भावुक संदेश

### इंदौर के किशोर ने प्रेमानंद महाराज के लिए छोड़ा घर


■ पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर तलाश शुरू की

**इंदौर।** मोबाइल पर प्रेमानंद महाराज के वीडियो और रील देखने वाले एक 15 वर्षीय किशोर पर उनकी बातों का इतना प्रभाव पड़ा कि वह घर छोड़ कर निकल गया। उसने परिवारवालों के लिए एक पत्र भी छोड़ा। जिसमें लिखा कि- मां, पापा, भैया और दीदी मैं अपने असली परिवार के पास जा रहा हूं। आप लोग मुझे खोजना मत और न ही रोना। मैं अपने माता-पिता के पास जा रहा हूं। परिजनों ने किशोर के लापता होने पर थाने में रिपोर्ट लिखवाई। घटना इंदौर की कृष्णपुरा कॉलोनी में हुई। जांच में पता चला कि किशोर ने देहरादून जाने वाली ट्रेन भी गूगल पर सर्च की।

बेवजह जाति प्रमाण के आवेदन रिजेक्ट किए

### दीक्षा भगोरे को पंधाना के एसडीएम के पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा


■ सांवले को एसडीएम का चार्ज

कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे को पंधाना एसडीएम पद से हटा दिया है। उन्हें कलेक्ट्रेट कार्यालय में अटैच कर दिया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भगोरे के एसडीएम कार्यकाल की जांच होना चाहिए। इसके लिए भोपाल जाकर मुख्य सचिव से मिलेंगे और जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि एसडीएम रहते हुए दीक्षाभगोरे ने सरकारी जमीनों पर कब्जे करवाए हैं। साथ ही आदिवासियों के साथ अन्याय किया है।

रेत से भरे ट्रैक्टर ने बाइक सवार परिवार को रौंदा

### दंपती की मौके पर मौत, 2 साल की बेटी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

जिले के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में पचोखरा मोड़ के पास बुधवार रात रेत से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 2 साल की बेटी गंभीर रूप से घायल है। तीन महीने की एक और बच्ची झाड़ियों में गिरने से सुरक्षित है और पुलिस ने गुरुवार सुबह शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार, पंडोखर थाना क्षेत्र के ग्राम सदका निवासी भूपेंद्र परिहार अपनी पत्नी रोशनी परिहार के साथ बुधवार को अपनी बहन के घर गए थे। उनके साथ दो साल की बेटी रुचि और तीन माह की एक अन्य बेटी भी ग्राम पचोखरा गई हुई थी। रात करीब 8 बजे पूरा परिवार एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान इंदरगढ़ क्षेत्र के पचोखरा मोड़ के पास खेरोना रेत खदान से रेत भरकर आ रहे सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में भूपेंद्र और उनकी पत्नी रोशनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत मदद की और दोनों बच्चियों को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने मौके पर मौजूद ट्रैक्टर-ट्रॉली को आग के हवाले कर दिया। हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक अपना वाहन मौके पर ही छोड़कर वहां से फरार हो गया था।




# देश के लिए बलिदान देने वालों का सम्मान करो, वॉर मेमोरियल से आपको परेशानी क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई देहरादून में वॉर मेमोरियल से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि ड्यूटी के दौरान शहीद हुए लोगों का सम्मान करें। सीजेआई सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से पूछा कि क्या आपको वॉर मेमोरियल के निर्माण से आपको क्या दिक्कत हहो रही है। सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा जनवरी में सुनाए गए आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा थी। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने जनवरी में एक पिटीशन खारिज कर दी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि देहरादून जिले में जिस जमीन पर वॉर मेमोरियल 'सैन्य धाम' बनाया जाना था, वह फॉरेस्ट लैंड है और इसलिए उस पर कंस्ट्रक्शन के लिए इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

## देहरादून में वॉर मेमोरियल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शख्स, सीजेआई ने लगाई फटकार

### पिटीशनर पर कितनी कॉस्ट लगाई जानी चाहिए?



पिटीशनर की तरफ से पेश वकील ने दावा किया कि वहां वॉर मेमोरियल भी ठीक से नहीं बनाया जा रहा है। बेंच ने कहा कि ये सभी शरारत से बनाई गई रिट पिटीशन हैं और वकील से पूछा कि पिटीशनर पर कितनी कॉस्ट लगाई जानी चाहिए? पीठ ने कहा कि वह 1 लाख रुपए के जुर्माने के साथ पिटीशन खारिज कर देगी। इसके बाद पिटीशनर की ओर से पेश वकील ने पिटीशन वापस लेने की इजाजत मांगी, जिसे बेंच ने मान लिया। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा और मामले को एक महीने बाद के लिए सूचीबद्ध किया। कोर्ट ने आदेश दिया कि नोटिस जारी करें।

### शो कॉज नोटिस जारी करेंगे

याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट को इस पिटीशन को बहुत ज्यादा कॉस्ट लगाकर खारिज कर देना चाहिए था। सीजेआई ने कहा कि हम उसे (पिटीशनर) शो कॉज नोटिस जारी करेंगे। उसे आकर बताने दें और हम इस बात की जांच करेंगे कि वह किसके कहने पर यह पिटीशन फाइल कर रहा है।

**डीजीपी की नियुक्ति मामले में सीजेआई भड़के**

## पश्चिम बंगाल सरकार डीजीपी को राज्यसभा भेजने में व्यस्त लग रही



पश्चिम बंगाल में डीजीपी की नियुक्ति से जुड़े मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश (सूर्यकांत ने बड़ी टिप्पणी की है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि 'पश्चिम बंगाल सरकार राज्यसभा में डीजीपी को भेजने में ज्यादा व्यस्त है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार टीएमसी के सदस्य के रूप में राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 5 फरवरी, 2026 को कहा था कि राज्य दो साल के तय समय वाले रेगुलर पुलिस डायरेक्टर-जनरल के अपॉइंटमेंट से बच रहे हैं और इसके बजाए अपनी पसंद के एक्टिंग पुलिस चीफ चुन रहे हैं, जो 20 साल पुराने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है। कोर्ट ने 2006 में प्रकाश सिंह केस में एक फैसले में यह साफ कर दिया था कि डीजीपी के ऑफिस को पॉलिटिकल या दूसरे बाहरी दबावों से अलग रखा जाना चाहिए और सरकारों को पॉलिटिक्स और लॉ एनफोर्समेंट को मिलाने के खिलाफ चेतावनी दी थी।

**सांसद पर सीजेआई ने ली चुटकी**

### ओह... तो अब आप वर्चुअली पेश होने लगीं?



*सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने गुरुवार को सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी वर्चुअली पेश हुईं, तो यह देखकर सीजेआई मुस्कुरा उठे। उन्होंने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि ओह तो अब आप वर्चुअली पेश होने लगी हैं। आप तो हमेशा हमारी मदद के लिए यहां फिजिकली मौजूद रहती थीं। इस पर सीनियर एडवोकेट गुरुस्वामी ने कहा, नहीं मीलॉर्ड... सिर्फ इस बार के लिए। मैं दिल से माफी मांगती हूं। इस पर सीजेआई ने मुस्कुराते हुए कहा कि नहीं-नहीं। यह ठीक है। सीजेआई के अलावा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली भी मौजूद थे।*

**खबर संक्षेप**

### प्लांट में प्रबंधक और उप प्रबंधक की हत्या

**बदायूं।** यहां हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के प्रबंधक और उप



प्रबंधक की हत्या कर दी गई। हमलावर ने गुरुवार दोपहर प्लांट में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। प्लांट के प्रबंधक सुधीर गुप्ता और उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं।बताया जा रहा है कि 2-3गोलियां दोनों को मारी गई हैं।

### कोर्ट ने सावरकर टिप्पणी केस में राहुल को दी राहत


**नासिक।** कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सावरकर पर 2022 में की गई टिप्पणी को



लेकर दर्ज मानहानि मामले को नासिक की एक आपराधिक अदालत ने बंद कर दिया है। यह टिप्पणी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हुई थी।केस देवेंद्र भूटाडा, नासिक स्थित निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष ने दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था टिप्पणियां अपमानजनक थीं।

### रवि ने ली बंगाल के राज्यपाल पद की शपथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल आरएन रवि ने गुरुवार को कोलकाता स्थित लोकभवन में



22वें राज्यपाल के रुप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें सॉजय पॉल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य की सीएम ममता बनर्जी सहित कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे। यहां के लोकभवन में समारोह सुबह करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुआ।

### मुझे सिर तन से जुदा करने की धमकी दी जा रही


**मुंबई।** निर्देशक और स्क्रिप्ट राइटर सनोज मिश्रा का दावा है कि उन्हें सिर तन से जुदा करने की धमकी



दी जा रही है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह बात कही है। मिश्रा ने ही प्रयागराज महाकुंभ से खूबसूरत आंखों के कारण चर्चा में आईं मेला विक्रेता मोनालिसा को एक्टिंग डेब्यू कराया। मोनालिसा ने एक मुस्लिम युवक से शादी रचाई है।

### योग दिवस की तैयारियां शुरू, आयोजन आज

**नई दिल्ली।** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान 13 मार्च को विज्ञान भवन में योग महोत्सव-2026 का



आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए 100 दिन शेष रहने की शुरुआत का प्रतीक होगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा।आयुष मंत्रालय ने विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर 100 दिन शेष अभियान की शुरुआत की है।

**लोकसभा अध्यक्ष बिरला अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद आसंदी पर बैठे ▶▶ सांसदों को हिदायत दी और बोले-**

# भारत के लोकतंत्र और उसके संविधान पर सभी को गर्व होना चाहिए, सदन में अनुशासन और मर्यादा का पालन करना जरूरी


## ▶▶ सदन के भीतर प्रत्येक सदस्य नियमों और प्रक्रियाओं के तहत अपने विचार रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बुधवार को ध्वनिमत से खारिज होने के बाद गुरुवार को अध्यक्ष के आसन पर बैठे। उन्होंने कहा कि भारत के संसदीय इतिहास में तीसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर संकल्प आया और इस पर दो दिनों तक 12 घंटे से अधिक चर्चा हुई।

उनका हमेशा प्रयास रहा है कि सदन के भीतर प्रत्येक सदस्य नियमों और प्रक्रियाओं के तहत अपने विचार व्यक्त कर सके और सभी को पर्याप्त अवसर मिले। बिरला ने कहा कि भारत के लोकतंत्र और उसके संविधान पर सभी को गर्व होना चाहिए। सदन में सहमति और असहमति की एक महान परंपरा रही है। मैंने हमेशा कोशिश की है कि सदन में संतुलन बना रहे और सभी की आवाज सुनी जाए। संसद में सभी के लिए नियम समान हैं और किसी को भी नियमों से ऊपर नहीं माना जा सकता।बिरला ने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को भी सदन में बोलने से पहले नोटिस देना पड़ता है।

### संसद में सभी के लिए नियम समान चाहे वे प्रधानमंत्री ही क्यों न हों?



### नियमों से परे किसी को बोलने का अधिकार नहीं

*स्पीकर ने स्पष्ट किया कि नियमों से परे जाकर किसी को बोलने का अधिकार नहीं दिया जा सकता और सदन केवल प्रक्रिया के अनुसार ही चलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चेयर के पास ऐसा कोई बटन नहीं होता जिससे किसी सांसद का माइक बंद या चालू किया जा सके। सदस्य तभी बोल सकते हैं जब उनकी बारी आती है।*

### मैं संसद में संवैधानिक गरिमा के लिए प्रतिबद्ध

*बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि संसद में सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाता है और सदन की कार्यवाही हमेशा नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार चलती है। बिरला ने कहा कि वे उन सभी सांसदों के आभारी हैं, जिन्होंने उनकी कार्यप्रणाली से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संसद में संवैधानिक गरिमा और मर्यादा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।विपक्ष के इस आरोप पर कि उन्हें सदन में बोलने का पर्याप्त मौका नहीं दिया गया, लोकसभा की कार्यवाही तय नियमों और प्रक्रियाओं के तहत चलती है। उन्होंने कहा कि किसी भी सदस्य को सदन में बोलने से पहले स्पीकर की अनुमति लेना अनिवार्य होता है।*

### विपक्ष ने कई बार नियमों का पालन नहीं किया

बिरला ने कहा कि संसद में कोई भी फोटो, दस्तावेज, उद्धरण या छपी हुई सामग्री सदन में पेश करने से पहले स्पीकर की अनुमति लेनी पड़ती है। उन्होंने संकेत दिया कि विपक्ष ने कई बार इन नियमों का पालन नहीं किया, जिसके कारण उन्हें कठिन फैसले लेने पड़े।सांसदों के निलंबन को लेकर उठे सवालों पर ओम बिरला ने कहा कि वे किसी भी सदस्य को निलंबित करना नहीं चाहते, लेकिन कभी-कभी सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे फैसले लेने में दुख होता है, लेकिन यह भी देखना चाहिए कि आखिर निलंबन की नौबत क्यों आती है। जब संसद के नियमों का उल्लंघन होता है, तब मुझे अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है।

### स्पीकर के पास सदन में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की शक्ति

उन्होंने बताया कि नियम 377 के तहत स्पीकर के पास सदन में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की शक्ति होती है। विपक्ष की महिला सांसदों के विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए स्पीकर ने कहा कि जब कुछ सांसद तख्तियां लेकर ट्रेजरी बेंच की ओर बढ़े, तब संसद की गरिमा की रक्षा के लिए उन्हें कार्रवाई करनी पड़ी।ओम बिरला ने कहा कि उन्होंने हमेशा सदन की गरिमा बढ़ाने और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने की कोशिश की है और आगे भी इसी भावना के साथ काम करते रहेंगे।

**राहुल पर निशिकांत का बड़ा आरोप**

### रूस, अमेरिका, चीन तीनों भारत पर हमला करेंगे तब ठंडक पहुंचेगी



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी पर बहुत बड़ा हमला बोला है। उन्होंने राहुल पर आरोप लगाया है कि जब रूस, अमेरिका और चीन मिलकर भारत पर हमला कर देंगे तो उनके कलेजा को ठंडा पहुंचेगा, क्योंकि इससे भारत को तोड़ने वाला जॉर्ज सोरोस का एजेंडा सफल हो जाएगा। दुबे ने राहुल की ओर से लगातार प्रधानमंत्री और उनकी सरकार पर आरोप लगाने और तंज भरने के बाद उन पर इस तरह से पलटवार किया है। राहुल लगातार 'मोदी कंप्रोमाइज्ड' वाला एजेंडा चला रहे हैं और अब कहने लगे हैं कि पश्चिम एशिया संकट से वह लोगों को नहीं घबराने को कह रहे हैं और खुद ही घबराए हैं कि संसद भी नहीं आते।

**राहुल ने उठाया एलपीजी व तेल का मुद्दा**

### गैस और ईंधन बड़ी समस्या बना, हमारी ऊर्जा से समझौता किया गया, पुरी का भी लिया नाम



लोकसभा में राहुल गांधी ने अमेरिकी यौन अपराधी एपस्टीन फाइल्स का जिक्र कर दिया और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी पर निशाना साधा। इस पर बिरला ने कड़ी आपत्ति जताई। राहुल ने इस दौरान एपस्टीन फाइल्स का जिक्र करते हुए कहा कि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी खुद को एपस्टीन का दोस्त बताते हैं। बिरला ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि नियमों के हिसाब से बोलें। राहुल ने कहा कि यह एक पहेली रही है और मैं इसे समझने की कोशिश कर रहा था। अब मुझे लगता है कि मैंने इसे सुलझा लिया है और यह पहेली समझौते की है। राहुल ने कहा कि हमारे यहां एक सज्जन बैठे हैं, जो तेल मंत्री है।. उन्होंने खुद कहा है कि वह एपस्टीन के दोस्त हैं। राहुल के इतना कहते ही हंगामा शुरू हो गया। बिरला ने भी आपत्ति जताई। राहुल ने हंगामे के बीच कहा कि मैं देश के हित, तेल सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा की बात कर रहा हूं। मेरे पास एक डॉक्यूमेंट है जिसमें एग्रेसिव फंडिंग का जिक्र है। बिरला ने राहुल को टोकते हुए कहा कि आपने जिस विषय पर नोटिस दिया है, उस पर ही बोलिए। उससे अलग मुद्दे पर बोलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। सदन ऐसे नहीं चलेगा।

### मानसिकता बदलें, भारत के लोग सुरक्षित रहें

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि गैस और ईंधन एक बड़ी समस्या बनने वाले हैं क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा से समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि यह ईरान के होर्मुज क्षेत्र से तेल के जहाजों को आने की अनुमति देने या न देने से भी बड़ा मुद्दा है। बकौल राहुल गांधी पश्चिम एशिया में हो रहा युद्ध मूल रूप से वर्तमान विश्व व्यवस्था के बारे में है। अस्थिर समय को देखते हुए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि संभावनाओं पर गहराई से विचार करे, जिससे देश के लोगों को नुकसान न उठाना पड़े।

### भारत के लोग सुरक्षित रहने चाहिए

ऊर्जा सुरक्षा पर चिंता और इस मुद्दे पर सियासत के आरोपों को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि वेकोई राजनीतिक बयान नहीं दे रहे हैं। यदि समस्या ईरान के स्तर पर भी हल हो जाए, तब भी यह संकट दूर नहीं होगा। दुनिया की संरचना बदल रही है। पीएम मोदी को यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत के लोग सुरक्षित रहें। उम्मीद है कि सरकार विपक्ष की बात सुनेगी।

**राष्ट्रपति ने वैश्विक सम्मेलन में कहा**

## कृषि और खाद्य क्षेत्र में महिलाओं को ज्यादा भूमिका मिलनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि कृषि एवं कृषि-खाद्य क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को नीति निर्माण, निर्णय-प्रक्रिया और नेतृत्व पदों पर अधिक भूमिका मिलनी चाहिए। उन्होंने इस क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला में लैंगिक असमानता को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने 3 दिवसीय 'महिलाएं एवं कृषि-खाद्य प्रणाली' वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की सफलता की कहानियों को व्यापक रूप से



प्रकाशित किया जाना चाहिए, ताकि समाज उनके योगदान के बारे में जाने। मुर्मू ने भारत द्वारा अपनाए गए महिला-नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की हर स्तर पर भागीदारी बढ़ाने से समावेशी कृषि वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। महिला किसानों को लक्षित सहायता देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**युद्ध के बीच कांग्रेस के दो नेता आपस में भिड़े, थरूर बोले**

## विचार भले अलग हों, लेकिन भारत के हितों को देखना 'मोरल सरेंडर' नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





ईरान जंग के बीच एक ओर जहां कांग्रेस सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रही है तो इसी मसले पर पार्टी के दो नेता आमने-सामने हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तगड़ा जवाब दिया है। हालांकि कांग्रेस के कुछ नेताओं की ओर से कुछ समय पहले ही कहा गया कि अय्यर अब पार्टी का हिस्सा नहीं है। इस बीच लगातार उनकी ओर से पार्टी के नेताओं पर उनका हमला जारी है। अय्यर ने थरूर पर खुला पत्र लिखा था।

### किसी की नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं

*थरूर ने अय्यर को संबोधित पोस्ट में लिखा है कि लोकतंत्र की खूबी यही है कि लोग अलग-अलग राय रख सकते हैं। असहमति होना गलत नहीं है। लेकिन सिर्फ इसलिए कि कोई विदेश नीति को थोड़ा अलग तरीके से देखता है, उसकी नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं है।*

### दुनिया में भारत की इज्जत सबसे ऊपर रखी

*थरूर ने लिखा कि मैंने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मामलों को भारत के राष्ट्रीय हित के नजरिए से देखा है। मेरे लिए भारत की सुरक्षा, भारत की अर्थव्यवस्था और दुनिया में भारत की इज्जत सबसे ऊपर है। भारत के हितों को रखकर फैसला लेना कोई 'मोरल सरेंडर' नहीं है।*

## विदेशी साधकों ने किया योग





**ऋषिकेश।** गुरुवार को परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के दौरान विदेशी योग साधकों ने योग किया।

**आधार अनिवार्य तत्काल टिकट पर सुनवाई**

## जवाब न देने पर हाईकोर्ट सख्त रेलवे बोर्ड को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को रेलवे बोर्ड को सख्त फटकार लगाई क्योंकि बोर्ड ने कई महीने बीत जाने के बावजूद तत्काल टिकट बुकिंग में आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य है या नहीं इस पर जवाब नहीं दिया। कोर्ट की बेंच के मुख्य न्यायाधीश सौमेन सेन और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वीएम ने बोर्ड के अधिवक्ता द्वारा तीन सप्ताह और समय मांगने पर नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने कहा इतना सरल मुद्दा होने के बावजूद आप इतना समय ले रहे हैं। यदि



आप जवाब नहीं दे सकते, तो हम खुद इस मुद्दे का निर्णय कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले को 3 सप्ताह के लिए स्थगित किया। यह आदेश एक सार्वजनिक हित याचिका पर आया है, जिसमें केंद्र के उस सर्कुलर को चुनौती दी गई थी, जिसमें तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण अनिवार्य करने का प्रावधान था।

**यूपी की बहू बनी मोनालिसा, छह माह में प्यार परवान चढ़ा**

# फरमान से की शादी, बताया यह 'लव जिहाद' नहीं

## ▶▶ महाकुंभ से चर्चा में आई वायरल गर्ल ने केरल में की शादी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाकुंभ से चर्चा में आई वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी कर ली है। यह शादी केरल के एक मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई। मोनालिसा के पति फरमान खान उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। फरमान के पिता एक साधारण किसान हैं। शादी के बाद यह मामला सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। कुछ लोग इसे मोनालिसा को निजी फैसला बता रहे हैं तो कुछ इस शादी पर सवाल उठा रहे हैं।

**शादी को लेकर उठे सवाल**



मोनालिसा की इस शादी को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। उनके परिवार ने इस विवाह पर नाराजगी जताई है। वहीं, मोनालिसा को अभिनय का मौका देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा ने इसे 'लव जिहाद' तक करार दिया है। विवाद बढ़ने के बाद मोनालिसा ने केरल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

### मोनालिसा बोलीं- शादी हिंदू रीति-रिवाजों से की

*प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोनालिसा ने कहा कि उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाजों से हुई है और इसमें किसी तरह का 'लव जिहाद' नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करती हैं और हर धर्म को बराबर मानती हैं। मोनालिसा ने बताया कि उनके परिवार वाले उनकी शादी बुआ के बेटे से कराना चाहते थे, वह रिश्ते में उनका भाई लगा, ऐसे में उन्हें वह रिश्ता पसंद नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी पसंद से फरमान खान से शादी करने का फैसला लिया।*

### धर्म परिवर्तन नहीं किया

*मोनालिसा के पति फरमान खान ने भी कहा कि दोनों में से किसी ने भी धर्म परिवर्तन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि प्यार में धर्म बदलना जरूरी नहीं होता। फरमान ने यह भी बताया कि उन्होंने शादी को रजिस्टर करा लिया है। मोनालिसा ने अपनी उम्र 18 वर्ष बताते हुए कहा कि वह बालिग हैं और अपनी इच्छा से शादी की है। उन्होंने केरल पुलिस का सहयोग करने के लिए आभार भी जताया। उन्होंने बताया कि उनके पिता भी केरल पहुंचे लेकिन वह शादी में शामिल नहीं हुए हैं।*


ईरान की मिसाइलों के हमले को इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर रोकती सैन्य प्रणाली

# इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकाने को निशाना बनाया
# ईरान का पलटवार, तेल और गैस रिफाइनरी, ईंधन टैंकों पर किया हमला

## यूएन में ईरान के हमलों के प्रस्ताव पर भारत सहित 130 देशों ने की निंदा

1. ईरान के अराक प्रांत में 6 औद्योगिक उत्पादन इकाइयां क्षतिग्रस्त
2. ईरान ने ईलाम शहर में इजराइल के हर्मेज ड्रोन को मार गिराया

अमेरिका - ईरान जंग विश्व युद्ध की आहट

**अराक में हमले में 7 घायल**
इजराइल के हमले में ईरान के अराक प्रांत में एक औद्योगिक क्षेत्र पर हुए हमले में सात लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हमले में छह उत्पादन इकाइयां क्षतिग्रस्त हुई हैं। अराक एक प्रमुख औद्योगिक शहर है और यहां एक परमाणु परिसर भी है, जिसे इससे पहले इजराइली हमलों में निशाना बनाया जा चुका है।

### इजराइल की बड़ी तेल रिफाइनरी पर हमला

एजेंसी ⏭ तेहरान/ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध गुरुवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने हाल के हमलों में ईरान के परमाणु हथियार विकास कार्यक्रम से जुड़े एक अहम ठिकाने को निशाना बनाया है। 'एक्स' पर जारी बयान में इजराइली सेना ने बताया कि उसके लड़ाकू विमानों ने तेहरान से करीब 30 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित पारचिन सैन्य परिसर के तालेगान ठिकाने पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की महत्वपूर्ण क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए कर रहा था।

ईरान की सेनाओं ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने इजराइल के हाइफा शहर में तेल और गैस रिफाइनरी तथा ईंधन टैंकों के खिलाफ ड्रोन/ मिसाइल हमला किया। उन्होंने बताया गया कि यह इजराइल द्वारा उनके ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले के जवाब में किया गया प्रतिकार है। इस हमले को बाजान ग्रुप की रिफाइनरी पर निशाना बनाकर किया गया, जो इजराइल का एक बड़ा तेल प्रसंस्करण केंद्र है। ईरान की सेना ने देश के पश्चिमी प्रांत इलाम के ऊपर इजराइल के एक हर्मेस ड्रोन को मार गिराया है। वहीं, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने गुरुवार को कहा कि ईरान के द्वीपों पर किसी भी तरह का आक्रमण करने वाले फारस की खाड़ी को हमलावरों के खून से सराबोर कर देगा।


ईरान का इजराइल के हाइफा शहर पर हमला

### प्रस्ताव पर ईरान का विरोध, कहा- यह हमारे खिलाफ अन्याय

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित प्रस्ताव पर ईरान ने कड़ा विरोध जताया है। ईरान के प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा कि यह फैसला उनके देश के साथ स्पष्ट अन्याय है। उन्होंने कहा कि ईरान इस संघर्ष का मुख्य पीड़ित है और परिषद ने जमीनी सच्चाई को नजरअंदाज किया है। इरावानी ने दावा किया कि अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद हजारों लोग मारे गए हैं और बड़ी संख्या में नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

### यूएन सुरक्षा परिषद में ईरान के हमलों पर निंदा का प्रस्ताव पारित


संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों और जॉर्डन पर ईरान के हमलों की निंदा करने वाला प्रस्ताव पारित किया और ईरान से तुरंत शत्रुता रोकने की मांग की। इसके साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकियों की भी निंदा की गई है। अमेरिका की अध्यक्षता वाली 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने 13 मतों के साथ इस प्रस्ताव को बुधवार को पारित किया। चीन और रूस ने मतदान से बचाव किया, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को रोकने के लिए अपने वीटो अधिकार का प्रयोग नहीं किया। भारत ने 130 से अधिक देशों के साथ मिलकर बहरीन के नेतृत्व वाले इस प्रस्ताव का सह-प्रायोजन किया। प्रस्ताव में कहा गया कि इस प्रकार के कृत्य अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं तथा अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं।

### स्विट्जरलैंड ने तेहरान में दूतावास अस्थाई रूप से बंद किया

स्विट्जरलैंड सरकार ने तेहरान (ईरान) में अपना दूतावास अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। स्विट्जरलैंड के फेडरल डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स (एफडएफए) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तेहरान में जारी मध्य पूर्व युद्ध और सुरक्षा जोखिमों के चलते दूतावास को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और वहां मौजूद सभी अधिकारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। दूतावास के प्रमुख राजदूत ओलिवियर बेंजर्टर और पांच अन्य स्टाफ सदस्य 11 मार्च को सड़क मार्ग से ईरान से बाहर आ गए हैं और फिलहाल सुरक्षित स्थान पर हैं।

**ईरान का हमला**

### कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला



कुवैत के नागरिक उड्डयन अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई ड्रोन से हमला किया गया है। इस हमले में केवल भौतिक नुकसान हुआ है और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं, कुवैत की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह दक्षिणी इलाके में एक दुश्मन ड्रोन ने आवासीय भवन को निशाना बनाया। मंत्रालय के एक्स पोस्ट के अनुसार, इस हमले में कम से कम दो लोग घायल हुए और उन्हें आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। इसके अलावा हमले से भवन और संपति को भी नुकसान हुआ है।

**इजराइल ने बेरूत तट पर किया घातक हमला, 6 की मौत**

लेबनान की राजधानी बेरूत के समुद्र तट इलाके रामलेट अल-बैदा में हुए एक हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह हमला एक वाहन को निशाना बनाकर किया गया, जिसे संभावित हत्या की कार्रवाई माना जा रहा है। हमले के बाद इलाके में सेना ने सुरक्षा घेरा बना दिया है। बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई जोरदार हवाई हमले हुए हैं, जबकि इजराइल की ओर हिजबुल्लाह की रॉकेट फायरिंग जारी है।

### ईरान चालाकी रोके, वरना समाप्त कर देंगे: ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वे कुछ चालाकी करेंगे, तो अमेरिका उस देश को समाप्त कर देगा। उन्होंने दोहराया कि यह युद्ध जल्द ही खत्म होने वाला है और अगर फिर से शुरू होता है, तो ईरान को और भी मार पड़ेगी। हमने कम अवधि वाला अभियान चलाया है, क्योंकि हमें कुछ लोगों को हटाने की जरूरत महसूस हुई। अगर उन्होंने कुछ भी गलत किया, तो यह ईरान का अंत होगा और आप कभी उसका नाम नहीं सुनेंगे। अमेरिका और उसके सहयोगी कई मायनों में जीत चुके हैं। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। हम अंतिम विजय हासिल करने से पहले अधिक मजबूत संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे, ताकि लंबे समय से मौजूद इस खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सके।

### हमारे पास अमेरिका के लिए हैं कई सरप्राइजः अराघची



ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर कहा कि ऑपरेशन एपिक मिस्टेक के बाद, तेल की कीमतें दोगुनी हो गई हैं और सभी वस्तुएं तेजी से महंगी हो रही हैं। हमें पता है कि अमेरिका हमारे तेल और परमाणु स्थलों के खिलाफ योजना बना रहा है, ताकि महंगी कीमतों के बड़े झटके को नियंत्रित किया जा सके। ईरान पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारे पास भी आपके लिए बहुत सारी रोचक चीजें हैं। हम ईरान के महान देश के अधिकारों की रक्षा करने, राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा को आगे बढ़ाने और ईरान की इस्लामिक क्रांति के बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। झंडा उठाने वालों के हाथों से झंडा कभी न गिरे। उन्होंने कहा कि यह जंग थोपी गई है। अब ईरान के लोग एकजुट होकर अपने देश की रक्षा कर रहे हैं।

### खाड़ी में जहाजों की सुरक्षा पर जी7 देशों की हुई बैठक

*जी7 देशों के नेताओं ने खाड़ी क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए नए उपायों पर विचार करने का फैसला किया है। अमेरिका, कनाडा, जापान, इटली, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के नेताओं ने इस मुद्दे पर चर्चा की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पहल पर हुई बैठक के बाद कहा गया कि जहाजों को सैन्य सुरक्षा देकर उन्हें सुरक्षित मार्ग प्रदान करने का विकल्प जांचा जाएगा। इसके लिए एक कार्य समूह भी बनाया गया है। यह समूह शिपिंग कंपनियों और बीमा कंपनियों से भी बातचीत करेगा।*


फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

### कुवैत में रमजान के लिए आज बंद रहेंगे सभी भारतीय दूतावास



कुवैत में भारतीय दूतावास ने कहा है कि दूतावास की सेवाएं रमजान की वजह से शुक्रवार को बंद रहेंगी। दूतावास ने कहा है कि इमरजेंसी या किसी सवाल के लिए दूतावास से हेल्पलाइन +965 6550 1946 पर कॉल करके या 'कम्युनिटी. कुवैत. जीओवी. इन' पर ईमेल भेजकर संपर्क किया जा सकता है।

### फारस की खाड़ी में जहाजों की निरंतर निगरानी की जा रहीः सुजाता शर्मा



पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल के आयात का 70% हिस्सा अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से होकर गुजर रहा है। ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। इसके अलावा, फारस की खाड़ी में भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों की निरंतर निगरानी की जा रही है। सरकार ने बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। भारत की दैनिक खपत लगभग 55 लाख बैरल है और विविध खरीद के माध्यम से वर्तमान में प्राप्त मात्राएं इस अवधि के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से सामान्य रूप से आने वाली मात्राओं से अधिक हैं। भारत अब लगभग 40 देशों से कच्चे तेल का आयात करता है। इसके परिणामस्वरूप, कच्चे तेल के आयात का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर के मार्गों से आता है, जबकि पहले यह लगभग 55 प्रतिशत था।

---

**खबर संक्षेप**

### क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि उसने तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित अपने प्रणोदन परिसर में नोजल सुरक्षा प्रणाली और बहु-तत्व इग्नाइटर का इस्तेमाल करते हुए 22 टन थ्रस्ट स्तर पर अपने क्रायोजेनिक इंजन (सीई20) का समुद्र तल पर सफलतापूर्वक परीक्षण (हॉट टेस्ट) किया है। इससे पहले, समुद्र तल परीक्षण 19 टन थ्रस्ट स्तर पर किए जा रहे थे।

### मूसेवाला हत्याकांड में दो आरोपियों को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के दो नामजद आरोपियों पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को जमानत दे दी है। यह राहत पवन बिश्नोई और जगतार सिंह मूसा को मिली है, जो शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में आरोपी हैं। सिद्धू मूसेवाला की हत्या 29 मई 2022 को मानसा जिले के जवाहरके गांव में गोली मारकर की गई थी। दोनों पंजाब की गोबिंदगढ़ जेल में बंद थे।

### बीएसएफ डीआईजी के काफिले पर हमला



**शिलांग।** मेघालय के गारो हिल्स क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डीआईजी के काफिले में शामिल एक वाहन को कुछ लोगों ने आग लगा दी और बीएसएफ के जवानों पर हमला किया जिसमें वे घायल हो गए। घटना बुधवार शाम को उस समय हुई जब वे तुरा कस्बे में बैठक से लौट रहे थे।

## दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश भारत से खरीदेगा ब्रह्मोस मिसाइलें

# इंडोनेशिया ने किया 3800 करोड़ रुपए का सैन्य समझौता, रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी ताकत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा उद्योग के क्षेत्र में भारत को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। फिलीपींस के बाद अब दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया ने भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली खरीदने का समझौता किया है। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रिको रिकार्डो सिरैत ने इसकी पुष्टि की। इस समझौते के साथ इंडोनेशिया, फिलीपींस के बाद ब्रह्मोस खरीदने वाला दक्षिण-पूर्व एशिया का दूसरा देश बन गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर भारत-इंडोनेशिया के बीच हुई इस डील की कीमत 450 मिलियन डॉलर यानी 3,800 करोड़ रुपए है। इंडोनेशिया ने कहा कि यह सौदा उसके हथियारों के आधुनिकीकरण और तटीय सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है।

**तटीय रक्षा मजबूत होगी**



गणतंत्र दिवस पर ब्रह्मोस मिसाइलों का प्रदर्शन फाइल फोटो

प्रवक्ता रिको रिकार्डो सिरैत के मुताबिक, इंडोनेशिया ने भारत के साथ ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की खरीद में साझेदारी की है। यह हमारे शस्त्रों के आधुनिकीकरण, विशेष रूप से तटीय रक्षा को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। यह खरीद रक्षा क्षेत्र में जकार्ता-नई दिल्ली की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करती है। इस नई प्रणाली से राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा में प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### कई देशों ने ब्रह्मोस में दिखाई दिलचस्पी

रूस की मदद से 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विकसित ब्रह्मोस मिसाइल को खरीदने के लिए कई अन्य देशों ने भी रुचि दिखाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, वियतनाम भी 700 मिलियन डॉलर की संभावित डील को अंतिम रूप देने के काफी करीब है। इसके अलावा थाईलैंड, सऊदी अरब, यूएई, ओमान, मिस्र और कुछ लैटिन अमेरिकी देश भी भारत के साथ ब्रह्मोस सौदे को लेकर बातचीत के चरणों में हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर में दिखाई थी क्षमता

भारत में बनी ब्रह्मोस मिसाइलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम तक पहुंचाया था। पहलगाम हमले के बाद ब्रह्मोस मिसाइल ने आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया। उस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश मिसाइल और एमआरएसएएम (बराक-8) का इस्तेमाल किया है।

### 800 किमी की मारक क्षमता


ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। यह 3,700 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से लक्ष्य को टारगेट कर सकती है। इसकी रेंज तकरीबन 800 किलोमीटर तक है। यह अपने साथ 200 से 300 किलोग्राम तक वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। इसे जमीन, समुद्र और एयर से लॉन्च किया जा सकता है। यह दुश्मन के रडार से बचने के लिए बेहद कम ऊंचाई पर उड़ने में सक्षम है।

## वायुसेना की ताकत का किया प्रदर्शन

# एयर चीफ मार्शल ने मिग-29 लड़ाकू विमान से भरी उड़ान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की वायु सेना का सीमावर्ती क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन करने के लिए भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को मिग-29 यूपीजी मल्टी-रोल लड़ाकू विमान को अकेले उड़ाया। एपी सिंह ने एक प्रमुख सीमावर्ती बेस से उड़ान भरी। विमान के लैंड करने का वीडियो भी सामने आया है। एयर चीफ ने बेस पर भारतीय वायु सेना के पूर्व सैनिकों से भी बातचीत की। उन्होंने भारतीय वायु सेना की ऑपरेशनल तैयारी, लड़ाकू क्षमताओं और फ़ॉरवर्ड बेस पर मिशन की तैयारी पर जोर दिया। मिकोयान मिग-29 सोवियत यूनियन का बनाया हुआ एक दो-इंजन लड़ाकू विमान है। भारतीय वायु सेना चार दशकों से इस्तमाल हो रहे अपने मिग-29 फ़्लीट को अपग्रेड करने का फ़ैसला किया था। सोवियत में बना यह विमान 1970 के दशक में बनाया गया था और 1980 के दशक में वायु सेना में शामिल किया गया था।


एयर चीफ मार्शल एपी सिंह

### हर तरह से गोला बारूद दागने में सक्षम

मिग-29 के कई वेरिएंट हैं, जिनमें से कुछ का इस्तेमाल भारतीय नौसेना भी करती है। मिकोयान मिग-29 (अपग्रेड) चौथी जेनरेशन का सर्वश्रेष्ठता लड़ाकू विमान है। इस विमान को नई एवियोनिक्स, रडार और हवा ही हवा में रिफ्यूलिंग क्षमता के साथ अपग्रेड किया गया है। यह विमान जानलेवा है और हवा ही हवा, हवा से जमीन और सटीक गोला-बारूद दागने में सक्षम है। मिग 11,000 मीटर (36,000 फ़ीट) पर 2465 किलोमीटर प्रति घंटे (या मैक 2.35) की अधिकतम गति तक पहुंच सकता है। यह 330 मीटर प्रति सेकंड की क्लाइंब रेट के साथ 17,000 मीटर तक चढ़ सकता है।

## गाजियाबाद में आतंकी कनेक्शन का खुलासा

# जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन से जुड़े हुए 6 संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में एक बार फिर आतंकी कनेक्शन का खुलासा हुआ है। थाना मसूरी पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संदिग्ध रूप से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी सोशल मीडिया के जरिए जैश-ए-मोहम्मद और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े वीडियो देखते थे और उन्हें शेयर करते थे। अन्य लोगों को भी इसके लिए उकसाते थे। गिरफ्तार आरोपियों में एक लॉ का छात्र, एक वकील और एक मस्जिद से जुड़ा मौलाना भी शामिल है। डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि मसूरी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव नाहल का एक युवक लोगों को देश विरोधी गतिविधियों के लिए भड़का रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सावेज उर्फ जिहादी पुत्र अब्दुल कदीर (20) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसके अन्य साथियों के नाम सामने आने के बाद पुलिस ने कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।


पुलिस गिरफ्त में आतंकी

## बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी ने दिखाई 'अवतार' की ताकत

# ड्रोन जो हवा में उड़ने के साथ पानी में लगाता है गोता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाल के हमलों में ड्रोन एक निर्णायक हथियार बनकर उभरा है। ईरान अपने शाहेद तो अमेरिका लूकस के जरिए निशाना साध रहा है। इस बीच भारत ने भी कमर कस ली है। बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी एक्वाएयरएक्स ने भारत का पहला एम्फिबियस ड्रोन 'अवतार' बनाया है, जो हवा में उड़ सकता है और पानी के अंदर गोता लगा सकता है। यह ड्रोन आधुनिक युद्ध और निगरानी में क्रांति ला सकता है।

**'अवतार' भारत का पहला एम्फिबियस ड्रोन**

**रक्षा और नागरिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण**




### कई परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे

'अवतार' को भारत का दुर्लभ सील ड्रोन कहा जा रहा है, जो हवा और पानी दोनों जगह काम कर सकता है। यह ड्रोन हवा से उड़ान भरता है, पानी में गोता लगा सकता है, पानी के अंदर काम करता है और फिर सतह पर आकर दोबारा उड़ान भर सकता है। कंपनी ने पूल ट्रायल्स और इंडिपेंडेंट प्लेटफॉर्म टेस्ट्स सफलतापूर्वक पूरे किए हैं, जहां एयर-टू-वॉटर ट्रांजिशन दिखाया गया। फिलहाल एडवांस्ड एरियल ट्रायल्स और ओपन वॉटर टेस्टिंग चल रही है।

**कॉलेज के दिनों में की शुरूआत**

एक्वाएयरएक्स के सीईओ गौतमी और सीटीओ जितेंद्र कुमार पूर्णमल सैनी ने इसकी शुरुआत कॉलेज के दिनों में यूएवी प्रोजेक्ट्स से की थी। निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इंजीनियरिंग क्लासमेट्स दोनों ने कोविड काल में इसे आगे बढ़ाया और नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू किया। 'अवतार' ड्रोन 10 किलो तक का भार ले जा सकता है, जिसमें आईएसआर सेंसर्स, सोनार और एकॉस्टिक सेंसर्स लगे हैं।

### समुद्री कार्यों की करेगा निगरानी

सिविलियन उपयोग में यह समुद्री फार्मिंग (एक्वाकल्चर) की निगरानी, ऑफशोर ऑयल-गैस प्लेटफॉर्म्स और विंड फार्म्स की इंस्पेक्शन में मदद करेगा। कंपनी का दावा है कि इससे इंस्पेक्शन कॉस्ट 70% तक कम हो सकती है, क्योंकि अलग-अलग ड्रोन या क्रू की जरूरत नहीं पड़ती। स्टार्टअप को रेनमैटर (जेरोधा की निवेश कंपनी), वाइजर, इंडिया एक्सेलरेटर और प्राइम वेंचर पार्टनर्स से फंडिंग मिली है। अगर यह ड्रोन सफल रहा तो यह भारत की ड्रोन टेक्नोलॉजी और मल्टी-डोमेन रोबोटिक्स में बड़ा कदम साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### डीई में वीसी से शामिल हो सकेंगे शासकीय कर्मचारी

■ दूरस्थ जिलों में पदस्थ कर्मचारियों को मिलेगा इसका लाभ

**भोपाल।** प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से जुड़े विभागीय जांच मामलों में अब बड़ी सुविधा दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमों में संशोधन कर दिया है। इसके तहत अब शासकीय कर्मचारी विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी शामिल होकर अपना पक्ष रख सकेंगे। इस नई व्यवस्था से विभागीय जांच से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी आने की उम्मीद है। साथ ही कर्मचारियों को हर बार जांच अधिकारी के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की बाध्यता से राहत मिलेगी। अब जांच अधिकारी संबंधित शासकीय कर्मचारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दे सकेंगे। इससे दूरस्थ जिलों में पदस्थ कर्मचारियों को भी आसानी होगी। विभागीय जांच से जुड़े आदेश, सूचना और नोटिस अब ई-मेल के जरिए भी भेजे जा सकेंगे। इसके अलावा पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भी सूचना देने का प्रावधान रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया को मान्यता विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़ी कई प्रक्रियाएं अब इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से संचालित की जा सकेंगी। विभागीय पोर्टल के जरिए दस्तावेज और कार्यवाही ऑनलाइन पूरी की जा सकेगी।

### जल संसाधन विभाग में चल रहा टेंडर सिंडिकेट, चुनिंदा फर्मों को मिल रहे ठेके



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को जल संसाधन विभाग में चल रहे बड़े भ्रष्टाचार के नेटवर्क का खुलासा किया है। पटवारी ने दस्तावेजों के साथ आरोप लगाया कि प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के नाम पर केवल 'ठेकेदारी और कमीशन' का खेल चल रहा है। उन्होंने सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जांच नहीं हुई, तो कांग्रेस सबूतों के साथ सीबीआई के पास जाएगी। पटवारी ने तंज कसते हुए कहा- सरकार इसे 'कृषि वर्ष' कह रही है, जबकि यह 'कमीशन वर्ष' है। कल ही सरकार ने 5800 करोड़ का कर्ज लिया है, लेकिन यह पैसा किसानों के पास नहीं, बल्कि चहेते ठेकेदारों की जेब में जा रहा है। पटवारी ने कहा कि बड़े टेंडरों में केवल फलोदी और गुप्ता कंस्ट्रक्शन जैसी कंपनियां ही दिखती हैं। यह रोटेशन सिस्टम है, जहां कभी एक कंपनी एल1 (सबसे कम बोली) बनती है तो कभी दूसरी। प्रतिस्पर्धा खत्म कर दी गई है। दुबई कनेक्शन और 'मनी ट्रेल' पटवारी ने दो रहस्यमयी नामों नौशाद और अश्विन नाटू का जिक्र किया। उन्होंने पूछा कि ये लोग कौन हैं और विभाग में इनकी क्या भूमिका है? आरोप लगाया कि इन लोगों के साथ मंत्रियों के रिश्तेदारों के दुबई में साझा बिजनेस हैं। यह मामला सीधे तौर पर 'मनी लॉन्ड्रिंग' से जुड़ा हो सकता है।

---

## भोपाल, इंदौर में अब तक नहीं मिली महिलाओं को कमान

# प्रदेश में पहली बार 17 जिलों की कमान महिला कलेक्टरों के हाथ मोहन सरकार का महिला-पुरुष अधिकारियों पर भरोसा एक-साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के प्रशासनिक इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य के 55 जिलों में से 17 जिलों की कमान महिला आईएएस अधिकारियों के हाथों में है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार में सबसे ज्यादा महिला आईएएस अफसरों को कलेक्टर बनाने का मौका मिला है। राज्य में कुछ ऐसे जिले भी हैं जहां पिछले दो-तीन कार्यकाल से लगातार महिला अधिकारियों को कलेक्टर बनाया जा रहा है। वहीं एक संभाग की जिम्मेदारी भी महिला आईएएस अधिकारी के पास है। हालांकि अभी भी करीब एक दर्जन जिले ऐसे हैं जहां आज तक किसी महिला आईएएस की पोस्टिंग कलेक्टर के रूप में नहीं हुई, जिनमें भोपाल और इंदौर जैसे बड़े जिले भी शामिल हैं। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2011 से 2017 बैच तक की करीब 45 महिला आईएएस अधिकारियों में से एक दर्जन को पहली बार कलेक्टर बनने का अवसर मिल सकता है।



#### 2014 बैच की सबसे ज्यादा महिला कलेक्टर

वर्तमान में वर्ष 2016 बैच के अधिकारियों को कलेक्टर बनाने का क्रम चल रहा है, जिनमें तीन महिला आईएएस शामिल हैं। सबसे ज्यादा संख्या 2014 बैच की है। इस बैच की दस में से आठ महिला अधिकारी अलग-अलग जिलों की कलेक्टर हैं।

#### इन जिलों में महिला कलेक्टर

राज्य में वर्तमान में सिवनी, झाबुआ, शाजापुर, खरगोन, मैहर, आलीराजपुर, डिंडोरी और निवाड़ी सहित कई जिलों की जिम्मेदारी महिला कलेक्टर संभाल रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से शीतला पटले (सिवनी), नेहा मीना (झाबुआ), ऋजु बाफना (शाजापुर), भव्या मित्तल (खरगोन), रानी बाटड (मैहर), नीतू माथुर (आलीराजपुर), अंजू पवन भदौरिया (डिंडोरी) और जमुना भिड़े (निवाड़ी) शामिल हैं।

#### इन जिलों को अब भी महिला कलेक्टर का इंतजार

प्रदेश के इंदौर, धार, उज्जैन, ग्वालियर, सतना, सिंगरौली, मऊगंज, शहडोल, छतरपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जैसे जिलों में अभी तक किसी महिला आईएएस को कलेक्टर के रूप में पदस्थ नहीं किया गया है।

#### संभागवार पदस्थापना की स्थिति

*इंदौर संभागः भव्या मित्तल (खरगोन), ज्योति सिंह (बड़वानी), नेहा मीना (झाबुआ), नीतू माथुर (आलीराजपुर) उज्जैन संभागः मीशा सिंह (रतलाम), ऋजु बाफना (शाजापुर), प्रीति यादव (आगर-मालवा), अदिति गर्ग (मंदसौर) ग्वालियर संभागः रुचिका चौहान (ग्वालियर) रीवा संभागः प्रतिभा पाल (रीवा), रानी बाटड (मैहर) सागर संभागः ऊषा परमार (पन्ना), जमुना भिड़े (निवाड़ी) नर्मदापुरम संभागः सोनिया मीना (नर्मदापुरम) जबलपुर संभागः रजनी सिंह (नरसिंहपुर), शीतला पटले (सिवनी), अंजू पवन भदौरिया (डिंडोरी)*

---

## हटा में 405.58 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का सीएम डॉ. यादव ने किया भूमि-पूजन

# हटा देवश्री गौरीशंकर की नगरी, शिवकाशी के रूप में इसे मिलेगी पहचानः मुख्यमंत्री

*हटा देवश्री गौरीशंकर की नगरी, शिवकाशी के नाम से जाना जाएगा*

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार बेटियों और महिलाओं के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार की योजनाएं महिलाओं के जीवन में हर कदम पर पक्की सहेली बनकर उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हटा श्री श्री 1008 देवश्री गौरीशंकर की नगरी है, इसलिए अब इसे शिवकाशी के रूप में ही जाना जाएगा। यह हटावासियों की बहुत पुरानी मांग भी है। डॉ यादव बुधवार को दमोह जिले के हटा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन सह शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस अवसर पर दमोह जिले के लिए कई सौगातों की घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से दमोह जिले के लिए 405 करोड़ 58 लाख रुपए से अधिक की लागत के 13 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। इसमें लगभग 232 करोड़ रूपए की लागत से हटा से गैसाबाद सिमरिया मार्ग (एसएच-55) के 73 किमी मार्ग के टू-लेन रोड के रूप में उन्नयन एवं चौड़ीकरण, 74 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से मडियादो से बर्धा किशनगढ़ सड़क निर्माण और 48 करोड़ 89 लाख रूपए की लागत से मड़ियादो से रजपुरा मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन शामिल है।



सभा संबोधित करते सीएम।

#### टीका लगवाने वाली बेटियों को सौंपे प्रमाण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विगत वर्ष बुंदेलखंड क्षेत्र के वैश्विक पर्यटन स्थल खजुराहो में स्टेट कैबिनेट की मीटिंग कर सरकार ने 27 हजार 500 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि हाल में ही सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन का टीकाकरण शुरू हुआ है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपील करते हुए कहा कि अपनी 14 वर्ष से अधिक उम्र कीबेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं और दूसरे लोगों को भी ऐसा ही करने के लिए जागरूक करें। डॉ यादव ने एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने वाली हटा की 8 बेटियों को प्रमाण पत्र भी सौंपे।

#### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कीं कई घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हटावासियों को और भी कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि हटा में नवीन आईटीआई भवन बनाया जाएगा। हटा में सर्वसुविधायुक्त नवीन नगर पालिका भवन एवं भव्य गीता भवन भी निर्मित किया जाएगा। कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में कार्य का दायरा बहुत विस्तृत है, इसलिए हटा के महाविद्यालय में अब कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन संकाय/विषय भी पढ़ाए जाएंगे। हटा के शासकीय पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में इंडोर ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पटेरा में नया महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की।

#### हमारा देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा हैः सीएम डॉ. यादव



भारत में मातृ सत्ता प्रधान संस्कृति है। दुनिया में केवल भारतीय संस्कृति है, जिसने अपने मूल्यों के आधार पर ज्ञान की धारा को तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों के माध्यम से विश्व के कोने-कोने में पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का समय बदला है। अब हमारा देश आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। यह बात सीएम सागर में ज्ञानवीर विवि के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राहतगढ़ और जेसीनगर में श्रमिकों के बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के रूप में शिक्षा के आधुनिक मंदिर बुंदेलखंड के युवाओं के सामर्थ्य को नई ऊंचाई देगा।

#### वर-वधु को आशीर्वाद....



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के सुपुत्र के आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए और वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

---

## तीन एससीएस की कमेटी तैयार करेगी मसौदा

# कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमा के लिए समिति का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के 12 लाख से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए राज्य सरकार समग्र स्वास्थ्य योजना बना रही है। इसको लेकर कई दौर की बैठक के बाद अब अपर मुख्य सचिव स्तर के अफसरों की एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को पेश करेगी। इसके बाद योजना में बदलाव के साथ कैबिनेट में अनुमोदन के लिए इसे रखा जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस समिति के गठन के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग होंगे। समिति में अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग सदस्य होंगे जबकि आयुक्त लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा समिति के सदस्य-सचिव होंगे।

#### मंत्रि-परिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा

निर्देशों में कहा गया है कि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए प्रस्तावित समग्र स्वास्थ्य योजना के अंतिम प्रारूप, नीति निर्धारण के साथ ही कर्मचारी और पेंशनर्स संगठनों से परामर्श करने का काम समिति द्वारा किया जाएगा। इसके बाद योजना के प्रस्तावित खाका को मंत्रि-परिषद के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। यह समिति प्रस्तावित योजना के सभी आवश्यक मामलों पर डिस्कसन कर रिपोर्ट तैयार करेगी।

#### पहले भी हो चुकी हैं कई बैठकें

कर्मचारियों और पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलाने को लेकर राज्य सरकार पहले भी कई दौर की बैठकें कर चुकी है। इसको लेकर कर्मचारी संगठनों के साथ भी बैठक कर सुझाव लिए जा चुके हैं। अब एक बार फिर सरकार ने इसके लिए समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की रिपोर्ट की समय सीमा तय नहीं की गई है।

---

# गर्मी में पानी की किल्लत से निपटने बनेगा प्लान, विधायकों ने रखी बात

भोपाल संभाग के डेवलपमेंट प्लान पर एसीएस ने रखी बैठक



संभाग स्तरीय बैठक लेते अपर मुख्य सचिव शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गर्मी के साथ ही गांवों और शहरों में पानी की किल्लत को देखते हुए बुधवार को अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने पानी की किल्लत से निपटने और विकास योजनाओं को लेकर संभाग स्तरीय बैठक रखी, जिसमें भोपाल, रायसेन और नरसिंहगढ़ के विधायक शामिल रहे।

विधायकों ने पानी की किल्लत को लेकर अभी से सतर्कता बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएचई और नगरीय निकाय चौबीस घंटे निगरानी रखें, जिससे आम लोगों को पानी की दिक्कत नहीं हो। बैठक में एसीएस ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नल-जल योजना और जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला कलेक्टर्स जिलों में अस्पताल, स्कूल और आंगनबाड़ियों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि शहरों के विस्तार को देखते हुए बाहरी सीमाओं पर विकास कराए जाएं। बैठक में दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी, सांची विधायक प्रभुराम चौधरी, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा और बैरसिया विधायक विष्णु खत्री मौजूद रहे। वहीं, अन्य जिलों से सभी विधानसभाओं के विधायक वीडियो कंफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।

---

## राजधानी के रवीन्द्र भवन में आयोजित हुआ 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम

# भारत महिलाओं की शक्ति, क्षमता और नेतृत्व से नई दिशाओं को हासिल कर रहाः रहाटकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के रवीन्द्र भवन में बुधवार को 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सरकारी नीतियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि आज का भारत महिलाओं की शक्ति, क्षमता और नेतृत्व से नई दिशा प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम में सैनिक परिवारों के कल्याण से जुड़े विषयों पर भी विशेष चर्चा हुई। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर आर्मी पर्सनल की पत्नियों और वीर नारियों के लिए आर्थिक और सामाजिक सहयोग की योजनाएं संचालित करने की पहल की है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया गया।




शक्ति संवाद कार्यक्रम।

मप्र राज्य महिला आयोग और स्काई सोशल संस्था के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

#### *झाबुआ में सायबर वेलबीइंग सेन्टर खोला जाएगा*

*राज्य महिला आयोग के सचिव सुरेश तोमर ने बताया कि जल्द ही झाबुआ में सायबर वेलबीइंग सेन्टर खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज में फैली कुप्रथाओं को चिन्हांकित कर इसके समाधान और कानून के लिए लॉ यूनिवर्सिटी के साथ कार्य किया जा रहा है।*

---

# नंबर प्लेट में की गड़बड़ी तो नहीं मिलेगा डीजल-पेट्रोल, बीट प्रणाली के माध्यम से लगातार निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गलत, फर्जी अथवा बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई तेज करते हुए पेट्रोल और डीजल पंप संचालकों को भी निर्देश दिया है कि बिना नंबर प्लेट या संदिग्ध नंबर प्लेट वाले वाहनों को पेट्रोल-डीजल न दिया जाए। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए नयन सेंटर के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा सेफ क्लिक साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 15 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित कर 33 लाख से ज्यादा नागरिकों को जागरूक किया गया है। प्रदेश में महिलाओं की सहायता और शिकायतों के संवेदनशील निराकरण के लिए 987 महिला हेल्प डेस्क संचालित की जा रही हैं। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए अभिमन्यु, सृजन और सम्मान जैसे अभियान भी चलाए जा रहे हैं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वाहनों का उपयोग किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में न हो सके। इसके लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बीट प्रणाली के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा अलग-अलग जगहों पर चेकिंग पाइंट लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की तस्दीक भी की जा रही है। ऐसे वाहन विशेष निगरानी में रखे गए हैं जिनमें नंबर प्लेट नहीं है। या नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की गई है। अमानक तरीके से नंबर लिखा गया है। अगर किसी दूसरे वाहन का नंबर लिखकर वाहन चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

---

# होटल-ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग पर प्रशासन ने सख्ती की

अपर कलेक्टर ने औचक निरीक्षण कर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर उपयोग के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में होटल और ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन निरीक्षण अभियान के तहत अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने टीम के साथ जिला मुख्यालय बीजापुर में संचालित होटल और ढाबों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान होटल संचालकों और ढाबा मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग न करें और केवल व्यावसायिक (कॉमर्शियल) गैस सिलेंडर का ही इस्तेमाल करें। अधिकारियों ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस का उपयोग नियमों के विरुद्ध है और ऐसा पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आवश्यक वस्तुओं विशेषकर एलपीजी गैस, डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता से जुड़ी शिकायतों और सुझावों की निगरानी के लिए उत्तम कुमार भारती, सहायक खाद्य अधिकारी बीजापुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी एजेंसियों में गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। दंतेवाड़ा में गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर खाद्य अधिकारी सुश्री वेणुका ध्रुव ने विराम लगाया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सभी गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक की गई है, ताकि गैस सिलेंडर की कृत्रिम कमी की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि जिले में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए भी प्रशासन की ओर से कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

---

## प्रदेश में 22,500 पद खाली, पुलिस मुख्यालय में सरकार को भेजा प्रस्ताव

# सिंहस्थ के आयोजन से पहले होगी 7500 पुलिस आरक्षकों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रशासनिक संवाददाता प्रदेश में पुलिस बल की कमी को दूर करने के लिए पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने सरकार को बड़ा प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव के अनुसार प्रदेश में खाली पड़े 22,500 पुलिस आरक्षक पदों में से पहले चरण में 7,500 आरक्षकों की भर्ती की जाएगी।

यह भर्ती सिंहस्थ से पहले कराने की योजना बनाई गई है, ताकि बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा सके। सूत्रों के मुताबिक पुलिस मुख्यालय ने वर्ष 2026 में 7,500 आरक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रदेश में सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन से पहले पुलिस बल में रिक्त पदों को भरना प्राथमिकता माना जा रहा है।



#### 2025 की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में

इस बीच पुलिस भर्ती-2025 की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा पूरी हो चुकी है और अब अंतिम परिणाम का इंतजार है। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि नई भर्ती के साथ-साथ हर साल होने वाली नियमित नियुक्तियों से बल में रिक्त पदों की संख्या धीरे-धीरे कम की जा सकेगी। पुलिस विभाग के अनुसार हर वर्ष करीब 4 हजार पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो जाते हैं, जिससे लगातार नए पद खाली होते रहते हैं।

#### 2027 तक भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का लक्ष्य

सिंहस्थ अप्रैल 2028 में प्रस्तावित है। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय का लक्ष्य है कि अगस्त 2027 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, ताकि नए चयनित आरक्षकों का प्रशिक्षण भी समय पर पूरा हो सके। प्रदेश की पुलिस प्रशिक्षण संस्थाओं में वर्तमान में लगभग 8 हजार प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देने की क्षमता है, जिससे बड़ी संख्या में नए आरक्षकों को प्रशिक्षित किया जा सकेगा।

#### भर्ती बोर्ड गठन के बाद तेज होगी प्रक्रिया

नई भर्ती के लिए बोर्ड गठन की प्रक्रिया भी जारी है। पुलिस मुख्यालय ने इस प्रस्ताव को राज्य सरकार के पास विचार के लिए भेजा है। बोर्ड के गठन के बाद कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2026 आयोजित कराई जा सकती है।

#### बदलाव और विचार के प्रस्ताव

पुलिस भर्ती की प्रक्रिया के संबंध में हमने कुछ बदलाव और विचार के साथ-साथ प्रस्ताव दिया है। गृह विभाग को यह पुलिस मुख्यालय की तरफ से दिया गया है। कोशिश यही है कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं तो उसे तय सीमा के अंदर भर्ती की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए। इस संबंध में पूरा प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है।

**आदर्श कटियार**, स्पेशल डीजी, एडमिनिस्ट्रेशन

शिशु भ्रूण लाने वाले याचिकाकर्ता की हरकत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की, पुनरावृत्ति न करने की चेतावनी दी

# हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी -याचिकाकर्ता का रवैया मनुष्य के शव का अपमान करने जैसा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कोर्ट रूम में शिशु भ्रूण लाने वाले याचिकाकर्ता की हरकत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने तल्ख टिप्पणी में कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा कोर्टरूम में गर्भपात वाले शिशु भ्रूण को लाना सर्वथा अनुचित और अवैधानिक है। दरअसल, शिशु भ्रूण, जो इंसान का शरीर है, उसे बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 के नियमों के अनुरूप ही हैंडल और डिस्पोज किया जाना चाहिए। कोर्ट रूम जैसे गरिमामय सार्वजनिक स्थल पर ऐसे अवशेषों को बिना अनुमति के ले जाना और प्रदर्शित करना न सिर्फ नियत प्रक्रिया का उल्लंघन है, बल्कि प्रथमदृष्ट्या यह भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत सजा के रूप में मनुष्य के शव का अपमान करने जैसा है। ऐसा व्यवहार कोर्ट की मर्यादा और गरिमा को भी ठेस पहुंचा सकता है।

उक्त तल्ख टिप्पणी के साथ हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता



को चेतावनी दी कि वह भविष्य में इस कोर्ट या किसी दूसरे ज्यूडिशियल फोरम या पब्लिक अथारिटी के समक्ष ऐसा कृत्य पुनरावृत्त न करे। यह कृत्य न्यायिक कार्रवाई की गरिमा, डेकोरम और काम करने में रुकावट डालने की कोशिश है, जिसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि रीवा निवासी दयाशंकर पांडे विगत नौ मार्च को शिशु का भ्रूण लेकर पहुंच गया था। दयाशंकर का आरोप था कि वह महानद्दा स्थित मारुति शोरूम में कार्य करता था। उस दौरान उसने 200 करोड़ रुपये का घपला उजागर किया, जिस कारण उस पर लगातार हमले हो रहे हैं। दयाशंकर ने खुद पैरवी करते हुए कहा कि शोरूम से 200 करोड़ रुपये की वसूली की जाए और उसे 82 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा और मारुति कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज शर्मा ने दलील दी कि याचिका पूरी तरह से मनगढ़ंत आरोपों पर आधारित है। याचिकाकर्ता ने पुलिस अधिकारियों के सामने पेश की गई कोई भी लिखित शिकायत याचिका के साथ रिकार्ड में प्रस्तुत नहीं की है।

# पैट्रोल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद: कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने दो सत्रों में एलपीजी की आपूर्ति एवं विपणन व्यवस्था के संबंध में बैठक की। उन्होंने प्रथम सत्र में चिकित्सा, शिक्षा, रेलवे व रक्षा संस्थान आदि के प्रतिनिधियों से उनके घरेलू गैस सिलेंडर की आवश्यकता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान तेल विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों से पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस की उपलब्धता की जानकारी भी ली गई। जिसमें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड व भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने पर्याप्त स्टॉक एवं आपूर्ति की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री सिंह ने एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर घरेलू गैस उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। इस दौरान बताया गया कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। एलपीजी की आपूर्ति मुख्य रूप से घरेलू उपयोग के लिए ही सुरक्षित रखी जाएगी। नई व्यवस्था के तहत घरेलू गैस सिलेंडर की रिफिल बुकिंग अब पिछली डिलीवरी के 25 दिन बीत जाने के बाद ही स्वीकार की जाएगी। इस कदम का मुख्य उद्देश्य जिले में गैस की कालाबाजारी और अनावश्यक अफरा-तफरी को रोकना है ताकि प्रत्येक परिवार को सुचारू रूप से गैस सिलेंडर मिल सके।




दूसरे सत्र में वाणिज्यिक उपभोक्ताओं व गैस ऐजेंसी संचालको की बैठक कर कहा कि पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। लेकिन वर्तमान नई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये जिले में अनिवार्य सेवाओं को छोड़कर अन्य किसी भी व्यावसायिक इकाई जैसे होटल, मॉल या औद्योगिक क्षेत्रों को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति फिलहाल नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने ऑयल कंपनी व गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि वे गैस की बचत करने के तरीको के बारे में प्रचार-प्रसार करें और वैकल्पिक उपायों के बारे में भी जानकारी दें। बैठक में गैस ऐजेंसी संचालकों को भी नई व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही खाद्य विभाग,ऑयल कंपनी के अधिकारी, एलपीजी वितरकों से कहा गया कि जिले में एलपीजी की आपूर्ति एवं विपणन केवल घरेलू उपभोक्ताओं को किया जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने बड़े वाणिज्यिक उपभोक्ताओं से उनके पास उपलब्ध स्टॉक का विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं उनकी ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये वैकल्पिक ईंधन स्त्रोतों का उपयोग करने के लिये कहा।



# गैस संकट और महंगाई के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**चूल्हे पर पकौड़े और चाय बनाकर केंद्र सरकार के खिलाफ जताया विरोध**

जबलपुर। शहर में बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर गुरुवार को युवा कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। मालवीय चौक पर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सोनू कुकरेले और कपिल भोजक के नेतृत्व आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चूल्हा जलाकर पकौड़े और चाय बनाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और गैस संकट को लेकर जनता की परेशानियों को सामने रखा।

युवा कांग्रेस के निलेश जैन (नीटू) और अभ्युत बाजपेयी ने कहा कि देशभर में एलपीजी गैस की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं और कई जगहों पर गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को हो रही है। रसोई गैस महंगी होने से घर का बजट बिगड़ रहा है और लोगों को मजबूरी में फिर से चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। अगर इसी तरह महंगाई बढ़ती रही और गैस सिलेंडर आम आदमी की पहुंच से बाहर होता गया, तो लोगों को फिर से पुराने तरीके अपनाने पड़ेंगे।इस अवसर पर शिशिर नन्होरिया, रिंकू बदलानी, नितिन सिंह, भानु यादव, राजा रैकवार, बदल पंजवानी, समीर गढ़वाल, शिशांत सिंह ठाकुर, आशुतोष दुबे, स्वर्णिम समैया, शादाब मंसूरी, शुभम बोहित, अंकुर गुप्ता, पंकज पटेल, देवकी पटेल, अभिषेक तिवारी, मोहिसन अंसारी, शुभम (भानु) अग्रवाल, सोनू सुंदरानी, शिवम यादव, पंकज भोजक, वरुण यादव, अतुल सोनी, आदेश चौबे, राघव तिवारी, आयुष (लाला) श्रीवास्तव, संजय अहिरवार, शईम सलमानी, जीशान खान, तौसीफ अंसारी, सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर निगम ने जॉय एजुकेशन सोसाइटी को नोटिस जारी किया

**जबलपुर।** नगर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर, नगर निगम ने जॉय एजुकेशन सोसाइटी को लीज पर दी गई भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया है। सोसाइटी को 13 मार्च 2026 तक आयुक्त कार्यालय में अपने वैधानिक दस्तावेज जमा करने का अवसर दिया गया है। दस्तावेज न प्रस्तुत करने की स्थिति में निगम द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि यह प्रक्रिया भूमि के शैक्षणिक उपयोग और सरकारी संपत्तियों के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए नियमित रूप से की जाती है।

# एटीएम कार्ड बदल कर धोखाधड़ी करने वाला पकड़ाया

**66 एटीएम कार्ड जब्त, 3 लाख 66 हजार रुपए की रकम होल्ड कराई**

**जबलपुर।** शहर के चार थाना क्षेत्रों में मदद के नाम पर एटीएम कार्ड बदल कर खातों से पैसा निकालने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने सिवनी में दबिश देकर दबोच लिया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी के कब्जे से 66 एटीएम कार्ड एवं धोखाधड़ी कर हासिल की गई 3 लाख 66 हजार रुपये की रकम होल्ड कराई गई है।

### एटीएम बदलकर पैसा निकालने की वारदातें

गोरखपुर थानांतर्गत थम्मन कॉम्पलेक्स गोरखपुर निवासी बीएस सिदाम गत वर्ष 1 दिसंबर को छोटी लाईन स्थित एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने गए थे। जहां पर पहले से मौजूद अज्ञात शख्स ने पैसे निकालने में मदद का बहाना बनाकर उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और कार्ड का उपयोग कर एक लाख 6



हजार रुपये निकाल लिए।इसी तरह ओमती थानांतर्गत नया मोहल्ला बंदकुआ ओमती निवासी रसीद उद्दीन गत 27 जनवरी को सिविक सेंटर स्थित स्टेट बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गया था। जहां अज्ञात व्यक्ति ने पैसे निकालने व मदद करने के बहाने एटीएम बदल कर उसके खाते से एक लाख 18 हजार रुपये निकाल लिये।

इसी प्रकार केंट थानांतर्गत सदर स्थित एक एटीएम में पैसा निकालने गया मेन्स पार्लर संचालक रोहित सेन भी ऐसी ही धोखाधड़ी का शिकार हुआ। किसी अज्ञात ने उसका एटीएम कार्ड बदल कर खाते से 59 हजार निकाल लिए। वहीं बेलबाग थानांतर्गत एडवोकेट विजय चौधरी का एटीएम कार्ड बदल कर किसी ने उनके खाते से 47 हजार रुपये निकाल लिए।

### ऐसे पकड़ाया आरोपी

पुलिस ने वारदात को अंजाम देने में एक ही तरह की कार्यशैली को देखते हुए बैंक फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक टीम गठित की। उक्त टीम ने सिवनी रेलवे स्टेशन के समीप तिलक वार्ड में रहने वाले आरोपी विनोद गौतम को अभिरक्षा में लेकर उसके कब्जे से 66 एटीएम कार्ड व 3 लाख 68 हजार रुपये नगदी जब्त की है।

## रानीताल में मिली मृत महिला की हुई पहचान

**जबलपुर।** लॉर्डगंज थाना अंतर्गत भाजपा कार्यालय के पीछे खेल मैदान में लगी झाड़ियों में गत 8 मार्च को मिली एक महिला की लाश की गुत्थी करीब-करीब सुलझाने की स्थिति में पुलिस आ गई है। मृतिका की पहचान रांझी निवासी 22 वर्षीय पल्लवी पाटीदार के रुप में हुई है। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला कि मृतिका केटरिंग का काम करती थी। वह शहर में आयोजित होने वाले विभिन्न वैवाहिक और अन्य कार्यक्रमों में केटरिंग का काम करने जाया करती थी। पुलिस अब उन सभी लोगों की जानकारी और मोबाइल लोकेशन जुटा रही है जो पिछले पल्लवी के संपर्क में थे। पुलिस इस मामलें में प्रेम प्रसंग के एंगल पर जांच कर रही है। एक युवक पर संदेह गहरा गया है जो अपने घर और कार्यस्थल से घटना के बाद से फरार है। पुलिस को यह भी सुराग लगा है कि इस युवक व मृतिका के बीच में एक बड़ा विवाद हुआ था।

**प्रेम प्रसंग का संदेह**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पल्लवी का किसी युवक के साथ प्रेम संबंध था और हाल ही में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। संदेह के घेरे में आया युवक एक टेंट हाउस में काम करता है और घटना के बाद से ही वह अपने घर और कार्यस्थल से फरार बताया जा रहा है। लार्डगंज पुलिस और क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम इस मामलें की जांच कर रही हैं। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंचने की राह खोजी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपी पुलिस के शिकंजे में होगा।

## जुमातुल विदा आज, 100 से ज्यादा मस्जिदों में अदा होगी नमाज

**ईद की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन को पत्र**

**जबलपुर।** रमजान शरीफ के जुमातुल विदा के मौके पर नगर एवं उपनगर की 100 से ज्यादा मस्जिदों और नमाजगाहों में आज दोपहर करीब डेढ़ बजे जुमा की नमाज अदा की जाएगी। इस अवसर पर सभी मस्जिदों में हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करेंगे। मस्जिदों में रमजान शरीफ का खुतबा पढ़ा जाएगा और अलविदा जुमे की खास दुआएं भी की जाएंगी।

मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत डॉ. मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और नगर निगम आयुक्त को पत्र भेजकर ईद के दिन व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने ईदगाह कला रानीताल, गोहलपुर, सदर, गढ़ा ईदगाह सहित मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की मस्जिदों और बस्तियों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की अपील की है।

# नगर निगम ने 46 करोड़ के बकायेदारों की सूची सार्वजनिक की

**लोक अदालत में जमा न होने पर वैधानिक कार्रवाई का अल्टीमेटम**

**जबलपुर।** शहर के बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों को गति देने के लिए नगर निगम ने राजस्व वसूली अभियान में कड़ा रुख अपनाया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर के 25 बड़े बकायेदारों की सूची सार्वजनिक की गई है, जिनसे कुल लगभग 46 करोड़ रुपये की राशि वसूल करनी है। जारी सूची में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के नाम शामिल हैं। प्रमुख बकायेदारों में भारत संचार निगम लिमिटेड, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जबलपुर विकास प्राधिकरण, मंडल रेल



प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे, महाकौशल शहीद स्मारक भवन ट्रस्ट, उदयपुर ब्रेवरेज प्रा.लि. और अन्य कंपनियों एवं व्यक्तियों के नाम शामिल हैं। प्रत्येक से लाखों रुपये की बकाया राशि वसूल की जानी है। निगमायुक्त ने बताया कि 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली लोक अदालत बकायादारों के लिए अंतिम अवसर है। यदि इस दिन तक बकाया राशि जमा नहीं होती है, तो नगर निगम सख्त वैधानिक कार्रवाई करेगा। इस कदम का उद्देश्य नगर निगम की राजस्व वसूली को प्रभावी बनाना और शहर के विकास कार्यों में बाधा डालने वाले बकायेदारों को कड़ा संदेश देना है। नगर निगम ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे समय पर भुगतान कर लोक अदालत में उपस्थित हों और वैधानिक कार्रवाई से बचें।

# सबसे व्यस्त प्लेटफॉर्म पर लिफ्ट सुविधा ठप

**बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं**

**जबलपुर।** शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सहूलियत के लिए लगाई गई लिफ्ट पिछले 10 दिनों से बंद पड़ी है, लेकिन इसे दुरुस्त करने की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही।



प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले प्लेटफॉर्म नंबर–1 पर यह बुनियादी सुविधा ठप होने से रेलवे की रख-रखाव व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन यात्रियों को हो रही है जिनके लिए लिफ्ट सुविधा सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि जरूरत है।गौरतलब है की प्लेटफॉर्म नंबर–1 से फुटओवर ब्रिज तक पहुंचने के लिए लगाई गई लिफ्ट यात्रियों के लिए बड़ी राहत मानी जाती थी। लेकिन इसके बंद होने से अब लोगों को मजबूरी में ऊंची सीढ़ियां चढ़नी-उतरनी पड़ रही हैं। स्टेशन पर मिले कई यात्रियों ने बताया कि भारी बैग और सूटकेस के साथ सीढ़ियां चढ़ना आसान नहीं है। बुजुर्ग यात्रियों को दूसरों का सहारा लेना पड़ रहा है। एक वरिष्ठ नागरिक ने बताया कि घुटनों के दर्द के कारण सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल था, ऐसे में उन्हें आसपास के यात्रियों की मदद लेनी पड़ी। दिव्यांग यात्रियों के लिए स्थिति और भी गंभीर है। व्हीलचेयर से आने वाले यात्रियों को या तो लंबा चक्कर लगाना पड़ता है या फिर स्टेशन स्टाफ की सहायता का इंतजार करना पड़ता है।

### आधुनिकता के दावे बनाम जमीनी हकीकत

रेलवे प्रशासन लगातार स्टेशनों को आधुनिक बनाने, यात्री सुविधाओं को उन्नत करने और 'स्मार्ट स्टेशन' की दिशा में काम करने के दावे करता रहा है। लेकिन रख-रखाव की अनदेखी इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है।यात्रियों का कहना है कि यदि लिफ्ट जैसी आवश्यक सुविधा 10 दिनों तक बंद रहती है, तो यह नियमित मॉनिटरिंग और त्वरित मरम्मत व्यवस्था की कमी को दर्शाता है। कई यात्रियों ने शिकायत दर्ज कराने की बात कही, लेकिन अब तक लिफ्ट चालू नहीं हो सकी है।

### प्लेटफॉर्म नंबर 1 सबसे व्यस्त

स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर–1 प्रमुख ट्रेनों का आगमन-प्रस्थान स्थल है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आते-जाते हैं। ऐसे में लिफ्ट का लंबे समय तक बंद रहना रेलवे की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। त्योहारी सीजन और बढ़ती गर्मी के बीच यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ऐसे समय में बुनियादी सुविधाओं का सुचारू रूप से संचालित होना और भी आवश्यक हो जाता है।

### यात्रियों की मांग, जल्द हो मरम्मत

यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि लिफ्ट की तकनीकी खराबी को प्राथमिकता के आधार पर दूर कर तत्काल चालू कराया जाए। साथ ही यह भी मांग उठी है कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए नियमित निरीक्षण और त्वरित मरम्मत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**सुरक्षा पर सवाल : सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में लापरवाही का मामला**

# मरीज के पास कैसे पहुंची शराब की बोतलें

जबलपुर।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में न्यूरोलॉजी वार्ड के एक मरीज के पास से आठ शराब की बोतलें मिलने के मामले ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यह घटना केवल एक लापरवाही नहीं, बल्कि अस्पताल की सुरक्षा प्रणाली में संभावित सेंध या अंदरूनी मिलीभगत की ओर भी इशारा कर रही है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक साथ आठ शराब की बोतलें वार्ड तक कैसे पहुंचीं? अस्पताल के मुख्य गेट पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहती है और प्रवेश द्वार पर जांच की व्यवस्था होने का दावा किया जाता है। इसके बावजूद इतनी मात्रा में शराब अंदर पहुंच जाना जांच प्रक्रिया की गंभीर खामी को दर्शाता है।परिजनों का आरोप है कि गेट पर चेकिंग अक्सर औपचारिकता बनकर रह जाती है। बैग या सामान की सख्ती से जांच नहीं की जाती। कई बार



भीड़ अधिक होने का हवाला देकर सुरक्षा कर्मी लोगों को बिना जांच के अंदर जाने देते हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या सुरक्षा सिर्फ कागजों और रिकॉर्ड तक सीमित है?

### ब्लाइंड स्पॉट तलाशना जरूरी

एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू सीसीटीवी निगरानी का है। अस्पताल परिसर में कैमरे लगे होने के बावजूद क्या उनका कवरेज पूरी तरह प्रभावी है? क्या सभी एंट्री पॉइंट और वार्ड के रास्ते कैमरों की निगरानी में हैं या फिर कुछ ब्लाइंड स्पॉट ऐसे हैं जहां से बिना निगरानी के सामान अंदर ले जाया जा सकता है? सूत्रों का कहना है कि कई कैमरे या तो काम नहीं कर रहे या उनकी मॉनिटरिंग नियमित रूप से नहीं की जाती।

### पूरे प्रदेश से आते हैं मरीज

गौरतलब है कि यह अस्पताल प्रदेश का प्रमुख रेफरल सेंटर है, जहां दूर-दराज जिलों से गंभीर मरीज इलाज के लिए आते हैं। बेहतर सुविधाओं और आधुनिक इलाज के दावों के बीच सुरक्षा व्यवस्था में इस तरह की चूक अस्पताल की छवि को प्रभावित कर सकती है।

### जांच की उठी मांग

अब सवाल यह है कि क्या इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी? क्या सुरक्षा एजेंसी और अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी तय की जाएगी? फिलहाल मरीजों और उनके परिजनों की मांग है कि सुरक्षा व्यवस्था को कड़ाई से लागू किया जाए, सीसीटीवी की समीक्षा हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### तंबाखू गुटखा आम बात

अस्पताल में पहले भी गुटखा और तंबाकू सेवन की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में शराब की बोतलें मिलना इस समस्या को और गंभीर बना देता है। न्यूरोलॉजी जैसे संवेदनशील वार्ड में इस तरह की घटना मरीजों की सुरक्षा और उपचार व्यवस्था दोनों पर सवाल उठाती है।

# भंवरताल परिवार का रंग-पंचमी मिलन समारोह संपन्न

## पूर्व विधायक विनय सक्सेना रहे मुख्य अतिथि, समारोह में महिला सहभागिता ने बढ़ाई उत्सव की गरिमा







जबलपुर।

होली के समापन दिवस रंगपंचमी के अवसर पर भंवरताल परिवार ने पारंपरिक "मिलन समारोह" हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शरदचंद्र पालन ने की, जबकि पूर्व विधायक विनय सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के संयोजक सलिल जैन रहे। भंवरताल उद्यान में प्रातः भ्रमण कर रहे नागरिकों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। भंवरताल परिवार की ओर से उपस्थितजनों के लिए स्वादिष्ट स्वल्पाहार और सात्त्विक ठंडाई का वितरण किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कदम संस्था की श्रीमती गुरमीत कौर मैनी और उनकी महिला सदस्य भी समारोह में शामिल हुईं। भंवरताल परिवार की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

समारोह के सफल आयोजन में बंटी ठाकुर, दिलीप साहू, एस. महेश्वरी, आजाद जैन, राजू अग्रवाल, एस. श्री पैश्या, ओमप्रकाश अग्रवाल, मनोज खत्री, कमलेश भाई, सुनील बिछैले, अनिल जिल्ले, मुरली भाई, बाबू भजॉली, डब्बू विश्वकर्मा और सतेन्द्रभाई का विशेष योगदान रहा। वहीं विवेक यादव ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# मसाला व सुगंधीय फसलों पर दो दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी शुरू

**जेएनकेवीवी में विशेषज्ञों ने उत्पादन बढ़ाने और क्षेत्र विस्तार पर दिया जोर**

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में उद्यान शास्त्र विभाग तथा सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय, कोझिकोड (केरल) के सहयोग से मसाला एवं सगंधीय फसलों की प्रौद्योगिकी प्रसार विषय पर दो दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एकीकृत उद्यानिकी विकास मिशन (MIDH) के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने संगोष्ठी की सराहना करते हुए जिले में मसाला और सगंधीय फसलों के उत्पादन तथा इनके क्षेत्र विस्तार पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतू ने मसाला फसलों में मूल्य संवर्धन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा ने प्रदेश में क्षेत्रवार उगाई जाने वाली मसाला फसलों की जानकारी देते हुए कहा कि इनकी खेती से परंपरागत फसलों की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय एवं विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति बारचे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम और MIDH परियोजना के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा द्वारा मिर्च, धनिया और सौंफ की उत्पादन तकनीक पर आधारित तकनीकी पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। साथ ही परियोजना के अंतर्गत किसानों को पौध सामग्री, जैव उर्वरक और संबंधित साहित्य का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मप्र शासन की डॉ. नेहा पटेल ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रजनी शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अखिलेश तिवारी ने किया।

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जयंत भट्ट, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, उपलेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे, कृषि व्यवसाय प्रबंधन के निदेशक डॉ. मोनी थॉमस, परियोजना प्रमुख डॉ. आनंद विश्वकर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव सहित अनेक वैज्ञानिक, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मातृशक्ति सम्मान आयोजित

**योग वेदांत समिति का घुघरा में आयोजन**



सिहोरा

श्री योग वेदांत सेवा समिति सिहोरा के तत्वाधान में बाल संत हठयोगी (परमानंद आश्रम करौदी) पूज्यश्री सुभाष चैतन्य महाराज के पावन सानिध्य में संध्या दिलीप दुबे के मुख्यातिथ्य,राजा मोर की अध्यक्षता एवं कमलकांत गुप्ता,दीना पटेल,दिनेश गुप्ता दीपक पहारिया,आनंद तपा,जितेन्द्र पटेल की उपस्थिति में निःशुल्क चिकित्सा शिविर,रंगोत्सव नारी सम्मान का आयोजन हरिओम गौशाला भदभदा घुघरा में किया गया।कार्यक्रम में सभी प्रकार के नये-पुराने, छोटे-बडे रोगों का उपचार परामर्श व एक्यूप्रेसर प्रशिक्षण-संवेदना एक्यूप्रेशर योग संस्थान के डॉ. विमल जैन,डॉ लव मिश्रा,डॉ अरविंद झिंगरन, श्यामा दुबे,ज्योति दुबे पतंजलि महिला योग समिति की पूर्व प्रदेश प्रभारी होम्योपैथी डॉ मनीष व्यास, हीरा बर्मन कूम्ही सतधारा द्वारा किया गया। महिला किसान अर्चना सोनी के द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया ।

# एनएमएमएस परीक्षा में संदीपनी मेडिकल स्कूल के 15 छात्र चयनित

**विद्यालय की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से मिली महत्वपूर्ण सफलता**

जबलपुर।

संदीपनी मेडिकल स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति (NMMS) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 15 छात्रों का चयन हुआ है। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण मानी जा रही है।

चयनित विद्यार्थियों में सिद्धार्थ रजक, रौनक राजपूत, मानसी, अटल, स्वस्तिक, शिवा, देवांश, तन्मय, अमृता, यश रजक, यश नाथ, रुद्रराज, विशेष, वेदांत और वैभव नामदेव शामिल हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। परीक्षा के लिए विशेष तैयारी और प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप यह शानदार परिणाम प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य किरण राव, उप प्राचार्य शैलेश पाठक, रेखा शर्मा और आभा जैन सहित सभी शिक्षकों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय परिवार ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन देकर ऐसी सफलताओं को निरंतर दोहराने का प्रयास जारी रहेगा।




## जीपीएफ समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर 16 को

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल की विभिन्न उत्तरवर्ती कंपनियों के कार्मिकों की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 16 मार्च को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में प्रातः 11 बजे से शुरू होगा। शिविर में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जो जीपीएफ के अंतिम भुगतान, पार्ट फाइनल भुगतान तथा जीपीएफ ऋण (लोन) आहरण से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी देंगे और इससे जुड़ी समस्याओं का समाधान करेंगे। विद्युत मंडल की सभी उत्तरवर्ती कंपनियों के कार्मिकों से अपील की गई है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपनी जीपीएफ से जुड़ी समस्याओं का निराकरण कराएं और इस सुविधा का लाभ उठाएं।

# गांव में किये जा रहे नवचार कार्यक्रमों की दी जानकारी



सिहोरा।

विकासखंड के तहत गोसलपुर सेक्टर क्रमांक 2 के तहत आने वाले पांच प्रस्फुट्न ग्रामों में गठित समितियां के अध्यक्ष सचिव व सदस्यों का मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तहत नवांकुर योजना मे चयनित पौराणिक अद्भुत विघा शोध संस्थान द्वारा सेक्टर अंतर्गत आने वाली समितियों के सदस्यों के लिए क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम गोसलपुर मे संचालित संस्था के कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न परिषद के जिला समन्वयक जी डी रायपुरिया द्वारा समितियों की अवधारणा परामर्शदाता प्रवीण गौतम,सुरभि कोरी द्वारा समिति का दस्तावेजीकरण समिति के सचिव दिव्याकर्षण राज त्रिपाठी,हेमचंद असाटी द्वारा परिषद का एप संचालन व समिति की भूमिका गौ संरक्षण जल संवर्धन जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया इस दौरान प्रशिक्षण में आए समिति सदस्यों द्वारा अपने-अपने गांव में किये जा रहे नवाचार कार्यक्रमों की जानकारी दी साथ ही सेक्टर के अंतर्गत आने वाले एक ग्राम को आदर्श ग्राम चिन्हित करने का संकल्प लिया गया।

अंत मे सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राहुल तंतुवाय, अर्पित चौबे, संजीव श्रीवास, विकुमार शर्मा, नरेंद्र बर्मन दीपक पटेल, राज त्रिपाठी, राज पटेल, राजीव पटैल, चैतु कोल, वर्षा श्रीपाल, किशन बर्मन, नेहा यादव, खुशबू रजक, रोहिणी बर्मन, दीपक तंतुवाय, धर्मेंद्र सिंह गौड़, दीपक काछी, शिवम तंतुवाय, सरिता काछी, विजय दुबे, विकास यादव आदि उपस्थित रहे।

# बाबाताल महारुद्र यज्ञ में यज्ञोपवीत संस्कार आज



**सिहोरा।** सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में आयोजित हवनात्मक एंव महाअभिषेकात्मक श्री महारुद्र यज्ञ में नगर के साथ अनेक ग्रामीण क्षेत्रों के भक्त गण बड़ी संख्या में पहुंचकर यज्ञ भगवान की परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। शिव भगवान की असीम अनुकम्पा से लगातार 37 वें वर्ष आयोजित यज्ञ में आज शुक्रवार को इस विशाल एंव भव्य धार्मिक आयोजन में ब्राह्मण बालकों का जनेऊ यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया जायेगा जिसमें क्षेत्र के दर्जनों बालकों का ब्रतबंध संस्कार पंडितों के द्वारा संपन्न कराया जायेगा।

# अंशुल बनी साहू महिला मंडल की अध्यक्ष

**शिवांगी उपाध्यक्ष, रोशनी सचिव नियुक्त**



**सिहोरा।** साहू महिला मंडल द्वारा कटरा मोहल्ला स्थित बाबा शाला मंदिर में साहू समाज महिला मंडल की महिलाओं की समाज के चुनाव के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसका संचालन महिला अध्यक्ष श्रीमती सोनाली साहू द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने विगत दो वर्षों में समाज में किए गए कार्यों से अवगत कराया एवं संगठन को मजबूत करने के साथ महिलाओं बच्चों के विकास पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान साहू समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से की गई जिसमें श्रीमती अंशुल सौरभ साहू को अध्यक्ष,श्रीमती शिवांगी आशीष साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती रोशनी प्रशांत साहू सचिव,

# ग्राम समितियों का एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न

**एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को वार्ड नंबर 12 स्थित कार्यालय में आयोजित किया**



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद पाटन विकासखंड के अंतर्गत ग्राम समितियों का एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को वार्ड नंबर 12 स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था स्व. कुंवर शंकर सिंह जन कल्याण संस्था के संयोजन में संपन्न हुआ, जिसमें पाटन सेक्टर की विभिन्न ग्राम समितियों के अध्यक्ष, सचिव और प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रीमती नूपुर खरे ने जनअभियान परिषद की अवधारणा और उसके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं मुख्य वक्ता डॉ. कामता प्रसाद सेन ने समितियों की क्षमता वृद्धि, दस्तावेजीकरण और आगामी कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता श्री कांत नेमा ने विधिक सेवा सहायता केंद्र और उसकी उपयोगिता पर जानकारी देते हुए लोगों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पवन वर्मन, रविता मेहरा, सुधा कुशवाहा, अनुजा पटेल, अरविंद पटेल, राजकुमारी राठौर, दसोदा बाई, रूपाली कर्ण और दशरथ अहिरवार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नवांकुर संस्था स्व. कुंवर शंकर सिंह जन कल्याण संस्था के अध्यक्ष ठाकुर रामनारायण सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।




**श्रीमती अरूणा वर्षे-** हैलटगंज सदर निवासी श्री प्रेमचंद वर्षे की धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा वर्षे (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लीलाधर-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री लीलाधर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार चक्रवर्ती-** शीतलामाई कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री विनोद कुमार चक्रवर्ती (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री करमचंद राजलानी-** संत जलाराम बापू नगर तिलहरी निवासी श्री करमचंद राजलानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई जैन-** जगमीत विहार गोरखपुर निवासी श्री जबरी लाल जैन की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई जैन (99) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री तुलसीराम वाल्मीक-** ओम कला मंदिर रोड चांदमारी लालमाटी निवासी श्री तुलसी रामवाल्मीक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुर्गावती मिश्रा-** बीजी होम्स पंचशील नगर टैगोर नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री जगदीश नारायण मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गावती मिश्रा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती शिवकलिया साहू- बजरंग नगर करमेता निवासी श्री राम बहोर साहू की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकलिया साहू (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रत्ना बाई चौधरी-** बाबा टोला रविदास नगर निवासी श्री राम लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रत्ना बाई चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शारदा-** पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री भगवान दास की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूला बाई अहिरवार-** रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री झलकन अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमी फूला बाई अहिरवार (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा देवी ढींगरा-** सत्यप्रकाश परिसर तिलहरी निवासी श्री मनोहर लाल ढींगरा की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा देवी ढींगरा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. मानसी साहू-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री संजय कुमार साहू की पुत्री कु. मानसी साहू (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाबू राम-** बिलहरी निवासी श्री बाबू राम (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सत्य नारायण तिवारी-** न्यू शास्त्री नगर मेडिकल निवासी श्री सत्य नारायण तिवारी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कन्हैया रैकवार-** बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री कन्हैया रैकवार (83) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
संपर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### कृषि-खाद्य क्षेत्र में महिलाओं को अधिक भूमिका मिले : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृषि एवं कृषि-खाद्य क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को नीति निर्माण, निर्णय-प्रक्रिया और नेतृत्व पदों पर अधिक भूमिका मिलनी चाहिए। उन्होंने इस क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला में लैंगिक असमानता को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने 50 करोड़ डॉलर का ऋण जुटाया

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने गिफ्ट सिटी स्थित अपने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र बैंकिंग इकाई के माध्यम से 50 करोड़ डॉलर का पांच साल का ऋण जुटाया है। इस ऋण में एशिया के प्रमुख बाजारों के निवेशकों ने भागीदारी की। यह करीब एक वर्ष के अंतराल के बाद वैश्विक कर्जदाताओं के समूह के ऋण बाजार में बैंक की वापसी को दर्शाता है।

### अक्जोनोबेल का नाम हुआ 'जेएसडब्ल्यू डुलेक्स'



**नई दिल्ली।** पेंट और कोटिंग बनाने वाली कंपनी अक्ज़ोनोबेल इंडिया का नाम बदलकर अब 'जेएसडब्ल्यू डुलक्स' हो गया है। कंपनी को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से इसके लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने 10 दिसंबर, 2025 को एक शेयर खरीद समझौते के तहत अक्ज़ोनोबेल इंडिया में 60.76 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी।

# ईरान पर हमले और स्ट्रेट हॉफ होर्मुज में माइंस बिछाने की खबरों से दहशत

## शेयर बाजार में निवेशकों की बढ़ी चिंता, सेंसेक्स 829 अंक लुढ़का, निफ्टी 23,639 पर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में 12 मार्च को भारी उतार-चढ़ाव के बीच तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स 829 अंक की गिरावट के साथ 76,034.42 अंकों के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 227 अंक फिसलकर 23,639.15 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है।

मिडकैप शेयरों में भी पूरे दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 69 अंक की गिरावट के साथ 15,922.20 अंक पर बंद हुआ। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक इस गिरावट के पीछे चार बड़े कारण रहे।

### इंडिया वीआईएक्स में तेज उछाल

बाजार में घबराहट का संकेत देने वाला वोलैटिलिटी इंडेक्स इंडिया वीआईएक्स 8% से ज्यादा उछलकर 20.5 के स्तर पर पहुंच गया। यह संकेत देता है कि निकट भविष्य में बाजार में तेज उतार-चढ़ाव की आशंका बढ़ गई है, जिसके चलते निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।




### ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स

टॉप गेनर्स में आज जेएसडब्ल्यू एनर्जी, एसआरएफ और कोल इंडिया ने क्रमशः 6.21 फीसदी, 5.53 फीसदी और 5.23 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। बीएचईएल और टोरेंट पावर के शेयरों में भी क्रमशः 4.73 फीसदी और 4.66 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। पिरामल फार्मा, इंडसलैंड बैंक, अंबर एंटरप्राइज, टीवीएस मोटर और वरुण बेवरेजेज टेक क्रमशः 6.36 फीसदी, 5.22 फीसदी, 5.18 फीसदी, 4.95 फीसदी और 4.68 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे। इनके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, बजाज फाइनेंसर, भारती एयरटेल, टाटा कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयरों भी भारी गिरावट दर्ज की गई।

### मिडिल ईस्ट तनाव से अनिश्चितता

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष को लेकर आ रहे विरोधाभासी संकेतों ने बाजार में अनिश्चितता बढ़ा दी है। एक ओर डोनल्ड ट्रंप ने युद्ध जल्द खत्म होने के संकेत दिए, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई और अमेरिकी बाजारों में तेजी दिखी। लेकिन दूसरी ओर ईरान ने संकेत दिया कि संघर्ष जारी रह सकता है। यूनाइटेड स्टेट और इजरायल की ओर से हमले जारी रहने और स्ट्रेट हॉफ होर्मुज में माइंस बिछाने की खबरों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी।

## तेल बाजार में अचानक हलचल, आईईए ने लिया फैसला, ईरान ने दी कीमत बढ़ाने की चेतावनी

# आईईए के 32 देशों ने किया 400 मिलियन बैरल तेल बाजार में उतारने का ऐलान

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन।

ईरान युद्ध के कारण पूरी दुनिया में बढ़ी पेट्रोल की कीमतों को कम करने के लिए इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के 32 सदस्य देशों ने बड़ा फैसला लेते हुए 400 मिलियन बैरल तेल बाजार में उतारने का ऐलान किया है। यह आईईए के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा ऑयल रिलीज माना जा रहा है।

आईईए के फैसले से कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आने की उम्मीद है। फिलहाल सदस्य देशों के पास करीब 1.2 अरब बैरल कच्चे तेल का रणनीतिक भंडार मौजूद है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनका प्रशासन ईरान युद्ध के कारण बढ़ी पेट्रोल की कीमतों को कम करने के लिए अमेरिका के 'स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व' का इस्तेमाल करेगा। सिनसिनाटी में एक स्थानीय चैनल को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, "हम ऐसा करेंगे और फिर बाद में इसे फिर से भर देंगे। अभी हम इसे थोड़ा कम करेंगे और इससे कीमतें नीचे आएंगी। गौरतलब है कि 'स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व' कच्चे तेल का वह आपातकालीन भंडार है, जिसे अमेरिकी सरकार किसी बड़े भू-राजनीतिक संकट, युद्ध या आपूर्ति रुकने की स्थिति में इस्तेमाल के लिए भूमिगत गुफाओं में जमा करती है।




### तेल कीमतों पर पड़ सकता है असर

विशेषज्ञों के मुताबिक अगर यह तेल जल्द बाजार में उतारा गया तो कच्चे तेल की कीमतों में राहत मिल सकती है। हाल ही में कच्चे तेल का भाव 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। फिलहाल वैश्विक स्तर पर करीब 20 मिलियन बैरल प्रतिदिन सप्लाई बाधित होने का अनुमान है, जबकि आईईए के सदस्य देश एक महीने में लगभग 100 मिलियन बैरल तेल बाजार में उतारने की योजना बना रहे हैं। इसके तहत रोजाना करीब 3.3 मिलियन बैरल तेल जारी किया जा सकता है।

**बैठक में सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सभी 32 देशों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का समर्थन किया। अगर एक भी देश वीटो कर देता तो यह प्रस्ताव पारित नहीं हो पाता। आईईए का मुख्यालय पेरिस में स्थित है और यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए सदस्य देशों के साथ मिलकर रणनीतिक फैसले लेती है।

**अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी :** इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड करीब 4.58% बढ़कर 91.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड लगभग 4.73% की तेजी के साथ 87.40 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।

### ईरान बोला- 200 डॉलर प्रति बैरल के लिए तैयार रहें

एक ओर जहां तेल की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने के लिए आईईए ने बड़ा कदम सुझाया है वहीं मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच ईरान ने वैश्विक तेल बाजार को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। ईरान के सैन्य कमान के प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाखरी का कहना है कि मौजूदा हालात जारी रहे तो दुनिया को 200 डॉलर प्रति बैरल तक तेल की कीमतों के लिए तैयार रहना पड़ सकता है। इस बयान से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में चिंता और बढ़ गई है। ईरान ने कहा कि तेल की कीमतें क्षेत्रीय सुरक्षा पर निर्भर करती हैं और मौजूदा हालात बेहद अस्थिर हैं।

### आईईए का रिकॉर्ड रिलीज

*इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने भी बड़ा फैसला लिया है। इसके 32 सदस्य देशों ने मिलकर रिकॉर्ड 400 मिलियन बैरल तेल अपने इमरजेंसी रिजर्व से बाजार में उतारने का ऐलान किया है। यह अब तक का सबसे बड़ा समन्वित रिलीज है। अमेरिका इसमें सबसे बड़ा हिस्सा 172 मिलियन बैरल निकालेगा, जबकि जापान और यूरोपीय देश भी अपने रिजर्व से तेल निकालेंगे। इससे पहले वर्ष 2022 में रूस–यूक्रेन के दौरान आईईए ने लगभग 182 मिलियन बैरल तेल जारी किया था।*

## गोल्ड में आएगा बड़ा उछाल!

# एक्सपर्ट बोले- 3 लाख रुपए तक जा सकता है भाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कुछ साल पहले तक 10 ग्राम सोने का भाव 3 लाख रुपए तक पहुंचने की बात कल्पना जैसी लगती थी लेकिन अब कई वैश्विक मार्केट एक्सपर्ट मानते हैं कि बदलती आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण आने वाले वर्षों में सोने की कीमतें नई ऊंचाइयों तक जा सकती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 10,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचती है, तो भारत में 10 ग्राम सोने का भाव करीब 2.7 लाख से 3.1 लाख रुपए के बीच हो सकता है। सोने की कीमतों में संभावित इस तेजी के पीछे कई बड़े वैश्विक कारण बताए जा रहे हैं, जिनमें बढ़ता वैश्विक कर्ज, भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर पर घटता भरोसा शामिल है।

### कुछ वर्षों में सोने की कीमतों में मजबूती

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले कुछ वर्षों में सोने की कीमतों में मजबूती देखी जा सकती है। कुछ विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो 2029 तक सोना 10,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि सोना कब 10,000 डॉलर तक पहुंचेगा लेकिन वैश्विक आर्थिक बदलाव यह संकेत जरूर दे रहे हैं कि लंबे समय में सोने की कीमतों में

### अनिश्चित अर्थव्यवस्था, लंबे समय का मजबूत ट्रेंड

दुनिया की अर्थव्यवस्था में बढ़ती अनिश्चितता और देशों के बीच घटते भरोसे के कारण निवेशक सुरक्षित एसेट्स में ज्यादा निवेश कर रहे हैं। वहीं विश्लेषकों के मुताबिक सोने में लंबे समय से मजबूत अपट्रेंड बना हुआ है और लगातार बढ़ती मांग इसे नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

## रेडी टू ईट फूड का रखें स्टॉक

# रेलवे स्टेशनों पर इंडक्शन माइक्रोवेव का इस्तेमाल करें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कमी की आशंका के बीच इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन ने रेलवे स्टेशनों पर चलने वाली खान-पान सेवाओं को लेकर नई एडवाइजरी जारी की है। मिडिल ईस्ट संकट का असर तेल के बाद गैस पर भी पड़ रहा है, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। आईआरसीटीसी की एडवाइजरी के तहत रेलवे स्टेशनों पर मौजूद कैटरिंग यूनिट्स और स्टॉल संचालकों को गैस की कमी से निपटने के लिए सतर्क रहने की अपील की गई है। अगर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में बाधा आती है, तो वैकल्पिक उपाय अपनाने के निर्देश दिए गए हैं।

- गैस संकट से निपटने को आईआरसीटीसी ने जारी की एडवाइजरी



### रेडी टू ईट फूड का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश

आईआरसीटीसी ने कैटरिंग संचालकों को 'रेडी टू ईट' फूड का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश भी दिए हैं। मानक पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर और अन्य खाद्य पदार्थों के साथ-साथ आरटीई भोजन का पर्याप्त भंडार रखने से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि अगर ताजा भोजन बनाना संभव न हो तो भी यात्रियों को आसानी से खाने के पैकेट उपलब्ध कराए जा सकें।

### आदेश स्टेशनों के लिए, ट्रेनों के लिए नहीं

कैटरिंग यूनिट्स को माइक्रोवेव और इंडक्शन जैसे बिजली से चलने वाले उपकरणों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। इसका उद्देश्य है कि यात्रियों को भोजन और नाश्ते की सुविधाओं में किसी तरह की कमी न हो। आईआरसीटीसी ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश चलती ट्रेनों में मिलने वाली कैटरिंग सेवाओं पर लागू नहीं होगा। यह नियम केवल रेलवे स्टेशनों पर मौजूद स्थिर कैटरिंग यूनिट्स और दुकानों के लिए लागू किया गया है।

# अब हर जीबी डेटा के लिए जेब होगी ढीली सरकार नया टैक्स लाने की तैयारी में...!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में अब सस्ता इंटरनेट बीते जमाने की बात हो सकती है। केंद्र सरकार भविष्य में इंटरनेट डेटा के इस्तेमाल पर नया टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई हालिया बैठक में इस अहम प्रस्ताव पर चर्चा हुई है। यदि यह योजना लागू होती है, तो मोबाइल और ब्रॉडबैंड यूज़र्स को हर जीबी डेटा की खपत पर अतिरिक्त शुल्क चुकाना पड़ सकता है। इस फैसले का सीधा असर आपके मासिक रिचार्ज और डेटा प्लान्स की कीमतों पर पड़ेगा।

### भारत में डेटा की कीमतें सबसे कम

भारत वर्तमान में दुनिया के उन देशों में शामिल है



जहाँ डेटा की कीमतें सबसे कम हैं। कम कीमतों की वजह से देश में डेटा की खपत और औसत स्क्रीन टाइम बहुत बढ़ गया है। सरकार का मुख्य उद्देश्य इस डेटा के उपयोग को अधिक सार्थक और रचनात्मक बनाना है। डेटा पर टैक्स लगाकर सरकार लोगों के अनावश्यक स्क्रीन टाइम को कम करना चाहती है। इसके साथ ही, डेटा का इस्तेमाल महत्वपूर्ण और उत्पादक कार्यों के लिए बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

### राजस्व बढ़ाने का नया मास्टरप्लान

विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम सरकार के राजस्व को बढ़ाने का एक बड़ा जरिया बन सकता है। वर्तमान में इंटरनेट डेटा पर केवल जीएसटी लागू होता है। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल भारत में रिकॉर्ड 229 अरब जीबी मोबाइल डेटा की खपत हुई थी। यदि सरकार प्रति जीबी डेटा पर महज एक रुपया भी टैक्स लगाती है, तो सरकारी खजाने में सीधे 229 अरब रुपये का इजाफा होगा। यह वित्तीय मजबूती के लिहाज से एक बड़ा आंकड़ा साबित हो सकता है।

# राज्यों को 40,000 किलोलीटर अतिरिक्त मिट्टी का तेल आवंटित : पेट्रोलियम मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के विकल्प के रूप में राज्यों को अतिरिक्त 40,000 किलोलीटर केरोसिन (मिट्टी का तेल) आवंटित किया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों द्वारा चिह्नित लाभार्थियों को कुछ और वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

*कच्चे तेल की आपूर्ति संतोषजनम : मंत्रालय : मंत्रालय सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति फिलहाल संतोषजनक है और करीब एक लाख पेट्रोल पंप में कहीं भी ईंधन खत्म होने की स्थिति नहीं है। यह बयान पश्चिम एशिया संकट के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आने वाले तेल एवं गैस आयात के काफी हद तक बाधित हो जाने के बीच आया है। इसकी वजह से रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत की शिकायतें सामने आ रही हैं।*

# अल्फाग्रेप को म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने के लिए सेबी की मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निवेश कंपनी अल्फाग्रेप को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही कंपनी खुदरा परिसंपत्ति प्रबंधन क्षेत्र में प्रवेश करेगी। अल्फाग्रेप म्यूचुअल फंड के माध्यम से उसका उद्देश्य 'एल्गोरिदम' आधारित निवेश को अधिक लोगों तक पहुंचाना है, ताकि खुदरा निवेशकों को भी उन उन्नत एवं व्यवस्थित निवेश उपकरणों तक पहुंच मिल सके जो अब तक मुख्य रूप से संस्थागत निवेशकों तथा अत्यधिक उच्च संपत्ति वाले व्यक्तियों के लिए उपलब्ध थे। म्यूचुअल फंड इकाई का संचालन अल्फाग्रेप इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के तहत होगा।




### 2000 करोड़ से अधिक परिसंपत्तियों का प्रबंधन

यह इकाई फरवरी 2026 तक अपने विशेष वैकल्पिक निवेश कोष एवं खंड प्रबंधन सेवाओं के मंचों के माध्यम से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का प्रबंधन कर रही है। यह गिफ्ट सिटी में भी काम करती है। कंपनी बयान के अनुसार, नया कारोबार उन्नत गणितीय मॉडल, कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग पर आधारित परिमाणात्मक इक्विटी एवं मिश्रित निवेश रणनीतियों पर केंद्रित होगा।

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 100/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 12.03.2026

**निविदा सूचना 117/2026_STDC_490037_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम :- सुभद्रा कुमारी चौहान स्मारक जिला सिवनी में सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य। (04 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 24.69 लाख।**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 26.03.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/124888/2026 कार्यपालन यंत्री

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिवनी जिला - सिवनी (म.प्र.)**
**नगर पालिका चौराहा, एन. एच. 7 मार्ग, जिला - सिवनी (म.प्र.) 480661**
Email Id :cmoseoni@mpurban.gov.inPhone : 07692221301
क्रमांक/7880/विधुत शा./न.पा.प./2026 सिवनी दिनांक 11/03/2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा निम्नलिखित सामग्री की निविदा सूचना ई टेण्डरिंग पद्धति से ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आईटम दर आधार पर आमंत्रित है। समस्त पंजीकृत फर्मो / सप्लायरों से जिनकी अपनी स्वयं की संबंधित फर्म हो या निमार्ता हो अथवा जो केन्द्र सरकार अथवा म. प्र. सरकार का अद्यतन रूप से बिक्री कर एवं आयकर भुगतान करते हो से नगर पालिका परिषद सिवनी जिला सिवनी निम्न सामग्री की आवश्यकता है। विस्तृत निविदा https://mpte»»fders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | पोर्टल टेंडर नम्बर | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का शुल्क EMD | निविदा की अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_ 489514 | वर्ष 2026 2027 हेतु विधुत शाखा अंतर्गत वार्षिक सामग्री क्रय | 15 दिवस 25,00,000 | 5,000 18750 | 15/04/2026 |

शर्ते :- (1) निविदा प्रतियोगिता में सिर्फ सामग्री निमार्ता / अधिकृत विक्रेता की ही दरें मान्य की जावेगी। गैर सामग्री निमार्ता फर्म / विक्रेता की निविदा दर स्वीकार नहीं की जावेगी। (2) शासन द्वारा समय समय पर निदेर्शानुसार आदेश का पालन करना अनिवार्य होगा। (3) सामग्री की दरें समस्त करों सहित नगर पालिका सिवनी पहुंचाकर देना आवश्यक होगा किन्तु अधिभारित टैक्सों का लेख स्पष्ट किया जावे। (4) सामग्री का क्रय नगर पालिका अपनी आर्थिक स्थिति व आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर करेगी इसके लिये किसी प्रकार का कारण बताया जाना आवश्यक नहीं होगा। (5) निकाय द्वारा सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण उपरांत ही भुगतान किया जावेगा। (6) सामग्री के बिल मे से नियमानुसार करों की कटौती की जावेगी। (7) निविदा स्वीकृत करने अथवा ना करने का पूर्ण अधिकारी सक्षम प्राधिकारी नगर पालिका परिषद सिवनी के पास सुरक्षित रहेगा। (8) सामग्री निर्धारित गुणवत्ता की नहीं पाये जाने पर सामग्री का भुगतान नहीं किया जावेगा। (9) किसी भी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने पर नगर पालिका परिषद सिवनी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य करना होगा। (10) विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र उच्च न्यायालय जबलपुर होगा। (11) निविदा स्वीकृत होने पर शासन के आदेशानुसार 1000 राशि के स्टांप पर अनुबंध करना अनिवार्य होगा। (12) निविदा उपरांत सफल निविदाकार को अनुबंध निष्पादन के पूर्व 5 प्रतिशत अमानत राशि एफ डी आर के रूप में अतिरिक्त जमा करना अनिवार्य होगा। (13) निकाय द्वारा निर्धारित स्थान पर सामग्री प्रदाय हेतु ठेकेदार बाध्य होगा। (14) निविदा सशर्त वाले स्वीकार नहीं किये जावेंगे। (15) सामग्री प्रदायकर्ता / कार्य विक्रेता / फर्म को निविदा में सामग्री में कंपनी का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। (16) सामग्री प्रदायकर्ता / कार्य विक्रेता/फर्म का इनकम टैक्स रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होगा। (17) सामग्री प्रदायकर्ता / कार्य विक्रेता / फर्म का 03 वर्षो का इनकमटैक्स रिटन जमा होने का प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। (18) सामग्री प्रदायकर्ता / कार्य विक्रेता / फर्म को 03 वर्षो का टर्नओवर सी ए से आडिट किया हुआ निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। (19) सामग्री प्रदायकर्ता / कार्य विक्रेता / फर्म को कंपनी से आवश्यकतानुसार डीलर प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद सिवनी**

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव,**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.**
राजस्व मामला क्रं. 001/अ-82/2025-26
क्रं. 357 भू-अर्जन / 2026 नरसिंहपुर, दिनांक- 17/02/2026

**सूचना- प्रारूप**

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर द्वारा ग्राम मनकवारा में जबलपुर – इटारसी रेल्वे लाईन पर स्थित क्रांसिंग नं. 262 पर लोक निर्माण विभाग द्वारा रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण हेतु आवश्यक भूमि हेतु समुचित सरकार मौजा मनकवारा प.ह.नं. 132 तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर स्थित भूमि रकबा 1.213 हे. भूमि का अर्जन करना चाहती है। समुचित सरकार द्वारा भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 7 के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का मूल्यांकन कराये जाने हेतु स्वतंत्र बहु- शाखायी विशेषता समूह का गठन किया गया था। सामाजिक समाघात निर्धारण दल द्वारा प्रस्तुत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट के मूल्यांकन उपरांत प्रस्तुत सिफारिशें (रिपोर्ट) अधिनियम की धारा 7 (6) के तहत इस सूचना के साथ संलग्न कर प्रकाशित की जा रही है।

अधिनियम की धारा 8(3) के तहत समुचित सरकार का विनिश्चय भी प्रकाशित किया जाता है कि प्रकरण में सामाजिक समाघात निर्धारण दल द्वारा प्रस्तुत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं विशेष समूह द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन रिपोर्ट के परीक्षण उपरांत यह स्पष्ट है कि अधिग्रहित की जा रही भूमि के भूमि स्वामियों का विस्थापन पूर्ण रूप नही हो रहा है। यह अधिग्रहण रेखीय अधिग्रहण की श्रेणी में आता है जिसमें सार्वजनिक लोक प्रयोजन के स्थल में स्कूल भवन प्रभावित है। मार्ग निर्माण से संभावित दुर्घटनाओं एवं यातायात बाधित होने की समस्या निराकृत होगी एंव आसपास के गांव से संपर्क स्थापित किया जा सकेगा। जिससे परिस्थितिकी तंत्र में कोई प्रभाव नही पड़ेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
गाडरवारा
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

(श्रीमति रजनी सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर म.प्र.

G-27137/25

चिंतन

# संकट नहीं पर घरेलू गैस को लेकर अधीर हो रहे लोग

अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। अमेरिका से लेकर यूरोप और जापान से लेकर चीन और भारत में तेल के दाम 100 डॉलर से ऊपर पहुंच गए हैं। तेल के दाम सीधे तौर पर आम आदमी की जेब पर असर डाल रहे हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का बड़ा हिस्सा बाहर से मंगाता है, इसलिए हम पर दबाव अधिक है। हाल के वर्षों में सरकार ने अपने ऊर्जा आयात का विविधिकरण किया है, इसके बावजूद गैस का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से ही आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े खतरे की वजह से इस संकरे समुद्री मार्ग से टैंकरों का गुजरना खासा मुश्किल हो गया है। ईरान के साथ वार्ता के बावजूद अभी यह सौ फीसदी सुनिश्चित नहीं हो सका है कि भारतीय गैस टैंकर इस मार्ग से सुरक्षित आ सकेंगे या नहीं। दावा किया जा रहा है कि ईरान ने भारतीय झंडे वाले जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति दे दी है। इसके बावजूद स्थिति को लेकर संदेह बना हुआ है। भारत ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया है। इसने देश में पेट्रोल व डीजल के संकट को लेकर आशंकाओं को खारिज कर दिया है। लेकिन, रसोई गैस बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। सरकार ने व्यावसायिक उपयोग की रसोई गैस को लेकर कटौती की घोषणा की है, लेकिन घरेलू उपयोग की गैस 100 फीसदी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। इसके बावजूद लोगों की आशंकाओं ने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी है, जैसे देश में घरेलू रसोई का संकट उत्पन्न हो गया हो। हालांकि, कुछ हद तक कालाबाजारी की खबरों ने लोगों को अधीर बना दिया है। जनता हर हाल में अपनी रसोई को गैस संकट से सुरक्षित करना चाहती है। तत्काल जरूरत न होते हुए भी लोग तुरंत ही दूसरा सिलेंडर भरवा लेना चाहते हैं। यही भावना गैस एजेंसियों पर भीड़ लगवा रही है। इससे ही यह संदेश जा रहा है कि देश में घरेलू गैस का संकट हो गया है। जबकि स्थिति ऐसी नहीं है। संसद में भी एलपीजी कमी के आरोपों पर सरकार व विपक्ष में टकराव देखने को मिला। हालांकि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ऐसी किसी भी कमी से साफ इनकार किया। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि पिछले पांच दिनों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है और देश में आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने और झूठा नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया। पुरी ने यह भी कहा कि भले ही भारत का पश्चिम एशिया के संघर्ष में कोई सीधा रोल नहीं है, लेकिन इसके असर से देश को निपटना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है। यही नहीं, कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से जवाब मांगा। कमर्शियल सिलेंडरों की कमी से देश के कई क्षेत्रों में होटल, मेस और ढाबे या तो बंद हो गए हैं या बंद होने वाले हैं। कई जगहों पर लकड़ी व कोयले की मांग भी बढ़ी है। कुल मिलाकर हालात चुनौतीपूर्ण तो हैं, लेकिन धैर्य से हर परेशानी दूर हो सकती है।



आर्थिकी
अनिरुद्ध प्रताप सिंह

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से चुनौती

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है।

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत रोजाना लगभग 50 लाख बैरल कच्चा तेल आयात करता है। इसलिए कीमतों में इस तरह की बढ़ोतरी का सीधा मतलब है कि देश को तेल आयात पर पहले से कहीं ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। इससे आयात बिल बढ़ेगा, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। इसका रुपये पर भी दबाव दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और तनाव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। इस क्षेत्र से भारत को बड़ी मात्रा में तेल और गैस की आपूर्ति होती है।

अगर युद्ध लंबा खिंचता है और समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो ऊर्जा आपूर्ति में गंभीर रुकावट आ सकती है। भारत के लिए यह एक चिंता का विषय है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस के बड़े भंडार नहीं हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज के बंद होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। यह दुनिया का एक अहम तेल परिवहन मार्ग है, जहां से भारत के कुल आयातित तेल और गैस का लगभग 45 से 50 प्रतिशत हिस्सा आता है। अगर यहां से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होती है तो भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए वैकल्पिक स्रोत खोजने पड़ेंगे। खबर है कि फिलहाल लगभग 30 मिलियन बैरल रूसी तेल समुद्र में जहाजों पर मौजूद है, जिसे खरीदा जा सकता है। लेकिन यह मात्रा भारत की विशाल ऊर्जा जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। भारत निश्चित रूप से रूस से और अधिक तेल खरीदने की कोशिश कर सकता है। हालांकि युद्ध की स्थिति में इसकी कीमत भी बढ़ सकती है। अगर विकसित देशों का समूह जी-7 अपने आपातकालीन तेल भंडार बाजार में जारी करता है तो वैश्विक सप्लाई थोड़ी बढ़ सकती है और कीमतों पर कुछ नियंत्रण आ सकता है। फिलहाल स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में ऊर्जा की उपलब्धता कितनी स्थिर रहेगी। भारत सरकार भी इस चुनौती को समझ रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इसके बावजूद निकट भविष्य में कई उद्योगों को तेल और गैस की सीमित उपलब्धता का सामना करना पड़ सकता है। खास तौर पर औद्योगिक इकाइयों को मिलने वाली गैस की आपूर्ति में कटौती की संभावना जताई जा रही है। हालांकि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू उपयोग, पाइप्ड नेचुरल गैस और वाहनों के लिए सीएनजी जैसी प्राथमिक सेवाओं को पर्याप्त गैस मिलती रहे। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या पेट्रोल




और डीजल की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। फिलहाल सरकार के सामने राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह की चुनौतियां हैं। कई राज्यों में चुनाव नजदीक होने के कारण सरकार तुरंत पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं करना चाहेगी। अगर अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आई बढ़ोतरी को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता है तो इससे महंगाई बढ़नी तय है। सरकार कोशिश कर सकती है कि कुछ समय तक इस बोझ को खुद वहन करे और तेल विपणन कंपनियों को होने वाले घाटे की भरपाई करे। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है तो उससे आयातित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ जाती हैं। वैश्विक आर्थिक माहौल भी इस समय काफी अस्थिर है। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं।

ऐसे समय में अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जाता है, इसलिए इसकी मांग बढ़ जाती है। परिणामस्वरूप डॉलर मजबूत होता है। अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की यील्ड भी बढ़ रही है, क्योंकि निवेशकों को डर है कि ऊर्जा कीमतों से पैदा हुई महंगाई के कारण अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रख सकता है। भारत में इस स्थिति का सबसे स्पष्ट असर रुपये पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की मजबूती के कारण भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई है। हाल ही में रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 92.33 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। अगर युद्ध और वैश्विक तनाव लंबे समय तक जारी रहता है तो रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। कमजोर रुपया भारत के लिए दोहरी समस्या पैदा करता है। पहला, इससे आयात और महंगे हो जाते हैं। दूसरा, विदेशी निवेशकों का भरोसा भी कम हो सकता है। जब रुपये की कीमत गिरती है, तो विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार और बॉन्ड बाजार से पैसा निकालने लगते हैं। हाल के दिनों में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का एक कारण यही रहा है। अगर विदेशी निवेश लगातार बाहर जाता है तो इससे पूंजी बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है और निवेशकों का विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके अलावा कंपनियों के लिए विदेशी कर्ज चुकाना भी महंगा हो जाता है। तेल की ऊंची कीमतों का असर सिर्फ वित्तीय बाजारों तक ही सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि इसका असर उत्पादन और औद्योगिक गतिविधियों पर भी साफ दिखाई देगा। पेट्रोकेमिकल, परिवहन, उर्वरक, और बिजली उत्पादन जैसे कई उद्योग सीधे तौर पर तेल और गैस पर निर्भर होते हैं। जब ऊर्जा की लागत बढ़ती है तो इन उद्योगों के उत्पादन खर्च में भी वृद्धि होती है। इससे या तो कंपनियों के मुनाफे कम होते हैं या फिर वे कीमतें बढ़ाकर इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डाल देती हैं। इस तरह हम देखते हैं कि तेल की बढ़ती कीमतें पूरी अर्थव्यवस्था की गति को धीमा कर सकती हैं। उत्पादन महंगा होने से कंपनियां निवेश कम कर सकती हैं और आर्थिक विकास की रफ्तार भी धीमी पड़ सकती है। कुल मिलाकर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भारत के लिए कई स्तरों पर चिंता का कारण बन सकती हैं। ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता, बढ़ता आयात बिल, महंगाई का दबाव, कमजोर होता रुपया और विदेशी निवेश में कमी-ये सभी कारक मिलकर आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले समय में यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष कितने दिन चलता है और वैश्विक तेल बाजार किस दिशा में जाता है। अगर स्थिति जल्दी सामान्य होती है, तो दबाव कम हो सकता है, लेकिन अगर तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत को अपनी ऊर्जा रणनीति और आर्थिक नीतियों में कई बड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



# अनिद्रा से बिगड़ता स्वास्थ्य

आज विश्व निद्रा दिवस है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नींद के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मानव स्वास्थ्य व सेहत के लिए पर्याप्त निद्रा बेहद आवश्यक है। याद होगा कि गत वर्ष पहले फिलिप्स वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि दुनिया भर में तकरीबन 10 करोड़ लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित हैं। दुनिया के 13 देशों (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस, भारत, चीन आस्टलिया, कोलंबिया, अर्जेंटीना, मैक्सिको, ब्राजील और जापान) के 15 हजार से अधिक व्यस्कों पर किए गए इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग अनिद्रा बीमारी से अनभिज्ञ हैं जबकि 30 प्रतिशत लोग नींद लेने और उसे बनाए रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हुआ था कि देश की राजधनी दिल्ली में 67 प्रतिशत, कोलकाता में 60 प्रतिशत, बेंगलुरु में 59 प्रतिशत तथा चेन्नई 58 प्रतिशत लोग अनिद्रा के शिकार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तकरीबन 19 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि सामान्य नींद के समय के साथ काम के घंटों का अतिव्यापित होना अनिद्रा का एक प्रमुख कारण है। इसी तरह 32 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि प्रौद्योगिकी भी एक प्रमुख नींद विकर्षण है। अमेरिका की राष्ट्रीय निद्रा फाउंडेशन के मुताबिक 30-40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों का कहना है कि उनमें अनिद्रा के लक्षण हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अनिद्रा के कारण कई तरह की बीमारियां पनपती हैं और जीवन प्रत्याशा कम होने की भी संभावना बढ़ जाती है। 16 अध्ययनों के एक विश्लेषण में 10 लाख से अधिक प्रतिभागियों और 112,566 मौतों के अंतर्गत नींद की अवधि और मृत्युदर के बीच के संबंधों की जांच में पाया गया कि जो लोग रात में सात से आठ घंटे सोते थे, उनकी तुलना में कम सोने वाले व्यक्तियों में मृत्यु का खतरा 12 प्रतिशत ज्यादा होता है। हाल ही में एक अन्य अध्ययन में 38 सालों से सतत निद्रा और मृत्यु दर के प्रभावों की जांच में पाया गया है कि सतत अनिद्रा से ग्रसित लोगों की मौत का जोखिम 97 प्रतिशत अधिक होता है। अनिद्रा का दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति में हीनता बढ़ती है और उसकी याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है। उसमें चिड़चिड़ापन इस हद तक बढ़ जाता है कि वह सामाजिक रूप से मिलना-जुलना बंद कर देता है। साथ ही थके होने और पर्याप्त नींद न लेने के कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। भारत की बात करें तो यहां 66 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया है कि अनिद्रा के कारण उनका स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती प्रभावित होने के साथ-साथ मानसिक अवसाद बढ़ा है।

उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही खुलासा कर चुका है कि भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है। गत वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक 'डिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार-वैश्विक स्वास्थ्य आकलन' रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में अवसाद से प्रभावित लोगों की कुल संख्या 32.2 करोड़ है, जिसमें 50 प्रतिशत सिर्फ भारत और चीन में ही हैं। इस रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि अवसाद के अलावा भारत और चीन में चिंता भी बड़ी समस्या है। भारत एवं अन्य मध्य आय वाले देशों में आत्महत्या के सबसे बड़े कारणों में से एक चिंता भी है। देश में बढ़ते अवसाद को ध्यान में रखकर ही केंद्र सरकार द्वारा संसद में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक पर मुहर लगाई जा चुकी है। इसमें मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाएं प्रदान करने एवं ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का प्रावधान है। चूंकि भारत अशक्त लोगों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संधि का हस्ताक्षरकर्ता है लिहाजा उसकी जिम्मेदारी भी थी कि वह इस प्रकार के प्रभावी कानून गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। भारत ने इस दिशा में कदम बढ़ा सामुदायिक स्तर पर अधिकतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की रचनात्मक और स्वागत योग्य पहल तेज कर दी है। अच्छी बात यह है कि दुनिया भर में 77 प्रतिशत लोगों ने अवसाद और बिगड़ते स्वास्थ्य से उबरने के लिए अपनी नींद में सुधार की कोशिश की है। भारत में 45 प्रतिशत वयस्कों ने ध्यान और योग करने की कोशिश की है, जबकि 24 प्रतिशत लोगों ने अच्छी नींद लेने और उसे बनाए रखने के लिए विशेष बिस्तर को अपनाया है। उचित होगा कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं कुछ इस तरह के कार्यक्रम गढ़ें, जिससे कि लोगों में अच्छी नींद के प्रति जागरूकता बढ़े और वे संतुलित दिनचर्या के प्रति आकर्षित हों।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जहां भी खोजोगे वहां प्रीतितत्व को ही पाओगे



संकलित
दर्शन

कोई आदमी धन कमाने में लगा है, धन तो ऊपर की बात है, भीतर तो प्रीति से ही जी रहा है, धन से उसकी प्रीति है। कोई आदमी पद के पीछे पागल है, पद तो गौण है, प्रतिष्ठा की प्रीति है। जहां भी खोजोगे, तो तुम प्रीति को ही पाओगे। पापी में और पुण्यात्मा में, तुम एक ही तत्त्व को एक साथ पाओगे, वह तत्त्व प्रीति है। फिर प्रीति किससे लग गई, उससे भेद पड़ता है। धन से लग गई तो तुम धन ही होकर रह जाते हो। ठीकरे हो जाते हो। कागज के सड़े-गले नोट होकर मरते हो। जिससे प्रीति लगी, वही हो जाओगे। यह बड़ा बुनियादी सत्य है, इसे हृदय में संभाल कर रखना। प्रीति महंगा सौदा है, हर किसी से मत लगा लेना। जिससे लगाई वैसे ही हो जाओगे। वैसा होना हो तो ही लगाना। प्रीति का अर्थ ही यही होता है कि मैं यह होना चाहता हूं। राजनेता गांव में आया और तुम भीड़ करके पहुंच गए, फूलमालाएं सजा कर, किस बात की खबर है? कोई संगीत सुनता है तो धीरे-धीरे उसकी चेतना में संगीत की छाया पडऩे लगती है। तुम जिससे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे, जिनसे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे। तो प्रीति का तत्त्व रूपांतरकारी है। प्रीति का तत्त्व भीतरी रसायन है। और बिना प्रीति के कोई भी नहीं रह सकता। प्रीति ऐसी अनिवार्य है जैसे श्वास। जैसे शरीर श्वास से जीता, आत्मा प्रीति से जीती। इसलिए अगर तुम्हारे जीवन में कोई प्रीति न हो, तो तुम आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे। या कभी तुम्हारी प्रीति का सेतु टूट जाए, तो आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे।

## गुरु की संगति से ही पाया जा सकता है परमात्मा



संकलित
प्रेरणा

जिसने परमात्मा को प्राप्त कर लिया, तो समझो उसने सब कुछ प्राप्त कर लिया। इसके लिए प्राप्ति के लिए अब शेष कुछ नहीं रह जाता। अब जिन्होंने परमात्मा को नहीं पाया उन्होंने कुछ भी नहीं पाया, लेकिन यह बात ध्यान में रहे कि परमात्मा पाया जाता है गुरु प्रताप साध की संगति से और कोई उपाय नहीं। अद्वैत भाव एक परम गुण है। अद्वैत भाव कुछ ऐसी कला है, जिसमें थकान नहीं है मानो हम जहां भी देखें, चाहे जर्रा हो, चाहे पत्ते हों,चाहे चंदन के पेड़ हों, चाहे पत्थर हों,चाहे गंगा का जल हो, सूरज का तेज हो, चांद की शीतलता हो,कलियों की कोमलता हो, फूलों का सौंदर्य हो, जहां भी नजर डालो सद्गुरु की कृपा से अपनी आंखों से इन सभी से जल्दी से पर्दा हटा कर इसको देख लें। फिर धीरे-धीरे हमारी आंखें ही पर्दा उठाने की कला सीख जाएंगी और फिर ऐसा समय भी आएगा जब हमें पर्दा उठाना ही नहीं पड़ेगा, केवल नजर पड़ी और हम पर्दे के पार देखने लगे, क्योंकि अब हमें ज्ञान हो गया है कि सब जगह बस ईश्वर, परमात्मा की ही छवि विराजमान है। अपेक्षा जहां है वहीं दुःख की भी संभवना है और जहां अपेक्षा नहीं है, वहां विषाद का कोई खतरा नहीं है। अतः जिनसे मनुष्य को अपेक्षा है कि उसे प्रीति मिलेगी पत्थर नहीं,उनसे यदि फूल भी फेंका गया, तो घाव का एहसास होगा ही। घाव फूल के कारण नहीं लगता फूल बेचारा कैसे घाव लगा सकता है? घाव लगता मनुष्य की अपेक्षा से और जितनी बड़ी अपेक्षा होगी,घाव भी उतना ही गहरा मिलेगा।

सटाका




आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं।

*-आतिश गौतम, रोहतक*

ट्रेंड

### सबको बोलने का अवसर



प्रतिपक्ष के सदस्यों को आवंटित समय से अधिक बोलने का अवसर मिला है। मेरी हमेशा कोशिश रहती है कि चाहे देर रात्रि तक बैठना पड़े, लेकिन हर सदस्य को बोलने का अवसर मिले। कोई भी सदस्य जो बोलना चाहते हों, और मैंने अवसर नहीं दिया, ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है।

**- ओम बिरला, लोस अध्यक्ष**

### अविश्वास प्रस्ताव नहीं



हम भी विपक्ष में रहे हैं, तीन बार लोकसभा के स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव आया, मगर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए विपक्ष में रहते हुए कभी लोकसभा स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव नहीं लाए।

**-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री**

### विकास बजट जारी



विकसित दिल्ली का संकल्प तभी साकार होगा, जब दिल्ली की हर विधानसभा में विकास की समान गति दिखाई दे। इसी लक्ष्य के साथ हर विधानसभा के लिए विशेष विकास बजट जारी किया जा रहा है, ताकि सड़क, पानी, स्वच्छता, आदि नागरिक सुविधाओं के कार्य तेज़ी से पूरे हो सकें।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### घरेलू गैस की किल्लत



जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं। देशभर में घरेलू गैस की भारी कमी है। अनेक छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का ख़ामियाज़ा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

करंट अफेयर

## पाक किसका, जो कर्ज दे उसका सऊदी अरब पहुंचे शहबाज



पाकिस्तान के रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है। पाक नहीं चाहता कि वह शिया मुल्क ईरान के साथ बहुत ज्यादा दिखे, जबकि सुन्नी देश सऊदी अरब के साथ रहना आंतरिक राजनीति में भी फायदा देगा। पाकिस्तान अकसर इस्लामिक एकता की बातें करता है। अब जबकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल ने हमले किए हैं तो इस संघर्ष में सऊदी अरब भी अमेरिकी पाले में है। ऐसे हालात में पाकिस्तान ने इस्लामिक एकता की कोई दुहाई नहीं दी है और सीधे तौर पर सऊदी अरब के साथ दिख रहा है। यहां उसने ना तो सऊदी अरब को इस्लामिक एकता की सीख दी और ना ही ईरान से समझौते की अपील की। उसने सीधे तौर पर सऊदी अरब का साथ दिया है और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ खुद ही इस्लामिक मुल्क पहुंच गए हैं। इससे पहले पाकिस्तान ने सऊदी अरब की सुरक्षा चिंता पर बात की थी। उसके इस रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है।

ऑफ बीट

## ऋषिकेश स्थित श्रीलक्ष्मण मंदिर का अद्भुत माहात्म्य



हिमालय की पावन गोद में अवस्थित ऋषिकेश का तपोवन क्षेत्र केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना का जीवंत केंद्र है। उत्तराखंड में गंगा के पावन पश्चिमी तट पर स्थित लक्ष्मण झूला और समीपस्थ श्रीलक्ष्मण मंदिर का माहात्म्य पुराणों में अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ वर्णित है। 'ते वै रघुवरश्रेष्ठा भाग्यवन्तो भवन्ति हि' अर्थात जो भक्त तपोवन में आकर लक्ष्मण जी को प्रणाम करते हैं, वे वास्तव में भाग्यवान होते हैं, यह उद्घोष इस क्षेत्र की आध्यात्मिक गरिमा को स्पष्ट करता है। स्कंद पुराण के अनुसार, भगवान स्कंद ने नारद जी से कहा कि यद्यपि अनेक तीर्थ ऐसे हैं, जिनके स्मरण मात्र से पापों का क्षय हो जाता है तथापि ऋषिकेश स्थित तपोवन एक ऐसा दिव्य क्षेत्र है जो मानो मुक्ति का खुला द्वार है। यहां विधिपूर्वक श्राद्ध करने से पितृगण सदा तृप्त रहते हैं। सौमित्रि तीर्थ, जिसे लक्ष्मण तीर्थ भी कहा जाता है, में स्नान करने से वाजपेय यज्ञ के तुल्य फल की प्राप्ति होती है। आगे शिव तीर्थों में स्नान करने वाला भक्त शिवलोक और ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है। इस प्रकार तपोवन केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि लोक और परलोक के कल्याण का सेतु है। यह तीर्थ हमें सिखाता है कि भक्ति, तप और विनम्रता से ही मनुष्य अपने दोषों से मुक्त होकर परम शांति को प्राप्त कर सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# धुरंधर 2 का पहला गाना आरी-आरी रिलीज...

**मुंबई।** जल्द ही फिल्म 'धुरंधर 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्देशक आदित्य धर के जन्मदिप पर 'धुरंधर 2' का पहला गाना 'आरी आरी' रिलीज हुआ। गाने में रणवीर सिंह का खूंखार लुक नजर आया। 'आरी आरी' गाना फिल्म 'धुरंधर 2' का एंथम सॉन्ग है। फिल्म की कहानी को लेकर यह गाना काफी कुछ बयां कर रहा है। फिल्म में बदला लेने की हद को पार किया जाएगा, यह बात इस गाने में दिखे रहे विजुएल्स से समझ आती है। 'आरी आरी' में रणवीर सिंह के अलावा फिल्म 'धुरंधर 2' के बाकी किरदारों की झलक भी मिलती है। गाने में फिल्म के कई सीन्स दिखाए जाते हैं, जो ट्रेलर में नहीं थे।

लाइफ Style

# जेनेलिया

## परफेक्शन नहीं, प्रगति पर फोकस करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने जिम से अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर साझा की है। इसके साथ उन्होंने सभी मांओं के नाम एक खूबसूरत मैसेज लिखा है। जेनेलिया डिसूजा चर्चित एक्ट्रेस होने के साथ-साथ दो बच्चों की मां भी हैं। उनके दो बेटे रियान और राहिल हैं।

जेनेलिया अपने परिवार को पूरा समय देती हैं। मगर, इसके साथ वे खुद पर भी पूरा ध्यान देती हैं। खासकर अपनी फिटनेस के बारे में कोई समझौता नहीं करती हैं। जेनेलिया ने आज गुरुवार को जिम से एक फोटो साझा की है। इसका कैप्शन और दमदार है। जेनेलिया डिसूजा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर की है। वे ब्लैक जैकेट और शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं। उनकी टीशर्ट पर लिखा है, 'आई'। बता दें कि मराठी में मां को आई कहते हैं। यह फोटो शेयर करते हुए जेनेलिया ने सभी मॉम को फिटनेस के प्रति जागरुक करते हुए मैसेज लिखा है। वे लिखती हैं, 'आई यानी मां जिम में। प्रोग्रेस पर फोकस करो, परफेक्शन पर नहीं। यह एक छोटा सा रिमाइंडर मेरे लिए है और साथ ही इसे पढ़ने वाली सभी माओं के लिए भी है'। जिम आउटफिट में हाथ में पानी की बोतल थामे जेनेलिया अपनी फिटनेस के प्रति पाबंद नजर आ रही हैं। जेनेलिया की टोन्ड बॉडी देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे अपनी सेहत और फिटनेस को लेकर कितनी जागरुक हैं। जेनेलिया के करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2003 में फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से डेब्यू किया था। इसी फिल्म से रितेश देशमुख ने भी डेब्यू किया था।



हॉलीवुड मसाला

# बिली दिखाएंगी अपना एक्टिंग टैलेंट



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर सिंगर बिली एलिश ने अपने गानों से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह अपने अभिनय का हुनर भी दर्शकों को दिखाएंगी। एक चर्चित नॉवेल पर बन रही फिल्म से वह अपना एक्टिंग डेब्यू करने वाली है। हॉलीवुड सिंगर बिली इलिश अब बड़े पर्दे पर अभिनय करेंगी। वह फिल्ममेकर सारा पॉली की अगली फिल्म का हिस्सा हैं। बता दें कि साल 2023 में सारा पॉली की फिल्म 'वुमन टॉकिंग' ने बेस्ट स्क्रीनप्ले का ऑस्कर जीता था। चार साल बाद फिल्ममेकर सारा पॉली फिर से सक्रिय हुई हैं और बिली एलिश को लेकर फिल्म बना रही हैं।





# द ब्लफ बनी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' बहुत हिट हो गई है। यह एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है, जिसमें प्रियंका ने ब्लडी मैरी नाम की दमदार महिला डाकू का रोल किया है। फिल्म को मिली-जुली समीक्षाएं मिलीं, लेकिन दर्शकों ने इसे बहुत पसंद किया। फरवरी के आखिर में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' स्ट्रीमिंग ओरिजिनल फिल्मों के चार्ट में नंबर 1 पर पहुंच गई है। 27 फरवरी से 5 मार्च तक के आंकड़ों में इसने करीब 300.3 मिलियन मिनट का व्यूअरशिप हासिल किया। यानी यह फिल्म दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली ओरिजिनल फिल्म बन गई। प्रियंका के फैंस उनकी इस सफलता से बेहद खुश हैं और उन्हें अभिनेत्री की इस सफलता पर बहुत गर्व हो रहा है। फैंस लगातार सोशल मीडिया पर अपनी राय पेश कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'वह इसकी हकदार हैं, उन्होंने बहुत मेहनत की है'।



# रामायण के दूसरे पार्ट की शूटिंग की शुरू


**मुंबई।** रामायण फिल्म को लेकर नई-नई खबरें सामने आ रही हैं। बीते दिनों इसके कुछ फोटो वायरल हुए थे, जिन्हें शूटिंग से लीक हुए फोटोज बताया जा रहा था। लेकिन, बाद वे में वे फैक निकले। अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है। रणबीर कपूर की इस फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि रणबीर कपूर ने दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। इस पार्ट में माता सीता के अपहरण के बाद की घटनाओं का जिक्र होगा। फिल्म में भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे सनी देओल भी इस वीकेंड से शूटिंग में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'करीब दो महीने का शूटिंग शेड्यूल रखा गया है, जिसमें काफी बड़े एक्शन और ड्रामा वाले सीन शूट होंगे। कहानी अब भगवान राम के लंका जाने के सफर की ओर बढ़ेगी।



# अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा

**मुंबई।** आजकल हर कैटेगरी की फिल्में आ रही हैं। कुछ सिनेमाघरों में रिलीज होती है, तो कुछ ओटीटी पर। ऐसे में विशाल भारद्वाज का मानना है कि इस वक्त फिल्ममेकिंग एक मुश्किल दौर से गुजर रही है और अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा है। एक बातचीत में विशाल भारद्वाज ने कहा कि पहले ऐसी फिल्मों के लिए फंड जुटाना आसान था, जैसे उनकी फिल्म हैदर, अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर और विक्रमादित्य मोटवाने की उड़ान। लेकिन, अब हालात बदल गए हैं और इस तरह की फिल्मों के लिए पैसे जुटाना काफी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि आजकल फिल्मों के लिए एक तरह की लाइन खींच दी गई है। अगर कोई अलग तरह की कहानी होती है तो कहा जाता है कि इसे ओटीटी पर ले जाओ।

टीवी मसाला



# अर्चना ने श्वेत-रिद्धि की लव स्टोरी पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। इसमें टीवी एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने इशारों में इशारों में जाहिर कर दिया कि रियलिटी शो में एक नई प्रेम कहानी शुरू हो चुकी है। प्रोमो वह उस सेलिब्रिटी कपल के सामने भी यह बात कह देती है। जिसे सुनकर वो दोनों मुस्कुराने लगे। आखिर कौन है ये नया जोड़ा? अर्चना गौतम ने हालिया प्रोमो में एक्टर श्वेत तोमर और एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा की दोस्ती पर मजाक-मजाक में बड़ी बात कह दी। यह बात अर्चना ने रिद्धि और श्वेत के सामने कही। अर्चना बोलीं- 'तुम दोनों दोस्त नहीं गर्लफ्रेंड बॉयफ्रेंड ज्यादा लगते हो।' यह सुनकर दोनों मुस्कुराने लगते हैं। आगे प्रोमो में रिद्धि और श्वेत के बीच की केमिस्ट्री अलग-अलग अंदाज में दिखाई जाती है। एक जगह पर दोनों बड़े प्यार से गले लगते हुए नजर आए। अब तक दर्शकों ने कई रियलिटी शो देखे हैं, जिसमें सेलिब्रिटी कपल के बीच प्यार और दोस्ती हुई। लेकिन, शो से बाहर आने के बाद अधिकतर का रिश्ता खत्म हो गया। वहीं कुछ सेलेब्स ऐसे भी रहें, जिन्हें रियलिटी शो में प्यार हुआ और बाद में शादी भी की। 'द 50' में के ही प्रतियोगी प्रिंस नरुला और युविका चौधरी को भी 'बिग बॉस' रियलिटी शो में प्यार हुआ था, शो से बाहर आने के बाद दोनों ने शादी की। '

## तुलसी ने फिर मारी बाजी, अनुपमा दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** नौवें हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में कई उलट-फेर हुए हैं। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' थी पिछले हफ्ते की तरफ इस



बार भी नंबर वन की पॉजिशन पर बना हुआ है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल को 2.1 की रेटिंग मिली है। जबकि आठवें हफ्ते में सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की टीआरपी 2.0 रही है। इन दिनों सीरियल में काफी नए ट्विस्ट आ रहे हैं। सीरियल में लीड रोल में स्मृति ईरानी नजर आती हैं। सीरियल 'अनुपमा' को इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी इस हफ्ते 1.9 रही है। जबकि आठवें हफ्ते में भी इसकी टीआरपी 1.7 है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी बढ़ी है, क्योंकि शो में लीप आया है, कहानी ने नया मोड़ लिया है। टॉप 5 में तीसरे नंबर पर सीरियल 'तुम से तुम तक' रहा है, इसकी टीआरपी 1.7 रही है। जबकि चौथे नंबर पर सीरियल 'उड़ने की आशा' है, इसको 1.6 की टीआरपी मिली है। पांचवें नंबर पर सीरियल 'नागिन 7' है। सीरियल 'नागिन 7' को 1.6 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल की टीआरपी कम हुई है।

# मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है, ये लव जिहाद नहीं, सभी धर्मों का करती हूं सम्मान

*मुस्लिम एक्टर से शादी करने के बाद महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपनी शादी पर रिएक्शन दिया और लव जिहाद कहने वालों को जवाब दिया है। मोनालिसा भोसले, जो महाकुंभ की वायरल गर्ल के नाम से फेमस है। उन्होंने हाल ही में मुस्लिम एक्टर फरमान से शादी की है, जिसके बाद उन्होंने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपनी शादी पर रिएक्शन दिया है।*

**नई दिल्ली।** अपनी शादी को लव जिहाद कहने वाले लोगों को करारा जवाब दिया और बताया कि उन्होंने हिंदू रीति रिवाज से शादी की है। उन्होंने कहा- मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है। ये 'लव जिहाद' नहीं है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं और हर धर्म को बराबर मानती हूं। हमारी जो शादी हुई है वो हिंदू रीति रिवाज से हुई है। वैसे तो ये मेरे से शादी करना नहीं चाहता था। मैंने ही खुद इनसे जबरदस्ती शादी की थी। मेरे मम्मी पापा घर पर किसी दूसरे से शादी करवाना चाहते थे। तो मुझे वो लड़का अच्छा नहीं लगा। बुआ का



लड़का था वो। बुआ के लड़के से मैं शादी करुंगी तो वह मेरा भाई लगा। इसलिए, मैंने सोचा कि मैं इनसे शादी नहीं करुंगी। पापा साथ में आए थे मेरे। अभी भी यहीं हैं मेरे पापा। लेकिन ,उन्होंने शादी अटेंड नहीं की। वो मेरे साथ में ही आए थे । अभी नाराज हैं। कल मिले थे हम उनसे। मोनालिसा के पति ने कहा, हमने कोई धर्म परिवर्तन नहीं किया है। मैंने वहीं मोनालिसा ने कहा, मैं सब धर्म को बराबर मानती हूं। वहीं ,उम्र का सबूत देते हुए कपल ने आधार कार्ड दिखाया, जिसमें उनकी उम्र कंफर्म की है।

# हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में फिर आया शाहरुख का नाम

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान ने एक बार फिर 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट' में अपनी जगह बनाई है। इससे खान का नाम भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक के तौर पर मशहूर हुआ है। इससे वैश्विक मंच पर एक अहम कारोबारी हस्ती के रूप में खान का रुतबा और मजबूत हुआ है।5 मार्च को जारी लिस्ट के मुताबिक, शाहरुख खान की नेट वर्थ लगभग 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो करीब 10,800 करोड़ रुपए है। इतनी दौलत के साथ वह दुनिया के कई मशहूर एक्टर्स में अपनी जगह बनाए हुए हैं। ग्लोबल वेल्थ रैंकिंग में भारत अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। अरबपतियों की संख्या के मामले में देश अभी तीसरे स्थान पर है। इस लिस्ट में 308 लोग शामिल हैं। चीन और अमेरिका इस रैंकिंग में सबसे आगे हैं। जिनके पास क्रमशः 1,110 और 1,000 अरबपति हैं। हुरुन लिस्ट में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की कई ग्लोबल हस्तियां भी शामिल हैं। म्यूजिक के बड़े नाम जैसे जे-जी, जिनकी नेट वर्थ करीब 2.8 बिलियन यूएसडी है; टेलर स्विफ्ट, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन यूएसडी है और रिहाना, जिनकी नेट वर्थ 1.5 बिलियन यूएसडी है, इस लिस्ट का हिस्सा हैं।



शाहरुख खान ने इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए रखी है, लेकिन रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पिछली बार के मुकाबले उनकी दौलत में थोड़ी कमी आई है। 2025 में, उनकी कुल संपत्ति लगभग 12,490 करोड़ रुपए (लगभग 1.4 बिलियन यूएसडी) आंकी गई थी। काम की बात करें तो, शाहरुख खान सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। इसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी होगी। इसमें रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन और अनिल कपूर सहित कई बड़े कलाकार शामिल हैं।

## प्रोड्यूसर की शूटिंग के दौरान मौत, 11 ऑस्कर जीत रचा इतिहास

# 67 साल पुरानी फिल्म ने स्टूडियो को दिवालिया होने से बचाया

*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो समय की कसौटी पर खरी उतरती हैं और इतिहास रचती हैं। 1959 में रिलीज हुई 'बेन-हर ' ऐसी ही एक फिल्म है, जिसने 11 ऑस्कर पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया. इस रिकॉर्ड की बराबरी बाद में 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स: द रिटर्न ऑफ द किंग' ने की. विलियम वायलर निर्देशित यह फिल्म लू वॉलेस के 1880 के उपन्यास 'बेन-हर: ए टेल ऑफ द क्राइस्ट' पर आधारित है। चार्लटन हेस्टन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म रोमन साम्राज्य के समय की पृष्ठभूमि पर बदले, विश्वास और मोक्ष की कहानी बयान करती है।*

### बदले की आग और विश्वास की रोशनी

फिल्म की कहानी बेन हर की है जो हालात के हाथों मजबूर होकर गुलाम बन जाता है। कुल मिलाकर इस कहानी में धर्म और कर्म दोनों का मर्म जोड़ा गया है। फिल्म की कहानी को खूब पसंद किया गया था और इसी वजह से यह दुनियाभर में पसंद भी की गई।

### सबसे महंगी फिल्म का सफर

'बेन-हर' का निर्माण एमजीएम स्टूडियो के लिए जीने-मरने का सवाल बन गया था. क्योंकि स्टूडियो दिवालिया होने की कगार पर था। फिल्म का बजट शुरू में 7 मिलियन डॉलर था, लेकिन यह बढ़कर 15.2 मिलियन डॉलर हो गया. जो उस समय की सबसे महंगी फिल्म थी। फिल्म की शूटिंग इटली के सिनेसिटा स्टूडियो में हुई, जहां 18 एकड़ का सेट बनाया गया। प्रोडक्शन अक्टूबर 1957 में शुरू हुआ, और शूटिंग मई 1958 से जनवरी 1959 तक चली। 12-14 घंटे के दिन और छह दिन का शेड्यूल था। इसका रथ दौड़ का सीन सिनेमा के इतिहास का सबसे प्रसिद्ध एक्शन सीक्वेंस बन गया।. इसे फिल्माने में पांच हफ्ते, 15,000 एक्स्ट्रा लगे और 18 रथ बनाए गए। याकिमा कैनट ने स्टंट निर्देशित किया। समुद्री लड़ाई के लिए कैलिफोर्निया में मिनिएचर जहाजों का इस्तेमाल किया गया। 200 ऊंट, 2,500 घोड़े और 10,000 एक्स्ट्रा थे। यही नहीं, प्रोड्यूसर सैम जिम्बालिस्ट की शूटिंग के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई।



### सिनेमा का मील का पत्थर

बॉक्स ऑफिस पर 'बेन हर' 1959 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म थी, कुल 146.9 मिलियन डॉलर की कमाई. फिल्म ने एमजीएम को दिवालिया होने से बचाया. 'बेन-हर' ने एपिक फिल्मों को नई दिशा दी। आज भी इसका रथ दौड़ सीन एक्शन का बेंचमार्क है। 1971 में टीवी पर इस फिल्म को 8.58 करोड़ दर्शकों ने देखा। यह फिल्म क्षमा, विश्वास और मानवता की सीख देती है, जो समय से परे है।

### बेन-हर स्टारकास्ट और ड्युरेशन

चार्लटन हेस्टन ने बेन-हर का किरदार निभाया, जबकि स्टीफन बॉयड मेसाला बने. जैक हॉकिंस, हाया हरारीत, ह्यू ग्रिफिथ आदि मुख्य भूमिकाओं में थे। विलियम वायलर ने निर्देशन किया। रोमन भूमिकाओं के लिए ब्रिटिश एक्टर्स और यहूदी के लिए अमेरिकी चुने गए। फिल्म का ड्युरेशन लगभग तीन घंटे 32 मिनट है। बेन-हर (1959) फिल्म को ऑस्कर में 12 नॉमिनेशन मिले थे, जिनमें से ये 11 कैटेगरी ऑस्कर जीतने में कामयाब रही।

## रजत पालकी में सवार भगवान की भव्य शोभायात्रा निकली

# भगवान आदिनाथ का जन्म-तप कल्याणक मनाया



**जबलपुर।** प्रथम तीर्थंकर, असि-मसि-कृषि के प्रेणता, आदि पुरुष भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म-तप कल्याणक जैन धर्मावलम्बियों द्वारा श्रद्धा और बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान श्री आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक समारोह समिति के तत्वावधान में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर दरहाई से राष्ट्र संत दिगम्बराचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 105 निर्दोष सागर, मुनि श्री निर्लोभ सागर एवं मुनि श्री निरुपम सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। संयोजक चौधरी विजयचंद एवं लायन नरेन्द्र जैन ने रथ एवं पालकी में विराजमान भगवान श्री आदिनाथ जी की आरती की तत्पश्चात भगवान श्री आदिनाथ जी की जयघोष के साथ शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़ी।

शोभायात्रा के आगे धमाल पार्टी, उपदेश बैनर, धर्मध्वजा, अश्व पर धर्म ध्वजा लिये बालकगण, धार्मिक भजन प्रस्तुत करता बैण्ड दल, ढुल ढुल घोड़ी, भगवान श्री आदिनाथ जी, आचार्य श्री विद्यासागर महाराज, आचार्य श्री समय सागर महाराज एवं निर्यापक मुनि सुधा सागर के चित्र, धूप घट,अहीर नृत्य,पालना, झांकी, दिव्य घोष, विभिन्न वेश-भूषा में महिला परिषद की टीम, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर (बरियावाला), श्री नन्हे जैन मंदिर, जाप मंडल, श्री चन्द्रप्रभु जैन मंदिर संगम कालोनी,लार्डगंज जैन मंदिर की मनोहारी रजत पालकी एवं श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर चौधरी दरहाई तथा श्री शासनोदय तीर्थ हनुमानताल के भव्य रजत रथ पर विराजमान भगवान श्री आदिनाथ के साथ विशाल जनसमूह चल रहा था। श्रावकगण सुमधुर भजनों की प्रस्तुति कर वातावरण को धर्ममय बना रहे थे। शोभायात्रा के आकर्षण के केन्द्र रजत पालकी एवं विमान में विराजित श्री जी की प्रतिमा की संपूर्ण शोभायात्रा मार्ग पर श्रावकगणों द्वारा श्रद्वा एवं भक्ति के साथ रांगोली बनाकर,आरती उतारकर आगवानी की गयी।

शोभायात्रा में आयोजक डॉ. ऋषभ चौधरी, लायन नरेन्द्र जैन, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, रज्जू सराफ, श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश जैन, राजेन्द्र जैन, अनिल जैन, शोभायात्रा संयोजक राकेश दाऊ, जैन नवयुवक सभा अध्यक्ष नितिन बेटिया, गौरव जैन, चक्रेश नायक, सुबोध कामरेड,डॉ. संजय जैन, डॉ.स्वप्निल जैन, सुनील गढ़वाल, मनीष जैन ,रवि चौधरी, सतीश जैन नेता, पराग जैन,पदम जैन, पंकज विद्यार्थी, आजाद जैन, अखिलेश जैन, विशाल, विकास, विवेक ,वैभव चौधरी, आदि, संजय चौधरी, जय कुमार,दिनेश जैन पैयाजी, सेठ संजय जैन, मुकेश ,प्रदीप ड्योढिया सहित विशाल जनसमूह चल रहा था। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुये मंदिर पहुंची जहां भगवान श्री आदिनाथ जी के जन्म कल्याणक पर अभिषेक, पूजन आदि अनुष्ठान संपन्न हुए। शोभायात्रा मार्ग पर सामाजिक संस्थाओं द्वारा जल, फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गय।



# मप्र में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की सांकेतिक भूख हड़ताल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं रादुविवि छात्र परिषद के संयोजक धीरज सिंह ठाकुर ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं की उपस्थिति में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग पर 11 मार्च को तहसीली चौक पर एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल की। इस संबंध में धीरज सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारा यह आंदोलन इसी प्रकार से जारी रहेगा, अभी एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल की थी आने वाले समय में हमारे अधिवक्ता साथी इस आंदोलन में और तीव्र गति देंगे ताकि मध्यप्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो सके।आंदोलन का समर्थन मप्र हाईकोर्ट के उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता पीसी पालीवाल ने भी किया। इस मौके पर एड. असीम त्रिवेदी ने कहा कि अधिवक्ता संविधान का स्तंभ है, शिवपुरी में अधिवक्ता की हत्या बहुत ही दुखद घटना है। आंदोलन के तहत दिन भर अधिवक्ताओं ने बारी-बारी आकर समर्थन पत्र पर हस्ताक्षर किए। अंत में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। अनशन में राधेश्याम अग्रवाल, एड. सतेन्द्र ज्योतिषी, एड. अमन शमा, एड. भावना निगम, अशोक तोमर, रामरतन यादव, गोपाल हुंका, एड. रेनुवाला सिंह, राजेश दुबे, एड. दीपक रघुवंशी, एड. रविन्द्र दत्त, एड. सचिन यादव, एड. आरडी सिंह, एड. विनीत टेहनगुरिया, एड. चित्रांश श्रीवास्तव, एड. यशवर्धन जैन, एड. डीके परोहा, एड. जयेश तिवारी, एड. मोहसिन खान, एड. अमित कोहली सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त प्राध्यापकों की पेंशन पुनरीक्षण में लापरवाही पर ज्ञापन

### मार्च तक निराकरण न होने पर अवमानना की चेतावनी



**जबलपुर।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ, जबलपुर संभाग ने संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल के नेतृत्व में गुरुवार को संभागीय आयुक्त, जबलपुर संभाग को ज्ञापन सौंपकर संभागीय पेंशन कार्यालय की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। संघ ने आरोप लगाया कि शासकीय महाविद्यालयों के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों के वेतन निर्धारण और पेंशन पुनरीक्षण के मामलों में पिछले आठ माह से लापरवाही और उदासीनता बरती जा रही है।

प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश के अनुसार संबंधित प्राध्यापकों को तत्काल लाभ दिया जाना चाहिए, लेकिन संभागीय पेंशन कार्यालय द्वारा इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। कई महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा भी पेंशन कार्यालय को लगातार पत्र लिखे गए हैं, फिर भी मामलों का निराकरण नहीं किया जा रहा है, जिससे सेवानिवृत्त प्राध्यापक परेशान हो रहे हैं।

संघ ने चेतावनी दी कि यदि मार्च 2026 तक लंबित प्रकरणों का समाधान नहीं किया गया तो प्राध्यापक संघ न्यायालय में अवमानना प्रकरण दायर करने को बाध्य होगा। इस दौरान डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव (जिलाध्यक्ष), डॉ. माला प्यासी, डॉ. प्रभा पुरवार और डॉ. सुमनलता पुरोहित भी उपस्थित रहीं।

### ब्राह्मण एकता मंच का होली मिलन उत्सव एवं बैठक 15 को

**जबलपुर।** ब्राह्मण एकता मंच के सम्मानीय सभासद 15 मार्च दिन रविवार को अपरान्ह 3:00 बजे से कोतवाली थाना के सामने, सरकारी अस्पताल के पीछे, पानी की टंकी के नीचे ब्राह्मण एकता मंच का होली मिलन उत्सव एवं शोभायात्रा के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है, आपकी उपस्थिति आवश्यक एवं प्राथनीय है।

### समरसता होली मिलन समारोह 15 को

**जबलपुर।** संत नामदेव सामुदायिक भवन मनमोहन नगर में 15 मार्च दिन रविवार को होली मिलन समारोह समय 4 बजे से आयोजित है। आप सभी सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने की है।

# IMSCON-2026 में डॉ. स्नेहा मेथवानी सम्मानित

### CIMP डिग्री प्राप्त कर बढ़ाया जबलपुर का गौरव, मेनोपॉज़ स्वास्थ्य पर विशेषज्ञता को मिली नई पहचान

**जबलपुर।** भोपाल के कोटयार्ड मैरियट होटल में 1 मार्च 2026 को आयोजित IMSCON-2026 के दीक्षांत समारोह में जबलपुर की चिकित्सक डॉ. स्नेहा टी. मेथवानी को प्रतिष्ठित CIMP (Certified Indian Menopause Practitioner) उपाधि प्रदान की गई। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने जबलपुर का गौरव बढ़ाया है। डॉ. स्नेहा मेथवानी हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी स्पेशलिस्ट, प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजिस्ट और फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट हैं। वे जबलपुर स्थित स्पर्श वुमेन्स क्लिनिक की निदेशक होने के साथ ही स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दे रही हैं। वे सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम, सामान्य एवं पेनलेस प्रसव, हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी प्रबंधन तथा बांझपन के उपचार के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। CIMP उपाधि मिलने से रजोनिवृत्ति और पेरिमेनोपॉज़ल महिलाओं के स्वास्थ्य प्रबंधन में उनकी विशेषज्ञता और मजबूत हुई है। इसी क्रम में 2 मार्च 2026 को होटल कृष्णा, जबलपुर में जबलपुर मेनोपॉज़ सोसायटी द्वारा आयोजित CME कार्यक्रम "Protecting Bone Health Through Menopause" में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भी उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। CIMP परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर उन्हें इंडियन मेनोपॉज़ सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. अनीता शाह द्वारा प्रशस्ति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. मेथवानी ने इस उपलब्धि पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें मेनोपॉज़ और प्रिवेंटिव केयर के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मेनोपॉज़ जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है और इस चरण में महिलाओं को स्वस्थ, आत्मनिर्भर और खुशहाल जीवन जीने के लिए जागरूक होना चाहिए।






# महाबोधि महाविहार को गैर-बौद्धों से मुक्त कराने की मांग सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** बौद्ध समाज के प्रतिनिधियों ने 10 मार्च 2026 को दोपहर तीन बजे ज्ञापन सौंपकर बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार को गैर-बौद्धों के नियंत्रण से मुक्त कर बौद्धों को सौंपने की मांग की। उन्होंने कहा कि महाबोधि महाविहार विश्वभर के बौद्धों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, इसलिए इसका संचालन बौद्ध समुदाय को दिया जाना चाहिए। ज्ञापन में बिहार सरकार के बीटी एक्ट 1949 को असंवैधानिक बताते हुए इसे निरस्त करने की भी मांग की गई। साथ ही कहा गया कि बोधगया मंदिर को हिन्दुओं के नियंत्रण से मुक्त कर बौद्धों को सौंपा जाए। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस मांग को लेकर 12 फरवरी 2025 से बौद्ध भिक्षु, उपासक और उपासिकाएं धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल कर रहे हैं। इसी क्रम में समर्थन स्वरूप प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर ओ.पी. चाटे, सिद्धार्थ खरे, धनश्याम यादव, धर्मशील चाटे, श्रीमती निर्मला खरे, गिरजा पात्ताने, वंदना रामटेके, जेहे रामटेके, राजेश भोवरे, प्रकाश मोहोड, रामदास यादव, इश्वरीय बौद्ध, राजेश पाटिल, प्रज्ञावत धारकर, सुधीर नांदेकर, श्रीपराव साखरे और एन.के. टेंभुर्णे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की संभागीय बैठक सम्पन्न

### भोपाल में प्रस्तावित रैली के लिए जबलपुर संभाग से 5 हजार पेंशनर्स के शामिल होने का लिया निर्णय



**जबलपुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की जबलपुर संभागीय बैठक प्रांताध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. बुधौलिया के निर्देशन में आयोजित की गई। बैठक की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. अरुण पाण्डेय और संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला ने बताया कि पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को लेकर भोपाल में प्रस्तावित रैली और आंदोलन को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में धारा 49(6) के विलोपन, देय तिथि से महंगाई राहत, चिकित्सा व्यय और एग्रेशिया जैसी मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने पर चर्चा हुई। तय किया गया कि इन मांगों की पूर्ति के लिए जबलपुर संभाग से लगभग 5 हजार पेंशनर्स भोपाल जाकर रैली में भाग लेंगे।

बैठक में डिंडोरी से आर.जी. तिवारी, बालाघाट से अध्यक्ष ए.आर. मुहारे, मंडला जिले के अध्यक्ष एस.के. जैन और उपाध्यक्ष श्री बरकड़े ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया। वहीं नानाजी देशमुख विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. ए.के. गौर ने भी आंदोलन के समर्थन में सहमति व्यक्त की। इस दौरान डॉ. गोविंद पाण्डे, डॉ. एम.एल. शर्मा, डी.डी. शर्मा, डॉ. अशोक शिवहरे, शिव कुमार गौतम, यू.के. पाण्डे, अशोक दुबे, डॉ. पी.के. दुबे, डॉ. राजेन्द्र कुर्मी और श्रीमती सी.पी. दुबे सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर बनी सहमति

**जबलपुर।** प्रदेश नगरीय निकायों के कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी एवं स्थायी कर्मियों की विभिन्न मांगों के संबंध में मप्र नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश एवं विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल में आयुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। बैठक में संगठन के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, कपिल दुबे, योगेश सिंह, गणेश प्रसाद ब्रिजपुरिया, सुनील राजपूत, प्रशांत धोंगे, राजेश बगदरे, अभिषेक तिवारी, गोपाल सिंह, प्रियंका पांडे एवं कैलाश वामनकर सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। संगठन ने उम्मीद जताई कि शासन स्तर पर इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर नगरीय निकाय कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाएगी।

**नाम सुधार**

मै, महेंद्र कुमार पाण्डेय उम्र लगभग 40 वर्ष पिता केशरी प्रसाद पाण्डेय निवासी मेहुती, सतना मप्र-485221 आधार कार्ड क्रमांक-9257 8832 6304 का स्थाई निवासी हूँ। मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 9628 8155 4805 में मेरे पुत्र के नाम के स्थान पर त्रुटिवश प्रियंका पाण्डेय का तीसरा बच्चा (Baby Three Of Priyanka Pandey) दर्ज हो गया है जो कि पूर्णतः गलत वा अमान्य है। मेरे पुत्र का सही व सत्य नाम मन पाण्डेय (MAN PANDEY) है जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक-B-2018: 6-90013-000132 में दर्ज है। मेरे पुत्र का सही व सत्य नाम मन पाण्डेय (MAN PANDEY) को मेरे पुत्र के आधार कार्ड, व उसके अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज करने हेतु अखबार प्रकाशन कर रहा हूँ। शपथ पत्र दिनांक - 07/03/2026 नोटरी महोदय रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय, जबलपुर मप्र

सही नाम मन पाण्डेय-MAN PANDEY
गलत नाम-प्रियंका पाण्डेय का तीसरा बच्चा
(Baby Three Of Priyanka Pandey)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अनिल गोस्वामी, पिता श्री कुंज बिहारी गोस्वामी, पता - मं. नं. - 1861 / 1ए, रीवा कॉलोनी, शिव नगर, रामपुर जिला जबलपुर (म.प्र) का निवासी हूँ मेरा पूर्व में नाम अनिल कुमार गोस्वामी था, जिसे मैंने बदलकर अनिल गोस्वामी कर लिया है। मेरे अन्य सरकारी दस्तावेजों में मेरा नया नाम अनिल गोस्वामी लिखा हुआ है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम अनिल गोस्वामी से ही जाना और पहचाना जाना चाहिए।
स्थान- जबलपुर
दिनांक - 12/03/2026

**CHANGE OF NAME**

I, PUSHPAMMA VARGHESE W/O VARGHESE PETER Aged About 63 Years Residence H NO. 3/9, GK HUSAIN COMPOUND, SADAR, CANTT, JABALPUR (MP)-482001, Madhya Pradesh, India AADHAR CARD NO. 3885 1691 9458 I, have changed of my name from JESSY CHERIAN (Name as per my domestic electricity meter and my Expired driving license records) to PUSHPAMMA VARGHESE (Name as per my AADHAR CARD NO. 3885 1691 9458 AND PAN CARD NO. AGNPP4988R) vide affidavit dated 10/01/2026 Affidavit Sr. No. DD309036 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
PUSHPAMMA VARGHESE
INCORRECT NAME
JESSY CHERIAN

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/264
दिनांक:- 12/03/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री प्रदीप कुमार जैन 2. श्री प्रमोद कुमार जैन 3. श्री प्रवीण कुमार जैन तीनों के पिता स्व. श्री मुलायमचंद जैन ने मकान नं. 1516/17 अ वार्ड स्वामी दयानंद सरस्ती खुली भूमि 3045 व.फु. शपथपत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ खसरे की नकल के आधार नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/261
दिनांक:- 12/03/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री सारंग पंडित पिता - श्री संजय विष्णु पंडित 2. श्रीमति शिवासिंह पंडित पति श्री सारंग पंडित ने मकान नं. 2026/एफएफ-11 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथमतल 650 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/260
दिनांक:- 12/03/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री मनोज शिवहरे पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार शिवहरे 2. श्री शिवांग शिवहरे पिता श्री मनोज शिवहरे ने मकान नं. 761/103 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 462 व.फु. शपथपत्र/ विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/259
दिनांक:- 12/03/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिखा शिवहरे पति श्री मनोज शिवहरे ने मकान नं. 761/102 वार्ड दयानंद सरस्वती भूतल 426 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से दर्शक हुए रोमांचित

### चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 में रोमांचक मुकाबले, कई टीमों ने दर्ज की जीत



**जबलपुर।** रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा रेलवे ग्राउंड में चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे के महानिरीक्षक राजीव यादव के मार्गदर्शन में आयोजित हो रही है, जिसमें विभिन्न सुरक्षा बलों की 10 टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता के सभी मैचों का पहली बार यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है, जिससे खेल प्रेमी और खिलाड़ियों के परिजन घर बैठे मैचों का आनंद ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के पहले मैच में MPSF मंडला और CISF के बीच मुकाबला हुआ। CISF ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 3 विकेट पर 151 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए MPSF मंडला ने 5 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाकर जीत दर्ज की। MPSF मंडला के राहुल मरावी ने 37 गेंदों में नाबाद 93 रन की शानदार पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने।

दूसरे मैच में RPF और GRP आमने-सामने रहे। GRP ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 9 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में RPF ने 12 ओवर में 2 विकेट पर 140 रन बनाकर मैच जीत लिया। RPF के देवेंद्र सिंह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच चुने गए।

तीसरे मुकाबले में JAK Army ने SAF जबलपुर को हराया। JAK Army ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 138 रन बनाए, जबकि SAF जबलपुर की टीम 120 रन पर ऑल आउट हो गई। JAK Army के विशाल सैनी ने 42 रन बनाने के साथ 2 विकेट भी लिए और मैन ऑफ द मैच बने।

चौथे मैच में MP पुलिस जबलपुर ने MPSF मंडला को हराया। MPSF मंडला ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 135 रन बनाए। जवाब में MP पुलिस जबलपुर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 9.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। यूनुस ने 31 गेंदों में नाबाद 77 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता।

आज के मैचों के निर्णायक त्रिलोक नायडू, हसन अली, असलम और दीपक रहे। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। पूरे मैदान में खेल के प्रति उत्साह और रोमांच का माहौल देखने को मिला।

## खबर संक्षेप

### वीवो वॉय51 प्रो 5जी वाला नया स्मार्टफोन लांच

**नई दिल्ली।** वीवो इंडिया ने अपने वाय सीरीज में नया स्मार्टफोन वीवो वाय51 प्रो 5जी लांच किया। नया वाय51 प्रो उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मूथ और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ इमर्सिव एंटरटेनमेंट चाहते हैं। यह स्मार्टफोन ऐसा अनुभव देता है जो रोजमर्रा की तेज़ और बदलती दिनचर्या के साथ कदम मिलाकर चलता है।लंबे समय तक चलने वाली परफॉर्मेंस, स्मूथ मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के आसान इस्तेमाल पर खास ध्यान देते हुए यह डिवाइस वीवो की उस सोच को दिखाता है।

### सैमसंग ने स्मार्टफोन एम17ई 5जी पेश किया

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड,ने अपने गैलेक्सी एम17ई 5जी की सारी खूबियों की जानकारी दी है। यह फोन 17 मार्च को लांच किया जाएगा। तेजी से बदलती डिजिटल जीवनशैली में युवा यूजर्स को ऐसे डिवाइस की जरूरत होती है जो उनके काम करने, संवाद करने और कंटेंट उपभोग करने के तरीके के साथ तालमेल बिठा सकें। गैलेक्सी एम17ई 5जी एक शानदार डिस्प्ले, भरोसेमंद बैटरी, कुशल प्रोसेसिंग, इनेबल्ड कैमरे और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर को जोड़कर एक संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है।

### बिरला इंस्टीट्यूट और हेक्सालॉग के बीच एमओयू

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी ने सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उद्योग से जुड़ी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हेक्सालॉग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ तीन साल का एमओयू किया है। इस साझेदारी के तहत बिमटेक कैंपस में सप्लाई चेन एवं लॉजिस्टिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से एआई इन लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन एनालिटिक्स और डिजिटल फ्रेट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में उद्योग-उन्मुख माइक्रो-क्रेडेंशियल्स और सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे।

## आयुर्वेदिक अनुसंधान को मिली एक नवीन दिशा

# पतंजलि अनुसंधान संस्थान में अत्याधुनिक जेब्राफ्रिश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के उद्देश्य से कार्यरत पतंजलि अनुसंधान संस्थान द्वारा आज एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए अत्याधुनिक ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन, संस्थान के मार्गदर्शक, धंवंतरि स्वरुप, आयुर्वेद को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित वैज्ञानिक आचार्य बालकृष्ण द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस उपलब्धि को और भी विशेष बना दिया। यह जेब्राफिश और ड्रोसोफिला प्रयोगशाला आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान के क्षेत्र मंप एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जोकि औषधीय पौधों और आयुर्वेदिक औषधियों के वैज्ञानिक मूल्यांकन को नई दिशा प्रदान करेगी। मनुष्यों से आनुवंशिक समानता के कारण जेब्राफिश और ड्रोसोफिला जैव चिकित्सा अनुसंधान में एक शक्तिशाली मॉडल जीव के रूप में उभरी हैं। ज़ेब्राफ़िश की प्रारंभिक विकास के चरण में पारदर्शी संरचना और तीव्र प्रजनन क्षमता और ड्रोसोफिला मक्खियों के छोटे जीवन चक्र के कारण यह जीव डिसीज़ मेकेनिज्म, टॉक्सिकोलॉजी और दवा खोज अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी माने जाते हैं।


उद्घाटन अवसर पर पूजा-पाठ

### भारत की प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा में अपार ज्ञान का भंडार है: बालकृष्ण

इस अवसर पर संबोधित करते हुए आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भारत की प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा में अपार ज्ञान का भंडार है, जिसे आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से प्रमाणित करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि जेब्राफिश और ड्रोसोफिला मॉडल आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी पारदर्शी संरचना वैज्ञानिकों को जीव के अंदर होने वाली जैविक प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने का अवसर प्रदान करती है।

### पंतजलि अनुसंधान में विभिन्न जीव मॉडल्स पर व्यापक शोध कार्य

*पंतजलि अनुसंधान संस्थान में पूर्व से ही विभिन्न जीव मॉडल्स पर व्यापक शोध कार्य किया जा रहा है। जेब्राफिश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला इन सभी क्षेत्रों के वैज्ञानिकों को एक साझा मंच प्रदान करेगी, जिससे आयुर्वेदिक औषधियों के प्रभावों का समग्र अध्ययन किया जा सकेगा। पतंजलि द्वारा स्थापित इस नवीन जेब्राफिश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा संस्थान भारतीय पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के माध्यम से वैश्विक स्तर पर अनुसंधान और नवाचार को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।*

## कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति बाधित होने से कैटरर्स परेशान

# कैटरर्स बोले- लकड़ी और डीजल की भट्टी पर खाना बनाना 'सुरक्षित' नहीं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का असर अब सीधे तौर पर दिखाई देने लगा है। इसका प्रभाव आम लोगों के जनजीवन पर भी पड़ता नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा असर इन दिनों शादियों पर पड़ रहा है। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा के अनुसार देर रात हुई शादियों और आज होने वाली शादियों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी हो गई है। इसके चलते कैटरर्स को लकड़ी की भट्टी और डीजल की भट्टी पर खाना बनाना पड़ रहा है।


फाइल फोटो

### लकड़ी की भट्टी पर मुख्य भोजन बनाना मुश्किल

भोपाल में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की खपत प्रतिदिन करीब 10 हजार सिलेंडर की है। एक बड़ी शादी में करीब 35 से 50 सिलेंडर, जबकि छोटी शादियों में 10 से 15 सिलेंडर तक की जरूरत पड़ती है। विवाह मुहूर्त के दिनों में शहर में करीब 25 हजार शादियां होती हैं। ऐसे में इस महीने होने वाली शादियों के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। शहर के कैटरर्स का कहना है कि लकड़ी की भट्टी पर मुख्य भोजन तो किसी तरह बन सकता है, लेकिन कई अन्य व्यंजन बनाना मुश्किल हो जाएगा।

### गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएंगे तो ही काम करेंगे और ऑर्डर लेंगे

उन्होंने कहा कि राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश के कई बड़े कैटरर्स ने 15 मार्च तक की शादियों के ऑर्डर तो स्वीकार किए हैं, लेकिन अब उनके सामने कमर्शियल गैस सिलेंडर का संकट उत्पन्न होने से उनके द्वारा लकड़ी और डीजल की भट्टी का उपयोग किया जा रहा है। वहीं अप्रैल में पडने वाले चार बड़े विवाह मुहूर्तों को लेकर कैटरर्स ने असमंजस जताया है। उनका कहना है कि डीजल की भट्टी का ज्यादा उपयोग करना सुरक्षित नहीं है। बताया जा रहा है कि केटर्स अब सर्शत काम कर रहे हैं उनके द्वारा जिस घर में शादी है, उनसे यह कहा जा रहा है कि वे गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएंगे तो ही काम करेंगे और ऑर्डर लेंगे। कई कैटरर्स ने नई बुकिंग लेने से भी इनकार कर दिया है और कुछ जगह ऑर्डर रद्द करने की स्थिति बन रही है।

### महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने ओजा 2130 ट्रैक्टर सीरीज की निर्माण क्षमता बढ़ाई

**मुंबई।** महिंद्रा ग्रुप का हिस्सा और भारत का नंबर 1 ट्रैक्टर ब्रांड, महिंद्रा ट्रैक्टर्स, अपनी भविष्य के लिए तैयार 'ओजा' रेंज के ओजा 2130 सीरीज की सप्लाई और निर्माण क्षमता बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। 30 एचपी श्रेणी में यह सीरीज तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध है- ओजा 2130-प्रोजा, ओजा 2130 लार्ज टायर (9.5गुणा18 टायर के साथ) औरओजा2130 नैरो ट्रैक एफआर (फॉरवर्ड प्लस रिवर्स) शटल के साथ। ओजा2130 सीरीज के माध्यम से महिंद्रा का उद्देश्य उन्नत तकनीक, बेहतर प्रदर्शन और बहुउद्देशीय समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि बागवानी, अंगूर के बाग, इंटरकल्चरल खेती, गन्ना और कपास जैसी कई तरह की कृषि गतिविधियों के लिए भरोसेमंद ट्रैक्टर प्रदर्शन मिल सके और प्रगतिशील किसानों की बदलती जरूरतें पूरी हो सकें। मजबूत कोर तकनीकों पर आधारित ओजा प्लेटफॉर्म प्रदर्शन और उपयोगकर्ता अनुभव को काफी बेहतर बनाता है। अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पावर-टू-वेट रेशियो के साथ ओजा 2130 सीरीज़ विभिन्न खेती कार्यों के लिए अधिक शक्ति और फुर्ती प्रदान करती है। स्टैंडर्ड 4डब्लयूडी अलग-अलग तरह की जमीन पर बेहतर पकड़ और उत्पादकता सुनिश्चित करता है। इलेक्ट्रॉनिक ड्राफ्ट और डेप्थ कंट्रोल जैसे फीचर्स और हिच पॉइंट पर 950 किलोग्राम की लिफ्ट क्षमता इसे कई प्रकार के खेती कार्यों के लिए मजबूत और सटीक बनाते हैं। इंडस्ट्री-फर्स्ट ऑटोमेशन कंट्रोल्स से संचालन में और अधिक सटीकता और सुविधा मिलती है।

# मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम.पी. अहमद 'बिजनेस भूषण' पुरस्कार से सम्मानित

### एम.पी. अहमद को 'बिजनेस भूषण' सम्मान, महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर 2026 में मिली बड़ी उपलब्धि




**मुंबई।** मुंबई में आयोजित 'महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर 2026' समारोह में मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम.पी. अहमद को प्रतिष्ठित 'बिजनेस भूषण' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र में उनके दूरदर्शी नेतृत्व और समाज के प्रति महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें यह सम्मान दिया। इस अवसर पर लोकमत समूह के चेयरमैन विजय दरड़ा, कई मंत्री, अधिकारी तथा राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। एम.पी. अहमद ने मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स को वैश्विक स्तर पर अग्रणी ज्वेलरी रिटेलर के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1993 में स्थापित कंपनी आज 14 देशों में 425 से अधिक शोरूम संचालित कर रही है और भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड्स में शामिल है। सम्मान प्राप्त करने पर एम.पी. अहमद ने कहा कि यह पुरस्कार पूरे मलाबार परिवार और ग्राहकों के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कंपनी अपने मुनाफे का 5 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक कार्यों में खर्च करती है। महाराष्ट्र मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहां कंपनी के 34 शोरूम संचालित हो रहे हैं। कंपनी ने वर्ष 2029 तक राज्य में 64 स्टोर तक विस्तार का लक्ष्य रखा है। यह सम्मान राज्य में उनके व्यापारिक और सामाजिक योगदान की भी पहचान है।

## भारतीय व्यवसायों के लिए 2 हजार करोड़ से अधिक का अमेज़न बिजनेस ने उपलब्ध कराया वित्तीय लाभ

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय व्यवसायों ने अमेजन बिजनेस से 2,000 करोड़ से अधिक का वित्तीय मूल्य हासिल किया। माइक्रो-एंटरप्राइज और एसएमबी से लेकर बड़े कॉरपोरेशंस तक सभी प्रकार की संस्थाओं को अमेजन बिजनेस पर कैशबैक रिवॉर्ड्स, बल्क डिस्काउंट्स और एक्सक्लूसिव डील्स के जरिए फायदा मिला। इस मूल्य का एक बड़ा हिस्सा अमेजन बिजनेस पर मिलने वाली सीमलेस जीएसटी-कम्प्लायंट इनवॉइसिंग से भी आया है, जिसने बिजनेस प्रोक्योरमेंट में लंबे समय से जरूरी पारदर्शिता लाई है। हालांकि पहले ऑफलाइन चैनलों में जीएसटी इनवॉइस हासिल करना अक्सर मुश्किल और असंगत होता था। अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर मित्रंजन भदुरी ने कहाकि हर संगठन, चाहे वह किसी दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र का एक स्पेशलिटी रेस्टोरेंट हो या एक फॉर्च्यून 500 एंटरप्राइज जो हर दिन हजारों परचेज ऑर्डर्स मैनेज करता है, सभी के सामने एक ही जरूरत होती है: कम संसाधनों में अधिक काम करना।

### केनस्टार ने पेश किया 5-स्टार बीईई रेटेड एयर कूलर

**गुरुग्राम।** केनस्टार ने बिजली की बचत और कूलिंग के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने भारत के पहले 5-स्टार बीईई रेटेड एयर कूलर लांच किए हैं, जिन पर 5 साल की पक्की वारंटी दी जा रही है। इस नई शुरुआत के साथ केनस्टार ऐसा पहला ब्रांड बन गया है जो सर्टिफाइड बिजली बचत को लंबी वारंटी के भरोसे के साथ जोड़ रहा है। इससे ग्राहकों को कम बिजली बिल, दमदार परफॉरमेंस और लंबे समय तक चलने वाली कूलिंग का फायदा मिलेगा।

## डालमिया सीमेंट की आगामी परियोजना पर हुई चर्चा

# अधिकारियों ने किसानों के सामने स्पष्ट किया खनन पट्टे का फ्रेमवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

डालमिया सीमेंट की आगामी परियोजना से संबंधित प्रस्तावित खनन पट्टे पर चर्चा करने के लिए मध्य प्रदेश के रामपुर बघेलान में बीते दिनों आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्र के किसान, जिले के अधिकारी और कंपनी के प्रतिनिधि एकत्रित हुए। इस दरमियान अधिकारियों ने किसानों के सामने डालमिया सीमेंट की आगामी परियोजना खनन पट्टे का फ्रेमवर्क स्पष्ट किया।

इस मौके पर उप संभागीय मजिस्ट्रेट और अन्य सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में हुई बैठक में खनन पट्टों को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे को समझाने और किसानों की चिंताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। किसानों ने कहा कि वे उन पुरानी प्रणालियों से अधिक परिचित थे जहां कलेक्टर गाइडलाइन दरों के आधार पर एकमुश्त भुगतान के जरिए भूमि का अधिग्रहण किया जाता था। किसानों प्रस्तावित वार्षिक मुआवजा मॉडल के बारे में सवाल उठाए और इसे लागू करने के तरीके पर स्पष्टता मांगी। जिसके जवाब में अधिकारियों ने खनिज (परमाणु और हाइड्रोकार्बन ऊर्जा खनिजों के अलावा) रियायत नियमावली, 2016 (एमसीआर, 2016) के प्रावधानों के बारे में बताया कि खनन पट्टे राज्य सरकार द्वारा दिए जाते हैं जबकि भूमि का स्वामित्व किसान के पास ही रहता है। रूपरेखा को रेखांकित करते हुए एक अधिकारी ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भूमि का स्वामित्व किसान के पास ही रहेगा। अधिकारियों ने कहाकि इस फ्रेमवर्क के तहत भूस्वामियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वार्षिक मुआवजा मिलता है, जिसमें फसल की पैदावार और बाजार की कीमतों के आधार पर वार्षिक संशोधन के प्रावधान हैं। इसके अतिरिक्त, भूमि के गाइडलाइन मूल्य से जुड़ी एक अलग राशि क्षति मुआवजे के रूप में हर साल एक समर्पित खाते में जमा की जाती है। यह राशि ब्याज के साथ जुड़ी होती है और खनन पट्टे की अवधि समाप्त होने पर किसान को भुगतान की जाती है।


बैठक

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**IBS के प्रावधान के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य एस&टी अभियंता (पी), द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित हैं:
**निविदा सूचना क्रमांक:** 03A-NGP-PROJ-ST-2025-26
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में **केल्ज़र** और **चांदा फोर्ट** स्टेशनों के बीच IBS का प्रावधान।
**निविदा मूल्य :** ₹ 9,30,20,778/-
**बयाना राशि:** ₹ 6,15,100/-
**ई-निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **30.03.2026** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे।
मैनुअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और सभी मैनुअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
उपरोक्त निविदाएं सम्बंधित अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य एस&टी अभियंता (पी), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

MS/81-350

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ट्रक 6 चक्का, 10 चक्का, 14 चक्का लोकल चलाने के लिए ड्राइवरों की आवश्यकता है। वेतन 30,000/- संपर्क- बसना मो. 91091-91899, 94252-13622 (रायपुर /13/मार्च 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।




## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6163



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 6162 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | रा | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | रा | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 6173

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENAOHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6172 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर



## रूफस हॉर्नेरो मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षा के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अकसर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *



## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल



**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होते हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *

## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली

**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *



## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां


**कोरल पॉलिप्स,** समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *





## प्रेयरी डॉग्स जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी

**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *



कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के




एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

**ब**च्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *



**किताब**: होलू का दिमाग चलता है, **लेखक**: दिविक रमेश
**मूल्य**: 175 रुपए, **प्रकाशक**: अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।

## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

**आ**ज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'






एआई इमेज

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *



कहानी
क्षमा शर्मा

कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां

**आ**दित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अकसर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगे। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'



रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *

## जीके क्विज-196

1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?



बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन , 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






काशवी, रायपुर



वेदिका, कोरबा



प्रगति, बिलासपुर



कुंजल, रायपुर



रिधान, अंबिकापुर



प्रभु, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# रियाल की मैनचेस्टर पर आसान जीत, पीएसजी ने चेल्सी को हराया

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए अंतिम 16 के पहले चरण के मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वाल्वरडे ने बर्नबेउ में खेले गए मैच के पहले हाफ में 20वें, 27वें और 42वें मिनट में गोल किए। उरुग्वे के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाने वाले किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम और रोड्रिगो की अनुपस्थिति में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड की जिम्मेदारी बखूबी संभाली।




### हमें कभी चुका हुआ मत समझना : कोच अल्वारो

रियाल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने ब्रॉडकास्टर मोविस्टार से कहा, "हम रियाल मैड्रिड हैं। हमें कभी चुका हुआ समझने की गलती नहीं करें।" यह जीत और भी शानदार हो सकती थी, लेकिन विनीसियस जूनियर दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए। उनके शॉट को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बचा लिया। मैनचेस्टर सिटी को अगर अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है तो उसे दूसरे चरण के मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# आईपीएल-2026 : चुनाव की तारीखों के बाद जारी होगा दूसरे चरण का शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। लीग के पहले चरण का कार्यक्रम 28 मार्च से 12 अप्रैल तक रखा गया है, जिसकी घोषणा बुधवार को की गई। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद शेष कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाएगा।

### चुनावों से किसी भी तरह न हो व्यवधान : राजीव शुक्ला



मीडिया से बातचीत में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, आईपीएल तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। पहले चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है और बाकी मुकाबलों का कार्यक्रम चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद जारी किया जाएगा। बीसीसीआई पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से किसी भी तरह के टकराव से बचना चाहता है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव भी प्रतियोगिता के कार्यक्रम को प्रभावित कर सकता है। ज्ञात हो कि आईपीएल 2026 का पहला चरण 28 मार्च, 2026 से 12 अप्रैल, 2026 तक खेला जाएगा। इस दौरान 3 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल घोषित किया जाएगा। पहले चरण के कुल 20 मैच बेंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद में खेले जाने हैं। दोपहर के मैच 03:30 बजे से और शाम के मैच 07:30 बजे से शुरू होंगे।

### पहले चरण में 4 डबल-हेडर मुकाबले

घोषित कार्यक्रम के अनुसार लीग के पहले चरण में कुल 20 मुकाबले होंगे। इस दौरान 4 और 5 अप्रैल तथा 11 और 12 अप्रैल को 2-2 मुकाबले होंगे। पहले चरण में सभी 10 टीमों को 4-4 मुकाबले दिए गए हैं। राजस्थान रॉयल्स अपने 3 घरेलू मुकाबले गुवाहाटी में खेलेगी, जबकि 4 मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2 मुकाबले रायपुर में होंगे और पंजाब किंग्स के 3 मैच धर्मशाला में होंगे।

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-अफगानिस्तान के बीच सीरीज कल से

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की घोषणा की है। इस सीरीज में शुक्रवार 13 मार्च से 3 मैचों की टी-20 सीरीज और 20 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये दोनों सीरीज यूएई में खेली जाएंगी। बता दें कि 2024 के बाद ये दोनों टीमें द्विपक्षीय सीरीज में आपस में भिड़ने के लिए तैयार हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने पहली बार श्रीलंका की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हम अपने इतिहास में पहली बार श्रीलंका की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। शुक्रवार 13 मार्च से शारजाह में पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। इसके बाद 15 और 17 मार्च को टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। ये तीनों मुकाबले शारजाह में होंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले पहले मैच के साथ वनडे सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 मार्च और 25 मार्च को क्रमशः दूसरा और तीसरा वनडे खेला जाएगा। वनडे सीरीज के मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

### दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना पसंद

**अहमदाबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करना अपने करियर के सबसे



संतोषजनक अनुभवों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्हें दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। बुमराह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में चार विकेट लेकर भारत की 96 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और तीन बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।

### मिशन ओलंपिक सेल ने शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों को दी वित्तीय मदद



**नई दिल्ली।** मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों युकी भांबरी और सुमित नागल के लिए गुरुवार को लगभग 30 लाख रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की, जबकि इस साल होने वाले एशियाई खेलों और डेविस कप के मुकाबलों की पुख्ता तैयारियों के लिए उदीयमान खिलाड़ी दक्षिणेश्वर सुरेश को टारगेट एशियाई खेल ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अंतर्गत आने वाले एमओसी की 169वीं बैठक के दौरान यह मंजूरी दी गई। वर्तमान में युगल में विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज भांबरी को फरवरी और सितंबर 2026 के बीच अभ्यास और प्रतियोगिता कार्यक्रम के लिए 28.89 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

## दोनों टीमों के बीच होगी एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज


# भारत और अफगानिस्तान सीरीज में फिर खेलते नजर आएंगे विराट और रोहित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम जून 2026 में भारत दौरे पर आएगी। टीम भारत में 3 मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसका पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। इस दौरे में कोई टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं होगा। 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए यह वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम मानी जा रही है। विराट कोहली और रोहित शर्मा भी एक बार फिर खेलते हुए नजर आएंगे।

### ऐसा है सीरीज का शेड्यूल

एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून को शुरू होगा। ये मुकाबला न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। वहीं, पहला वनडे मुकाबला धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 14 जून को दोपह 1:30 बजे से शुरू होगा। दूसरा वनडे लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 17 जून को होगा। ये मैच भी दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। सीरीज का आखिरी वनडे मुकाबला चेन्नई में 20 जून को खेला जाएगा। ये मुकाबला भी डे-नाइट (1:30 बजे) का होगा।




### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित-कोहली ने ठोके सबसे ज्यादा रन वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन रोहित ने बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 मैच की 3 पारियों में 75 की औसत से 150 रन निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 127.11 की रही है। रोहित ने 1 शतक लगाया है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 131 रन रहा है।कोहली ने 3 मैचों की 2 पारियों में 102.52 की स्ट्राइक रेट और 122 की औसत से 122 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 रन रहा है।

### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

भारत और अफगानिस्तान के बीच 4 वनडे खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे मुकाबला अक्टूबर 2023 में खेला गया था। उस मैच में भारतीय टीम को 8 विकेट से जीत मिली थी। दोनों टीमों के बीच सिर्फ 1 टेस्ट मैच साल 2018 में खेला गया था। उसे भारतीय टीम ने पारी और 262 रन से जीता था।

### जडेजा, बुमराह, शमी ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

रविंद्र जडेजा ने 3 मैच की 3 पारियों में अफगानिस्तान के खिलाफ 16.28 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह के नाम 13 की औसत से 6 विकेट है। मोहम्मद शमी के नाम भी 2 पारियों में 6 विकेट है।



### न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज 15 से

ओवल। टी-20 विश्व कप 2026 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम उपविजेता रही थी। भारत के खिलाफ फाइनल में हारकर कीवी टीम खिताब नहीं जीत सकी थी। अब न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ 15 मार्च से टी-20 सीरीज खेलेगी। प्रोटियाज टीम केशव महाराज की कप्तानी में चुनौती पेश करेगी। टी-20 विश्व कप में कप्तानी करने वाले एडेन मार्करम न्यूजीलैंड सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं। **ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की टीम** : दक्षिण अफ्रीका की टीम में कॉनर एस्टरहुइजन, डियान फॉरेस्टर, जॉर्डन हरमन, ईथन बॉश और नकोबानी मोकोएना के रूप में 5 अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

## एटीपी मास्टर्स 1000

# भांबरी ने पहली बार बनाई सेमीफाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने साथी गोरान गोरानसन के साथ मिलकर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

यह पहला अवसर है जबकि भांबरी किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह दो बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके थे।

### भांबरी-गोरानसन ने इन्हें हराया

भांबरी और गोरानसन ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावस्सौरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया। यह मैच एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चला। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने अपनी पहली सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और इस पर 83 प्रतिशत अंक (35 में से 29) जीते। इससे उन्हें दूसरे सेट में टाई-ब्रेक और मैच जीतने में मदद मिली। भांबरी और गोरानसन शुक्रवार को सेमीफाइनल में फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से भिड़ेंगे। रिंडरकनेच और वाचेरोट ने क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव और करेन खाचानोव की रूसी जोड़ी को 6-3 6-4 से हराया।

### द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज का खिलाड़ी जत्था स्वदेश रवाना

*दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को बताया कि टी20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश रवाना हो गया है, जिससे पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण खाड़ी देशों के हवाई क्षेत्र के बंद होने से पैदा हुई परेशानी खत्म हो गई। खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम कोलकाता में फंस गई क्योंकि दुबई जैसे प्रमुख हवाई अड्डे और हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया था। वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस सप्ताह की शुरुआत में ही स्वदेश रवाना हो गए थे, जबकि बाकी बचे 16 खिलाड़ियों के लिए वाणिज्यिक उड़ानों की बुकिंग हो चुकी थी।*

## टेनिस टूर्नामेंट

# जैक ड्रेपर ने नोवाक जोकोविच को हराया



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स (अमेरिका)

मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराया।

हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले 24 वर्षीय ड्रेपर इस जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और ड्रेपर ने वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया। मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया।

### मैं अच्छा प्रदर्शन करने प्रतिबद्ध हूं : ड्रेपर

ड्रेपर ने मैच के बाद कहा, "मुझे अब भी ऐसा नहीं लगता कि मैं उस तरह से खेल रहा हूं जैसा मैं खेलना चाहता हूं। लेकिन मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।" रिकॉर्ड 24 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन 38 वर्षीय जोकोविच ने 2008, 2011, 2014, 2015 और 2016 में इंडियन वेल्स में खिताब जीता था।

### मन्नेपल्ली ने केंट को हराकर स्विस ओपन के दूसरे दौर में किया प्रवेश

**बासेल।** भारतीय शटलर थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंद्वी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली बुधवार की रात खेले गए इस मैच में तब 16-21 21-16 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। पिछले साल मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 24 वर्षीय मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा।

# विश्व कप में जगह बनाने के बाद नजरें एफआईएच क्वालीफायर जीतने पर

**हैदराबाद।** विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें अब एफआईएच विश्व कप क्वालीफायर जीतने पर लगी है और इसके लिये शुक्रवार को इटली के खिलाफ सेमीफाइनल जीतना पहला कदम होगा। बता दें कि एफआईएच महिला और पुरूष विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा । भारतीय महिला हॉकी टीम पूल बी में तीन मैचों में सात अंक लेकर शीर्ष पर रही। स्कॉटलैंड के भी सात अंक थे लेकिन गोल औसत में पिछड़ने के कारण वह दूसरे स्थान पर है। भारत ने पूल चरण में दो मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। इटली पूल ए में दूसरे स्थान पर रही जिसने एक मैच जीता , एक ड्रॉ खेला और एक गंवाया । भारत के लिये फॉरवर्ड नवनीत कौर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है जो अब तक चार गोल कर चुकी हैं। उन्होंने वेल्स के खिलाफ आखिरी पूल मैच में हैट्रिक लगाई थी।


■ भारतीय महिला हॉकी टीम का मुकाबला आज इटली से

**भारत और पाकिस्तान का हाईवोल्टेज मुकाबला 14 जून को**

# अब महिला टीम की जिम्मेदारी टी-20 विश्व कप भारत लाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने पूरी दुनिया की क्रिकेट टीमों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए टी-20 विश्व कप पर कब्जा जमाकर पूरे देश को गौरवन्वित कर दिया। अब महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड की मेजबानी में होने जा रहा है और पूरे देश को महिला क्रिकेट टीम पर पूरा भरोसा है कि वह विश्व कप ट्रॉफी भारत लेकर आएगी। ऐसे में अब महिला क्रिकेटरों की जवाबदारी बन जाती है कि वे अच्छे खेल का प्रदर्शन कर एक बार फिर देश को गौरवान्वित कर पूरी दुनिया में भारतीय क्रिकेट का परचम लहराएं। महिला टी-20 विश्व कप 2026 के शेड्यूल का इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ऐलान कर दिया है। इसकी शुरुआत 12 जून से होगी और कुल 33 मैच खेले जाएंगे।




इस टूर्नामेंट में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड ने महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर से अपनी जगह बनाई है। पहला मुकाबला इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में होगा। ये टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। पिछला टी-20 विश्व कप साल 2024 में खेला गया था, फाइनल में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया ने 6 बार ये ट्रॉफी जीती है।

## 1902 में खेला गया द.अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट

# साल 2018 के बाद पहली बार दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 3 मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने दक्षिण अफ्रीका जाएगी। साल 2018 के बाद ये पहला मौका होगा जब कंगारू टीम दक्षिण अफ्रीका में कोई टेस्ट सीरीज खेलेगी। 8 साल पहले हुई टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के कुछ खिलाड़ियों ने केपटाउन टेस्ट के दौरान बॉल-टेंपरिंग की थी। उस सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम कभी भी दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं खेली।

### टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 1902 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच 102 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान 54 मुकाबलों में कंगारू टीम जीत दर्ज करने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका ने 27 मैच जीते हैं। 21 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका में अब तक 54 मुकाबले हुए हैं। 29 मैच में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है और 16 मुकाबले दक्षिण अफ्रीका ने जीते हैं। 9 मैच ड्रॉ रहे हैं।




### वनडे क्रिकेट में दोनों टीमों के आंकड़े

वनडे क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच अब तक 113 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान 52 मैच में कंगारू टीम को जीत मिली है। 57 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। तीन मैच टाई रहे और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। दक्षिण अफ्रीका में दोनों टीमों के बीच 51 मुकाबले हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 22 मैच जीते हैं और 28 मैच में उसे हार मिली है। एक मैच टाई पर समाप्त हुआ है।

### ऐसा है पूरे सीरीज का शेड्यूल

वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 24 सितंबर को डरबन में होगा। इसके बाद दूसरा मैच जोहान्सबर्ग में 27 सितंबर को खेला जाएगा। पोटचेफस्ट्रूम में आखिरी वनडे 30 सितंबर को होगा। वहीं, सीरीज का पहला टेस्ट मैच 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक किंग्समीड स्टेडियम, डरबन में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट सेंट जॉर्ज पार्क, ग्केबेरहा में 18 से 22 अक्टूबर तक होगा। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 27 से 31 अक्टूबर तक न्यूलैंड्स, केपटाउन में खेला जाएगा।

**क्या था बॉल टेंपरिंग का मामला?**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में तीसरे दिन कैमरून बैनक्रॉफ्ट बॉल टेंपरिंग करते हुए पकड़े गए थे। बैनक्रॉफ्ट को मैच के दौरान अपनी पैंट से पीले रंग की चीज निकालते देखा गया था। टीवी रीप्ले में देखा गया कि बैनक्रॉफ्ट ने गेंद का शेप बिगाड़ने के लिए टेप जैसी किसी चीज का इस्तेमाल किया।





# हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी को दिए कार्रवाई के निर्देश

# सरकारी अधिवक्ताओं की सूची का पुनरीक्षण व काबिलियत की जांच करें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक आपराधिक प्रकरण की सुनवाई के दौरान सरकारी वकील के बिना तैयारी के हाजिर होने पर कड़ी नाराजगी जताई। सरकारी वकील कमल सिंह बघेल ने सुनवाई से पहले केस की तैयारी नहीं की थी। उन्होंने कोर्ट के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की डिवीजन बेंच ने कहा कि राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके वकील कोर्ट की मदद करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। कोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी को कहा कि वे इस मामले में कार्रवाई करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि सरकारी अधिवक्ताओं की सूची का पुनरीक्षण करें और वकीलों की काबिलियत की जांच करें, ताकि वे अन्य बातों की बजाय कोर्ट की मदद कर सकें। सिंगरौली निवासी बच्चे बसोर, शोभना बसोर सहित अन्य को बैढ़न की कोर्ट ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास सहित अन्य सजाएं सुनाई थीं। उन्होंने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील पेश की थी। अपीलार्थियों ने जमानत के लिए आवेदन भी पेश किया था। शोभना की ओर से दलील दी गई कि उसका नाम एफआईआर में नहीं है, फिर भी उन्हें आरोपी बनाया गया। कोर्ट ने शोभना को जमानत दे दी। वहीं बच्चेलाल के पास से खून से लथपथ लाठी मिली थी। कोर्ट ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया।



## पत्नी की शिकायत पर गई थी नौकरी, सेवा में वापस लेने का आदेश

### हाईकोर्ट ने सेवा से बर्खास्तगी का आदेश अनुचित पाया

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने न्यायिक कर्मी को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश अनुचित पाया। प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने इसी के साथ कर्मी को नौकरी पर वापस लेने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया।याचिकाकर्ता ग्वालियर निवासी आकाश चौहान की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता ने 2010 में अदालत में सहायक ग्रेड-थ्री की नौकरी हासिल की थी। उसने आवेदन-प्रपत्र में पत्नी के साथ चल रहे प्रकरणों का जिक्र नहीं किया था। नौकरी मिलने के बाद पत्नी के साथ सिविल व क्रिमनल केस का उल्लेख कर दिया। दरअसल, पत्नी दुर्भावनावश सिविल व क्रिमनल केस दायर कर रही थी। वह बार-बार शिकायत कर परेशान कर रही थी। शिकायतों के आधार पर हुई जांच में हर बार याचिकाकर्ता निर्दोष साबित हुआ। जब हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश से शिकायत की गई, तो विभागीय जांच के बाद सेवा समाप्त करने का आदेश पारित कर दिया गया। रिव्यू और अपील में भी याचिकाकर्ता के विरुद्ध आदेश आया। लिहाजा, 2017 में हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि नो वर्क-नो पे के सिद्धांत अनुरूप याचिकाकर्ता को पिछला वेतन नहीं दिया जाएगा। किंतु सेवा में वापस लेकर समस्त लाभ प्रदान किए जाएंगे।

## एमबीए के 29 छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें

### -हाईकोर्ट का राहतकारी आदेश

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने एमबीए के 29 छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का राहतकारी आदेश पारित किया है। प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने यह निर्देश दिया। मामला एमबीए सत्र 2025-26 की काउंसलिंग से संबंधित है।याचिकाकर्ता निजी महाविद्यालय ( राम राजा कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट , भोपाल )की ओर से कोर्ट को बताया गया कि तकनीकी शिक्षा संचालनालय, भोपाल के पोर्टल में तकनीकी त्रुटि अंतर्गत ओटीपी प्राप्त न होने के कारण 42 छात्रों को नान-रिपोर्टेड दर्शा दिया गया था। दरअसल, याचिकाकर्ता महाविद्यालय को 11 सितंबर, 2025 को ही संबद्धता प्राप्त हुई थी। साथ ही 13 सितंबर, 2025 को काउंसलिंग सूची में शामिल किया गया। इस वजह से महज एक दिन का समय शेष रह गया था। इस दौरान 42 छात्रों के दस्तावेज सत्यापन हेतु आवश्यक ओटीपी प्राप्त नहीं हुआ। राज्य की ओर से उपमहाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी व एआइसीटीई की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार चौरसिया उपस्थित रहे। राज्य ने किसी तकनीकी त्रुटि से इनकार किया और बताया कि 15 छात्रों का प्रवेश सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया था। हाई कोर्ट ने तथ्यों पर विचार करते हुए पाया कि महाविद्यालय को अत्यंत कम समय में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी थी।

# जिले की 4 तहसीलों में मिले आयरन-ओर के भंडार

## खनन शुरु होने पर बढ़ेगा जिले का राजस्व

**जबलपुर।** जिले की मझौली, सिहोरा और पनागर तहसीलों में 1081 हेक्टेयर क्षेत्र में मिले आयरन ओर के बड़े भंडार से अब जबलपुर को सीधे आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। खनिज विभाग के अनुमान के मुताबिक यहां 10 लाख टन से अधिक लौह अयस्क होने की संभावना है। यदि खनन शुरू होता है, तो इसका सीधा असर जिले के राजस्व, रोजगार और विकास योजनाओं पर पड़ेगा।खनिज बाजार की औसत दरों के आधार पर 10 लाख टन आयरन ओर की अनुमानित कीमत 400 से 600 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। यह पूरी राशि सरकार को नहीं मिलती, लेकिन इससे मिलने वाली रॉयल्टी, नीलामी प्रीमियम और अन्य करों का बड़ा हिस्सा राज्य के माध्यम से जिले तक पहुंचता है।

### जबलपुर को कैसे होगा फायदा?

जानकारों का कहना है कि उत्पादन शुरू होने पर राज्य सरकार को रॉयल्टी मिलेगी, जिसका हिस्सा जिला योजनाओं में भी उपयोग हो सकता है। खनन से मिलने वाली राशि का एक हिस्सा जिला खनिज फाउंडेशन में जमा होता है। यह फंड खनन प्रभावित गांवों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कार्यों पर खर्च किया जाता है। अनुमान है कि बड़े पैमाने पर खनन शुरू होने पर डीएमएफ में हर साल करोड़ों रुपये आ सकते हैं। खदान संचालन, परिवहन और मशीनरी कार्यों में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

### 14 गांवों को होगा सीधा फायदा

खनिज क्षेत्र मझौली, सिहोरा और पनागर के 14 गांवों में फैला है। सबसे बड़ा 936 हेक्टेयर का ब्लॉक मझौली के दर्शनी गांव में मिला है। यदि नीलामी प्रक्रिया पूरी होती है, तो इन क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधि बढ़ेगी, लेकिन साथ ही पर्यावरण और बुनियादी ढांचे पर दबाव भी बढ़ सकता है।

### 42 खदानें पहले से

जबलपुर पहले ही प्रदेश का प्रमुख आयरन ओर उत्पादक जिला है। यहां 42 छोटी-बड़ी खदानें संचालित हैं, जिनमें 35 आयरन ओर की हैं। अब इतने बड़े नए ब्लॉक मिलने से जिले की खनन क्षमता और बढ़ सकती है।फिलहाल सीमांकन और नीलामी प्रक्रिया जारी है। अंतिम राजस्व इस बात पर निर्भर करेगा कि नीलामी में कितनी ऊंची बोली लगती है और उत्पादन किस स्तर पर होता है।

फिलहाल इतना तय है कि यदि प्रक्रिया समय पर पूरी हुई, तो यह खोज जबलपुर के लिए आर्थिक रूप से बड़ा अवसर साबित हो सकती है शर्त यह है कि खनन पारदर्शी ढंग से हो और स्थानीय विकास को प्राथमिकता दी जाए।



# कुख्यात चूना सहित 5 सटोरिए गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच के साथ तीन थानों की पुलिस टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर कुख्यात सटोरिए रीतेश चौकसे उर्फ चूना सहित 5 सटोरियों को गिरफ्तार कर 31 हजार 640 रुपये नगद, सट्टा पट्टी, रसीद बुक और कैलकुलेटर सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक केण्ट थाना क्षेत्र के गली नंबर 16 सदर में पुलिस ने 36 वर्षीय रीतेश उर्फ चूना चौकसे को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से सट्टा पट्टी, फाड़ी गई पर्चियों के टुकड़े और 13 हजार 510 रुपये नगद बरामद हुए। आरोपी के विरुद्ध सट्टा एक्ट की धारा 4(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ पहले से 39 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसी तरह बेलबाग थाना क्षेत्र में भानतलैया पानी की टंकी के पास 19 वर्षीय रोहित सोनकर को सट्टा लिखते पकड़ा गया। उसके पास से सट्टा रसीद बुक और 7 हजार 100 रुपये नगद जब्त किए गए। पूछताछ में उसने 45 वर्षीय शेखर सोनकर के कहने पर सट्टा लिखना स्वीकार किया, जिसके बाद शेखर को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध सट्टा एक्ट एवं बीएनएस की धारा 109 के तहत कार्रवाई की गई। शेखर के खिलाफ पूर्व से 16 अपराध दर्ज हैं।

इसी प्रकार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पावर हाउस इंदिरा मार्केट में 36 वर्षीय निखिल सोनकर को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया, जिसके पास से 9 हजार 30 रुपये और अन्य सामग्री जब्त हुई। वहीं 45 वर्षीय कमलेश सेन और 34 वर्षीय अशोक कलार को भी सट्टा लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। इनके पास से क्रमशः 870 रुपये और 1 हजार 130 रुपये नगद बरामद किए गए।तीनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध सट्टा एक्ट की धारा 4(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

**31 हजार 640 रुपए नगद सट्टा पट्टी रसीद बुक जब्त**

# अवैध कालोनाईजर पर ईओडब्ल्यू का शिकंजा

## बिल्डर पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जबलपुर।** राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने शासन को लाखों रुपये की राजस्व क्षति पहुँचाने के मामले में एक रसूखदार कालोनाईजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। विभाग ने शिकायतों के आधार पर ग्राम भड़पुरा में बिना किसी वैधानिक अनुमति के रघुकुल वैली नाम से एक अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस पूरी प्रक्रिया में नियमों को ताक पर रखा गया और शासन को देय अनिवार्य शुल्कों की चोरी की गई। इस अवैध निर्माण और शासन की अनुमति की अनदेखी के चलते राज्य सरकार को लगभग 98 लाख रुपये की बड़ी आर्थिक हानि हुई है। इस गंभीर मामले में आरोपी बिल्डर अकुल पाण्डेय के विरुद्ध धारा 420 भारतीय दंड विधान के तहत अपराध दर्ज किया गया है।आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की प्रारंभिक जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि आरोपी द्वारा ग्राम भड़पुरा के खसरा नंबर 103, 104, 105/1 और 105/2 की भूमि पर रघुकुल वैली नामक कॉलोनी विकसित की जा रही थी। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग यानी टीएनसीपी जबलपुर के आधिकारिक अभिलेखों और मास्टर प्लान के नियमों के अनुसार यह संपूर्ण भूमि भेड़ाघाट विकास योजना-2021 के अंतर्गत केवल कृषि भूमि के रूप में दर्ज है। नियमों के अनुसार ऐसी कृषि भूमि पर किसी भी प्रकार की आवासीय कॉलोनी के निर्माण की अनुमति कतई नहीं दी जा सकती है। इसके बावजूद आरोपी ने शासन के कड़े नियमों की परवाह न करते हुए बिना किसी विकास अनुज्ञा और बिना किसी सक्षम अधिकारी से स्वीकृत ले-आउट के ही कॉलोनी का निर्माण कार्य बड़े स्तर पर शुरू कर दिया।

# रेलवे स्टेशन में बिजली उपकरणों से बनेगा खाना

### गैस संकटः आईआरसीटीसी ने जारी की नई एडवाइजरी

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे और पर्यटन निगम ने जबलपुर समेत देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्थित कैटरिंग स्टालों और बेस किचन के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधा के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी देखी जा रही है। इस संकट से निपटने के लिए आईआरसीटीसी ने सभी स्टेटिक कैटरिंग संचालकों को खाना पकाने के लिए गैस के बजाय इंडक्शन, माइक्रोवेव और अन्य बिजली उपकरणों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण भारत में कमर्शियल एलपीजी की उपलब्धता पर असर पड़ा है। मार्च 2026 के इस दौर में कई शहरों में सिलेंडरों की वेटिंग लिस्ट बढ़ गई है। रेलवे जैसे सार्वजनिक परिवहन केंद्रों पर भोजन की निरंतरता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया है।

# शादी का निमंत्रण डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक

## सायबर ठगों ने एपीके फाईल भेजकर खोजा नया

**जबलपुर।** सायबर ठगो ने लोगों को निशाना बनाने के लिए एक नया तरीका ईजाद किया है। व्हाटसएप ग्रुप में शादी के निमंत्रण के बहाने एपीके फाईल भेजते है, जैसे ही कोई इस डाउनलोड करता है तो उसका मोबाइल हैक हो जाता है और फिर उसी के मोबाइल से अन्य लोगों को यह निमंत्रण फाईल भेजी जाती है। इस तरह की एक संदिग्ध फाइल हाल ही में कई लोगों के मोबाइल पर पहुंची, जिससे सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस एक एपीके फाइल शादी के निमंत्रण कार्ड के नाम से व्हाट्सएप पर भेजी गई। बताया गया कि यह फाइल पहले होमगार्ड से जुड़े ब्रजेश चौबे के मोबाइल से उनके परिचितों तक पहुंची। बाद में पता चला कि उनका मोबाइल हैक हो गया था और उसी के जरिए यह फाइल अन्य लोगों को भेजी जा रही थी।

इसी तरह निरंदपुर निवासी शिवम परिहार ने भी बताया कि भाजपा पश्चिम मंडल पनागर के व्हाट्सएप ग्रुप में भी शादी के निमंत्रण के नाम से यही एपीके फाइल भेजी गई थी। ग्रुप के कुछ सदस्यों ने फाइल को संदिग्ध मानते हुए उसे डाउनलोड नहीं किया और अन्य लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी।

# मैहर स्टेशन पर 15 ट्रेने हाल्ट करेगी

## नवरात्र पर रेल प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय




**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहार चैत्र नवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 15 जोड़ी रेलगाड़ियों का मैहर स्टेशन पर दिनांक 19 मार्च से 01 अप्रैल तक 5 मिनट का अस्थाई हाल्ट प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे दिनाँक 18 मार्च से 30 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे दिनाँक 20 मार्च से 01 अप्रैल 2026 तक।

गाड़ी संख्या 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे दिनाँक 19 मार्च से 31 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे दिनाँक 19 मार्च से 30 मार्च 2026 तक। गाड़ी संख्या 12669 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:50/20:55 बजे दिनाँक 21 मार्च से 30 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12670 छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 07:25/07:30 बजे 18 मार्च से 30 मार्च तक।

गाड़ी संख्या 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 15:05/15:10 बजे दिनाँक 21 मार्च से 28 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:40/11:45 बजे दिनाँक 23 मार्च से 30 मार्च तक।गाड़ी संख्या 11045 श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 17:20/17:25 बजे दिनाँक 20 मार्च से 27 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11046 धनबाद-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 22:25/22:30 बजे दिनाँक 23 मार्च से 30 मार्च तक। गाड़ी संख्या 15268 एलएलटी-रक्सौल एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे दिनाँक 23 मार्च से 30 मार्च तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15267 रक्सौल-एलएलटी एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:25/11:30 बजे दिनाँक 21मार्च से 28 मार्च तक। गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 05:35/05:40 बजे दिनाँक 18.03.2026 से 28.03.2026 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18202 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्यात्रि 01:55/02:00 बजे दिनाँक 20.03.2026 से 29.03.2026 तक। गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:05/11:10 बजे दिनाँक 19.03.2026 से 26.03.2026 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय भोर 04:20/04:25 बजे दिनाँक 21.03.2026 से 28.03.2026 तक।

गाड़ी संख्या 17610 पूर्णा-पटना एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे दिनाँक 19.03.2026 से 26.03.2026 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सायं 17:15/17:20 बजे दिनाँक 21.03.2026 से 28.03.2026 तक।

गाड़ी संख्या 22103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 06:45/06:50 बजे दिनाँक 23.03.2026 से 30.03.2026 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22104 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 08:50/08:55 बजे दिनाँक 24.03.2026 से 31.03.2026 तक।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर ( मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर ( मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240